

बा बा तों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

" बड़ों की इज्जत इसलिए करो, क्योंकि उनकी अच्छाईयां हमसे ज्यादा हैं और छोटो से प्यार इसलिए करो, क्योंकि उनके गुनाह हमसे कम हैं। "

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



सच्चे इंसान गलती कर सकते हैं, लेकिन किसी के साथ गलत नहीं कर सकते।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 17 सितंबर, 2025 | अश्विन कृष्ण पक्षः एकादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 257 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## देहरादून में बादल फटा, शिमला में लैंडस्लाइड; मंडी में डूबीं बसें



मंडी मकान ढहने से एक ही परिवार के 5 लोग दबे, 3 की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**देहरादून, शिमला।** उत्तर भारत में भारी बारिश ने एक बार फिर तबाही मचा दी। उत्तराखंड के देहरादून में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सहस्त्रधारा पर बादल फटने से बाढ़ आ गई, जिससे दुकानें बह गई और कई लोग लापता हो गए। वहीं, वही हिमाचल के शिमला के पंथाघाटी में पांच मंजिला बिल्डिंग के आगे लगी सेफ्टी-वॉल भरभराकर गिर गई। इससे बिल्डिंग को खतरा पैदा हो गया। उधर, मंडी के निहरी के ब्रगटा गांव में लैंडस्लाइड से मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। मंडी के दरंग में भी सुबह मंदिर से लौट रहे दो चचेरे भाई सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

मंडी के धर्मपुर में भी बीती रात भारी बारिश के बाद सोन खड्ड (नाले) में खूब तबाही मचाई। तेज बारिश के बाद नाले में बाढ़ से बस-स्टैंड में पार्क कई सरकारी बसें पानी के तेज बहाव में बहीं। कई बसों पलट गई। इससे 10 बसों और 15 से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। एसएचओ धर्मपुर विनोद ने बताया कि ट्रैवलर ड्राइवर और एक मेडिकल स्टोर संचालक अभी लापता है।

मंडी जिले में सोमवार रात को भारी बारिश होने से तबाही का मंजर देखने को मिला है। सबसे ज्यादा नुकसान धर्मपुर बाजार में देखने को मिला। इस जिले के कई क्षेत्रों में चारों तरफ पानी ही पानी है। जिले में भारी बारिश होने से सोन खड्डु में खड़ी एचआरटीसी और अन्य गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। इस बस स्टैंड में खड़ी निगम की बसें पानी में डूब गई और कुछ बसें पानी के बहाव के साथ बह गई। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।

## हरियाणा में डेढ दशक बाद होंगे ओलंपिक गेम्स

**चंडीगढ़, 16 सितंबर (अप्रस)।** हरियाणा में करीब 15 साल बाद राज्य में हरियाणा ओलंपिक गेम्स आयोजित होने जा रहे हैं। मंगलवार को हरियाणा ओलंपिक संघ (एचओए) के अध्यक्ष कप्तान जसविंद्र मीनू बेनीवाल और प्रधान महासचिव व कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर गेम्स की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुलाकात के बाद कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नवंबर महीने में गेम्स कराने पर सहमति दे दी है। उन्होंने बताया कि इस बार मुख्यमंत्री खुद हरियाणा ओलंपिक गेम्स का उद्घाटन करेंगे। खेलों में फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए हरियाणा ओलंपिक संघ ने बड़ा निर्णय लिया है। अब खिलाडियों को मिलने वाले खेल सर्टिफिकेट पर उनके माता-पिता का नाम, आधार कार्ड नंबर और जन्मतिथि अंकित होगी। इससे प्रमाण पत्र के गलत इस्तेमाल की संभावना खत्म हो जाएगी और वास्तविक खिलाडियों को ही लाभ मिलेगा। पंवार ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत 75 गांवों में व्यायामशालाएं शुरू की जाएंगी। सिर्फ व्यायामशालाएं ही नहीं, बल्कि 75 गांवों में इंडोर स्टेडियम बनाने की दिशा में कदम बढ़ेंगे।

ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल ने कहा कि करीब 15 साल बाद होने जा रहे हरियाणा ओलंपिक गेम्स से युवाओं में खेलों के प्रति नया जोश और उत्साह देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से राज्यभर के खिलाडियों को प्रतियोगिता का बड़ा मंच मिलेगा और उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आएगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में होने जा रहे इस आयोजन को लेकर खिलाडियों और खेल संघों में उत्साह है। नवंबर में प्रस्तावित हरियाणा ओलंपिक गेम्स न केवल खेल जगत का बड़ा उत्सव होंगे, बल्कि यह आयोजन राज्य सरकार की खेलो हरियाणा-बढ़ो आगे' की सोच को भी मजबूती देगा।


## दिविता की हीर एक्सप्रेस ने बिखेरा जादू, माता-पिता, दादा-दादी पूरे परिवार के साथ लोग आ रहे हैं सिनेमा

बच्चे स्कूल से तो दादा-दादी मंदिर-गुरुद्वारे से सीधे पहुंच रहे हैं थिएटर। निर्देशक का दावा, साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म ने खींचा पूरे परिवार का ध्यान। हीर एक्सप्रैस ने पकड़ ली है तेज़ रफ्तार, लोगों ने कहा असली फैमिली मूवी। फिल्म मेकर्स के मूवी बोनांज़ा ऑफर्स ने राह बनाई आसान।

चंडीगढ़। बॉलीवुड की नई फैमिली एंटरटेनर 'हीर एक्सप्रेस' के सिनेमाघरों में चल रहे सैंकड़ों हाउसफुल शो इस बात का सबूत हैं कि यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। कहा जा रहा है कि 25-30 सालों बाद ऐसी फिल्म आई है जिसे पूरा परिवार मिलकर देख रहा है। फिल्म में न गालियाँ हैं न कोई वल्गैरिटी और न ही कोई दिखावा। लेकिन परिवार का आपसी प्यार, इमोशंस और रिश्तों की गर्माहट से भरपूर है। थिएटरों में एक साथ तीन पीढ़ियाँ बच्चे, माता-पिता और बुजुर्ग, फिल्म का आनंद ले रहे हैं। फिल्म देखने आए कई बुजुर्ग दर्शकों ने कहा कि हम तो सत्संग से सीधे थिएटर आ गए और साथ ही अपने पोते-पोतियों को भी फिल्म दिखाने लाएं हैं। उनका कहना था कि आजकल ऐसी साफ-सुथरी फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं और हीर एक्सप्रेस देखना सच में दिल को सुकून दे गया है।

फिल्म की सबसे बड़ी चर्चा इसकी हीरोइन दिविता जुनेजा को लेकर है। डेब्यू फिल्म में ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। कई कॉलेज स्टूडेंटस ने कहा कि दिविता हमारी रोल माडल बन गई हैं। जिस तरह उन्होंने संघर्ष, परिवार और समाज के




बीच अपने सपनों को पूरा किया, वही हमें भी अपनी लाइफ में करना है।

फिल्म समीक्षकों का मानना है कि दिविता का यह डेब्यू आने वाले समय में साल का सबसे यादगार डेब्यू साबित होगा। दर्शकों की तालियाँ और उनका उत्साह दिविता जुनेजा की लोकप्रियता का सबूत है। कइयों ने कहा कि यह फिल्म हर परिवार को देखनी चाहिए क्योंकि यह फिल्म आज की पीढ़ी को अपने संस्कार और रिश्तों की अहमियत सिखाती है। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट हो चुके हैं। फिल्म की मजबूत कास्टिंग भी इसकी ताकत बनी। दिविता जुनेजा की दमदार एक्टिंग के साथ आशुतोष राणा की इमोशनल एक्टिंग ने लोगों की आँखें नम कर दीं, जबकि प्रीत कमानी, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा, मेघना मलिक प्रीत कमानी और विदेशी कलाकारों ने भी अपने-अपने रोल में जान डाल दी।

डायरेक्टर उमेश शुक्ला को दर्शक 'फैमिली सिनेमा का उस्ताद' कह रहे हैं। 'ओह मॉय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी हिट्स देने के बाद उन्होंने 'हीर एक्सप्रेस' के जरिए एक माइलस्टोन फिल्म दी है। वहीं कई अन्य दर्शकों ने अपनी प्रतिक्रियाएँ देते हुए कहा कि ऐसा लगा जैसे हम फिल्म में ही गुम हो गए हों। दिविता जुनेजा की सादगी और दमदार अभिनय ने दिल जीत लिया। एक महिला दर्शक ने कहा कि मैं अपनी बेटियों और मम्मी-पापा को लेकर आई हूं, सभी को मूवी बहुत अच्छी लगी। - विज्ञापन





# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मानवीय सेहत व पशुओं की तंदुरुस्ती के लिए प्रशासन को सीएम के सख्त निर्देश

**भगवंत मान की ओर से लोगों को अधिकतम राहत देने के लिए बेहतर अंतर-विभागीय समन्वय के आदेश**

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग को बाढ़ प्रभावित जिलों में लोगों को स्वास्थ्य जांच और इलाज के मामले में राहत देने के लिए अपने प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

यहां आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि इन बाढ़ों के कारण राज्य के कई जिलों में व्यापक नुकसान हुआ है और अब जब पानी उतरना शुरू हो गया है, तो मनुष्यों और पशुओं में बीमारियों के फैलने का खतरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहले से ही मनुष्यों और पशुओं में बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविरों से अब तक लगभग 1.50 लाख लोगों को लाभ पहुंचा है। इन शिविरों में बुखार, दस्त, त्वचा के संक्रमण और अन्य बीमारियों का बड़े पैमाने पर पता चला है।

मुख्य मंत्री ने कहा कि बाढ़ के बाद उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में 14 सितंबर को एक विशेष स्वास्थ्य देखभाल अभियान शुरू किया गया, जिसमें बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियां, संक्रामक रोग, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को बीमारियों से बचाना शामिल है। इसके अलावा, बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करना है। इसके तहत सभी प्रभावित 2303 गांवों में तीन दिनों के दौरान मेडिकल जांच शिविर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में डॉक्टर, पैरा-मेडिकल टीमें, सहयोगी स्टाफ के साथ-साथ आवश्यक दवाएं और अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसी तरह प्रत्येक आशा कार्यकर्ता अपने गांव के प्रत्येक घर में जा रही है और अब तक लगभग 2.47 लाख घरों तक पहुंच स्थापित की जा चुकी है।

मुख्य मंत्री ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य किट वितरित की गई हैं, जिनमें ओ.आर.एस., मच्छर मारने की दवा, पैरासिटामोल, सिट्राज़िन, क्लोरीन की गोलियां, साबुन और अन्य बुनियादी चिकित्सा सहायता सामग्री शामिल है। इसका लक्ष्य 20 सितंबर 2025 तक प्रत्येक घर तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी गांवों को कवर करने के उद्देश्य से 21 दिनों तक फॉगिंग और मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसके तहत घर-घर जाकर मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच की जाएगी और जहां लार्वा मिलेगा, वहां तुरंत छिड़काव करवाया जाएगा। जहां मच्छर का लारवा पाया गया है, वहां रोजाना आधार पर छिड़काव करवाया जा रहा है। मुख्य मंत्री ने कहा कि पशुपालन विभाग ने भी पशुओं में बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए जोरदार ढंग से अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि अब तक 14780 पशुओं का इलाज और 48535 पशुओं का मुफ्त टीकाकरण किया जा चुका है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाढ़ में मारे गए पशुओं की लाशों का सुरक्षित और वैज्ञानिक ढंग से निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए मिट्टी और पानी को दूषित होने से बचाया जा सके।

### मुख्य मंत्री ने गांवों, गलियों, तालाबों में बिना किसी देरी के सफाई की आवश्यकता पर दिया जोर

मुख्य मंत्री ने गांवों, गलियों, तालाबों (फिरनी, नालियों, गलियों और अन्य) में बिना किसी देरी के सफाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बाहरी फॉगिंग के साथ-साथ कचरे के प्रबंधन और कूड़े का समय पर निपटारा भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। भगवंत सिंह मान ने प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाने और खड़े पानी की निकासी के साथ-साथ फॉगिंग की वकालत की। मुख्य मंत्री ने कहा कि खेतों और गांवों के आसपास से गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए और मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम, फॉगिंग और सफाई अभियान में ग्राम रोजगार सेवकों को लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई का काम 21 सितंबर तक पूरा होना चाहिए और गांवों में पशुओं के बाड़ों और चारा रखने वाली जगहों की सफाई होनी चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पशुओं की खुरलियों और पानी पीने वाली जगहों की भी उचित सफाई की जा रही है।

# मुख्य सचिव ने डिप्टी कमिश्नरों और नगर निगम कमिश्नरों को आगामी जनगणना हेतु सुचारू तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा द्वारा राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** राज्य में आगामी जनगणना से संबंधित कार्यों की समीक्षा और तैयारियों को सुचारू बनाने के उद्देश्य से पंजाब की राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एस.एल.सी.सी.सी. ) की पहली बैठक आज मुख्य सचिव पंजाब श्री के.ए.पी. सिन्हा की अध्यक्षता में पंजाब सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में बुलाई गई। बैठक में स्थानीय निकाय, राजस्व, ग्रामीण विकास और पंचायत, योजना, वित्त और स्कूल शिक्षा विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों और प्रमुख सचिवों सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा डिप्टी कमिश्नर और नगर निगम कमिश्नर भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस विचार-विमर्श में शामिल हुए।

बैठक के दौरान, स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (ए.सी.एस) को पंजाब में जनगणना संबंधी गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया। पहली बैठक का आयोजन जनगणना संचालन, पंजाब के निदेशक डॉ. नवजोत खोसा द्वारा किया गया, जिन्होंने जनगणना प्रक्रिया, इसके कानूनी ढाँचे, जनगणना कैलेंडर और मौजूदा तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

इस बैठक के मुख्य एजेंडे में नुकतों में सर्कुलर नंबर 1, 2 और 3, ग्रामीण-शहरी वर्गीकरण संबंधी मानदंड, विकास और शहरी समूहिकरण की अवधारणा, नक्शों से संबंधित मुद्दे और चयनित जिलों जालंधर, अमृतसर और मालेरकोटला में डिजिटल जनगणना 2027 के आगामी प्री-टेस्ट पर चर्चा शामिल थी।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने जनगणना से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी डिप्टी कमिश्नरों और नगर निगम कमिश्नरों के पूर्ण सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों को अधिकार क्षेत्र संबंधी रूपरेखा को अंतिम रूप देने और प्रभावी निगरानी हेतु जिला एवं निगम स्तर पर समर्पित जनगणना सेल स्थापित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निदेशालय जनगणना द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि 31 दिसंबर, 2025 तक प्रशासनिक सीमाओं को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। अमृतसर और मालेरकोटला के डिप्टी कमिश्नरों तथा नगर निगम कमिश्नर, जालंधर को डिजिटल जनगणना संबंधी आगामी प्री-टेस्ट गतिविधियों के लिए आवश्यक प्रबंध करने हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए।

इस विचार-विमर्श के दौरान पंजाब में जनगणना को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए समग्र समन्वय और सटीक योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। सभी भागीदारों से अपील की गई कि वे सौंपी गई जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें और जनगणना कैलेंडर के अनुसार तैयारी संबंधी सभी गतिविधियों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

# पंजाब राज्य खाद्य आयोग द्वारा सोशल ऑडिट, बाढ़ के प्रभाव, पोषण योजनाओं और कृषि सामग्री की आपूर्ति पर विस्तृत चर्चा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 सितम्बर।** राज्य में पोषण योजनाओं की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन के उद्देश्य से पंजाब राज्य खाद्य आयोग की बैठक सेक्टर-26, चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय में श्री बाल मुकुंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के एजेंडे में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा मिड-डे मील (प्रधानमंत्री पोषण योजना) के सोशल ऑडिट पर विस्तृत चर्चा शामिल थी। आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 में लागू किए जाने वाले नए अध्ययन परियोजनाओं से संबंधित प्रस्तावों की भी समीक्षा की। इस दौरान समाजिक सुरक्षा विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्रों को हुए नुकसान की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सरकारी स्कूलों के मिड-डे मील प्रबंधकों को भी बाढ़ से प्रभावित स्कूलों की स्थिति की जानकारी साझा करने के लिए कहा गया।

इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग से स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का समुचित अध्ययन करने का आग्रह किया गया। आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि बाढ़ प्रभावित गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी और गेहूँ के बीज, डीएपी, यूरिया तथा अन्य आवश्यक सामग्री की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में कृषि विभाग को पत्र लिखा जाएगा। बैठक में 19 से 21 अगस्त, 2025 तक किए गए तेलंगाना राज्य खाद्य आयोग के अध्ययन दौरे की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान पंजाब की पोषण और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तेलंगाना में अपनाए जा रहे कुछ श्रेष्ठ अभ्यासों को अपनाने के सुझाव दिए गए।

# हैपी फोर्जिंग्ज लिमिटेड पंजाब में 1000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी: संजीव अरोड़ा

**यह निवेश राज्य में 300 से अधिक इंजीनियरों की भर्तियों सहित 2000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करेगा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** पंजाब के औद्योगिक विकास को और प्रोत्साहन देने और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में कारोबार करने को सुगम बनाने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि हैपी फोर्जिंग्स लिमिटेड (एचएफएल) पंजाब के जिला लुधियाना में 1000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। हैपी फोर्जिंग्ज़ लिमिटेड ऑटो और इंजीनियरिंग विशेष उत्पादों के निर्माण में एक प्रमुख इकाई है तथा देश में इंजीनियरिंग मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है।

मीडिया से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एचएफएल कंपनी का काम घरेलू और निर्यात बाजार दोनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की फोर्जिंग और मशीनिंग पर केंद्रित है, जो कि वाणिज्यिक वाहन, यात्री वाहन, कृषि उपकरण, ऑफ हाईवे सेगमेंट, बिजली उत्पादन, रेलवे, तेल और गैस, विंड टरबाइन उद्योगों और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करता है।

दिसंबर 2023 में स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने के बाद, एचएफएल वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10,000 करोड़ रुपए के मार्केट कैपिटलाइजेशन और 1,409 करोड़ रुपए के राजस्व के साथ पंजाब की सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों में से एक बनकर उभरी है।

संजीव अरोड़ा ने बताया कि पंजाब एचएफएल के निर्माण कार्यों का प्रमुख केंद्र है, जिसने 30 जून 2025 तक 1,500 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश से लगभग 4000 लोगों को सीधा रोजगार दिया है। यह कंपनी भारत के साथ-साथ भारत से बाहर भी सभी प्रसिद्ध ओईएम (निम्नलिखित अनुसार )के लिये एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है, जो निम्नलिखित प्रमुख ग्राहकों के साथ वाणिज्यिक वाहन, कृषि उपकरण, ऑफ-हाइवे और औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करती है:-

1. वाणिज्यिक वाहन - अशोक लेलैंड, आयशर, मेरिटर, महिंद्रा।
2. कृषि उपकरण - टैफे, एस्कॉर्ट्स, स्वराज, सोनालीका, जॉन डियर।
3. ऑफ हाईवे - जेसीबी, विप्रो, डाना, हेंड्रिकसन।
4. उद्योग - कमिंस, जेनेरैक, बोनफिग्लिओली, टोयोटा त्सुशो, कोहलर, लिब्हर।

कंपनी की भविष्य की योजना के बारे में जानकारी देते हुए श्री आशीष गर्ग ने कहा कि एचएफएल अपने विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार करने के लिए चरणबद्ध तरीके से 1000 करोड़ रुपए से अधिक का महत्वपूर्ण निवेश करने जा रही है। हालांकि कंपनी को अन्य राज्यों से भी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, लेकिन एचएफएल राज्य सरकार और उसकी नीतियों में पूरा विश्वास रखते हुए पंजाब में ही अपना निवेश जारी रखना चाहती है।

इस महत्वपूर्ण निवेश से राज्य में 300 से अधिक इंजीनियर पदों सहित 2000 से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। इसके अलावा कई सहायक इकाइयों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और स्टील की खपत में वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और सप्लाई चेन को और मजबूती मिलेगी।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 199वें दिन 359 स्थानों पर छापेमारी; 86 नशा तस्कर काबू

**56 एफआईआर दर्ज; 21 किलो हेरोइन और 2 किलो अफीम बरामद**

**नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने 56 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राज़ी किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** प्रदेश में से नशों के पूर्ण खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू किए गए ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 199वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 359 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके उपरांत प्रदेश भर में 75 एफआईआर दर्ज करके 86 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ 199 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 29,804 हो गई है। इन छापेमारियों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे में से 21.1 किलो हेरोइन, 2 किलो अफीम, 254 किलो भुकी, 1156 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 500 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपीज़ को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों विरुद्ध युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमीटी भी बनाई गई है।

इस ऑपरेशन दौरान 68 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1100 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 150 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में छापेमारी की है। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन दौरान पुलिस टीमों ने 395 संदेही व्यक्तियों की जांच भी की है। बताया जाता है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए त्रि-पक्षीय रणनीति- एनफोर्समेंट, डी-अडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) ङ्क लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में आज 56 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।


## DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS DATE:16/09/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BRONCO TUESDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

**1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)**
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs )
B 38034

**2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On 5 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 1000/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,100/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02892 | 12643 | 13643 | 16229 | 16764 | 36128 | 36138 | 52496 | 59316 | 79723 |

**3rd Prize Amount (250) Rs. 5,000/- (On Last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 5,600/- each )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1176 | 2419 | 7142 | 9886 | 9977 |

**4th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1456 | 1474 | 2173 | 3272 | 4211 | 4249 | 5881 | 7284 | 7451 | 8064 |

**5th Prize Amount (500) Rs. 1000/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1784 | 2402 | 2718 | 4036 | 5058 | 5299 | 6957 | 7071 | 7091 | 7832 |

**6th Prize Amount (500) Rs. 500/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0349 | 0986 | 2800 | 3046 | 3063 | 4552 | 5034 | 6640 | 9199 | 9719 |

**7th Prize Amount (40,000) Rs. 100/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 20/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.125/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0000 | 0008 | 0013 | 0019 | 0040 | 0056 | 0068 | 0071 | 0073 | 0075 |
| 0084 | 0106 | 0113 | 0120 | 0124 | 0129 | 0136 | 0150 | 0152 | 0165 |
| 0174 | 0178 | 0179 | 0189 | 0201 | 0205 | 0216 | 0229 | 0245 | 0248 |
| 0249 | 0258 | 0265 | 0297 | 0299 | 0300 | 0305 | 0307 | 0325 | 0332 |
| 0357 | 0358 | 0364 | 0368 | 0379 | 0393 | 0398 | 0412 | 0426 | 0429 |
| 0444 | 0447 | 0460 | 0481 | 0482 | 0484 | 0496 | 0497 | 0505 | 0510 |
| 0512 | 0514 | 0519 | 0542 | 0570 | 0577 | 0583 | 0586 | 0598 | 0627 |
| 0631 | 0633 | 0640 | 0657 | 0683 | 0708 | 0725 | 0728 | 0731 | 0739 |
| 0742 | 0750 | 0757 | 0767 | 0771 | 0789 | 0795 | 0796 | 0799 | 0801 |
| 0804 | 0840 | 0847 | 0860 | 0866 | 0878 | 0886 | 0890 | 0892 | 0894 |
| 0910 | 0914 | 0920 | 0925 | 0940 | 0943 | 0956 | 0967 | 0972 | 0973 |
| 0977 | 0982 | 0991 | 1002 | 1025 | 1028 | 1043 | 1046 | 1048 | 1054 |
| 1059 | 1065 | 1071 | 1075 | 1076 | 1092 | 1093 | 1147 | 1153 | 1168 |
| 1183 | 1188 | 1220 | 1225 | 1227 | 1233 | 1251 | 1253 | 1255 | 1287 |
| 1298 | 1334 | 1337 | 1343 | 1344 | 1349 | 1375 | 1406 | 1414 | 1427 |
| 1433 | 1454 | 1455 | 1463 | 1470 | 1473 | 1501 | 1510 | 1511 | 1530 |
| 1533 | 1535 | 1540 | 1577 | 1580 | 1586 | 1590 | 1597 | 1598 | 1603 |
| 1654 | 1679 | 1682 | 1710 | 1723 | 1728 | 1732 | 1734 | 1743 | 1757 |
| 1770 | 1772 | 1783 | 1793 | 1795 | 1800 | 1810 | 1813 | 1822 | 1828 |
| 1869 | 1871 | 1888 | 1904 | 1908 | 1909 | 1920 | 1923 | 1928 | 1935 |
| 1940 | 1974 | 1993 | 2002 | 2003 | 2004 | 2006 | 2015 | 2033 | 2068 |
| 2070 | 2153 | 2169 | 2179 | 2190 | 2204 | 2216 | 2236 | 2245 | 2248 |
| 2250 | 2268 | 2281 | 2288 | 2300 | 2301 | 2305 | 2325 | 2339 | 2354 |
| 2368 | 2372 | 2373 | 2398 | 2422 | 2424 | 2431 | 2438 | 2440 | 2443 |
| 2459 | 2472 | 2476 | 2479 | 2494 | 2536 | 2543 | 2546 | 2557 | 2565 |
| 2597 | 2598 | 2602 | 2626 | 2648 | 2678 | 2681 | 2727 | 2732 | 2763 |
| 2768 | 2792 | 2803 | 2821 | 2825 | 2853 | 2875 | 2884 | 2904 | 2906 |
| 2910 | 2928 | 2938 | 2975 | 2995 | 3014 | 3015 | 3021 | 3051 | 3056 |
| 3064 | 3067 | 3070 | 3076 | 3078 | 3094 | 3099 | 3102 | 3108 | 3126 |
| 3128 | 3161 | 3163 | 3171 | 3178 | 3179 | 3195 | 3198 | 3241 | 3269 |
| 3271 | 3294 | 3301 | 3302 | 3303 | 3312 | 3313 | 3317 | 3346 | 3357 |
| 3358 | 3376 | 3377 | 3397 | 3437 | 3443 | 3454 | 3464 | 3472 | 3478 |
| 3479 | 3533 | 3563 | 3572 | 3590 | 3592 | 3593 | 3602 | 3604 | 3618 |
| 3621 | 3650 | 3666 | 3684 | 3693 | 3736 | 3738 | 3743 | 3748 | 3753 |
| 3780 | 3786 | 3803 | 3844 | 3863 | 3865 | 3868 | 3920 | 3923 | 3956 |
| 3959 | 3987 | 4012 | 4039 | 4071 | 4072 | 4074 | 4090 | 4114 | 4120 |
| 4148 | 4153 | 4159 | 4173 | 4188 | 4189 | 4200 | 4215 | 4219 | 4223 |
| 4231 | 4243 | 4260 | 4264 | 4277 | 4288 | 4308 | 4311 | 4313 | 4325 |
| 4348 | 4366 | 4376 | 4402 | 4403 | 4407 | 4423 | 4463 | 4467 | 4468 |
| 4470 | 4472 | 4480 | 4482 | 4494 | 4495 | 4501 | 4507 | 4511 | 4550 |
| 4560 | 4568 | 4612 | 4632 | 4644 | 4647 | 4685 | 4699 | 4700 | 4715 |
| 4717 | 4736 | 4738 | 4742 | 4750 | 4767 | 4793 | 4805 | 4809 | 4843 |
| 4880 | 4884 | 4893 | 4921 | 4934 | 4942 | 4944 | 4946 | 4963 | 4992 |
| 5006 | 5007 | 5013 | 5019 | 5020 | 5033 | 5036 | 5041 | 5048 | 5060 |
| 5062 | 5096 | 5101 | 5132 | 5141 | 5143 | 5146 | 5155 | 5184 | 5187 |
| 5194 | 5198 | 5238 | 5242 | 5251 | 5272 | 5290 | 5295 | 5304 | 5307 |
| 5318 | 5349 | 5356 | 5361 | 5363 | 5377 | 5384 | 5411 | 5427 | 5429 |
| 5433 | 5445 | 5461 | 5477 | 5514 | 5533 | 5535 | 5559 | 5565 | 5619 |
| 5633 | 5634 | 5669 | 5686 | 5689 | 5691 | 5694 | 5722 | 5723 | 5736 |
| 5745 | 5746 | 5749 | 5777 | 5779 | 5781 | 5794 | 5801 | 5805 | 5815 |
| 5861 | 5866 | 5883 | 5888 | 5897 | 5900 | 5912 | 5956 | 5957 | 5980 |
| 5986 | 5994 | 5996 | 6008 | 6027 | 6028 | 6052 | 6057 | 6075 | 6077 |
| 6129 | 6142 | 6160 | 6181 | 6185 | 6212 | 6271 | 6278 | 6287 | 6291 |
| 6310 | 6320 | 6326 | 6337 | 6343 | 6371 | 6372 | 6378 | 6381 | 6390 |
| 6399 | 6424 | 6440 | 6449 | 6452 | 6466 | 6479 | 6485 | 6497 | 6498 |
| 6505 | 6533 | 6545 | 6553 | 6562 | 6566 | 6601 | 6632 | 6637 | 6653 |
| 6692 | 6711 | 6714 | 6727 | 6754 | 6756 | 6775 | 6779 | 6782 | 6797 |
| 6799 | 6808 | 6819 | 6834 | 6869 | 6870 | 6872 | 6918 | 6929 | 6932 |
| 6944 | 6955 | 6964 | 6985 | 7016 | 7035 | 7040 | 7060 | 7074 | 7075 |
| 7077 | 7081 | 7108 | 7113 | 7114 | 7138 | 7153 | 7158 | 7174 | 7181 |
| 7188 | 7205 | 7238 | 7250 | 7254 | 7273 | 7280 | 7286 | 7311 | 7312 |
| 7319 | 7328 | 7331 | 7335 | 7347 | 7369 | 7371 | 7409 | 7415 | 7429 |
| 7438 | 7455 | 7464 | 7472 | 7483 | 7493 | 7498 | 7500 | 7501 | 7520 |
| 7527 | 7535 | 7550 | 7570 | 7603 | 7634 | 7643 | 7667 | 7669 | 7691 |
| 7706 | 7723 | 7740 | 7768 | 7771 | 7773 | 7789 | 7796 | 7827 | 7840 |
| 7902 | 7971 | 7980 | 7992 | 8035 | 8041 | 8046 | 8053 | 8057 | 8084 |
| 8091 | 8094 | 8108 | 8135 | 8137 | 8149 | 8150 | 8155 | 8179 | 8180 |
| 8191 | 8217 | 8223 | 8225 | 8227 | 8253 | 8288 | 8297 | 8308 | 8316 |
| 8317 | 8325 | 8334 | 8346 | 8366 | 8376 | 8410 | 8415 | 8418 | 8430 |
| 8451 | 8456 | 8457 | 8494 | 8499 | 8508 | 8516 | 8522 | 8561 | 8562 |
| 8566 | 8581 | 8584 | 8585 | 8588 | 8604 | 8619 | 8631 | 8659 | 8708 |
| 8718 | 8732 | 8741 | 8756 | 8775 | 8779 | 8794 | 8796 | 8801 | 8866 |
| 8878 | 8879 | 8880 | 8909 | 8927 | 8975 | 8980 | 8984 | 9011 | 9019 |
| 9024 | 9036 | 9044 | 9049 | 9070 | 9072 | 9088 | 9099 | 9106 | 9108 |
| 9120 | 9138 | 9141 | 9150 | 9171 | 9191 | 9192 | 9193 | 9238 | 9241 |
| 9247 | 9255 | 9261 | 9266 | 9275 | 9287 | 9295 | 9340 | 9353 | 9393 |
| 9425 | 9433 | 9451 | 9472 | 9481 | 9504 | 9513 | 9515 | 9518 | 9519 |
| 9526 | 9535 | 9540 | 9543 | 9579 | 9589 | 9598 | 9608 | 9626 | 9676 |
| 9703 | 9718 | 9721 | 9723 | 9741 | 9750 | 9763 | 9783 | 9788 | 9795 |
| 9800 | 9813 | 9814 | 9836 | 9850 | 9870 | 9874 | 9940 | 9965 | 9979 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


# लालजीत सिंह भुल्लर ने कैदियों को हुनर सिखाने हेतु 11 जेलों में आई टी आईज का किया उद्घाटन

**कहा-मान सरकार आई टी आई के माध्यम से कैदियों को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर रही है**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** पंजाब के जेल मंत्री स लालजीत सिंह भुल्लर ने आज केंद्रीय जेल श्री गोइंदवाल साहिब में एक महत्वपूर्ण सुधार पहल के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई टी आई ) का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में 11 जेलों में आई टी आईज स्थापित किए गए हैं। समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग के सहयोग से पंजाब जेल विभाग ने 9 केंद्रीय जेल और 2 महिला जेलों में यह आई टी आई स्थापित किए हैं। जेल मंत्री ने कहा कि इस हुनर विकास अभियान के तहत लगभग 2500 कैदी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिनमें से 1000 लम्बे समय के कोर्स करेंगे और 1500 कैदी अल्पकालीन कोर्स में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि ये आई टी आई कैदियों को उनके रिहाई के बाद सम्मानजनक जीवन के लिए तैयार करने के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करेंगे। यह संस्थान प्लंबिंग, इलेक्ट्रिशियन, बेकिंग, वेल्डिंग, लकड़ी का काम, कॉस्मेटोलॉजी, कंप्यूटर तकनीक सहित कई अन्य ट्रेड्स में एक वर्ष के कोर्स उपलब्ध कराएंगे। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि यह पहल कैदियों को रोजगार के हुनर से लैस करके जेलों को केवल दंड केंद्र नहीं, बल्कि सुधार एवं पुनर्वास केंद्र बनाने की कोशिश है। स लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि जेलें बदलाव के केंद्र बनकर कैदियों को मुख्य समाज की मुख्यधारा में पुनः जोड़ने में सशक्त भूमिका निभाएं।



उन्होंने जोर देकर कहा कि जेल के भीतर हुनर सिखाने और शिक्षा प्रदान करने की यह पहल कैदियों के लिए नए भविष्य के रास्ते खोलते हुए पुनः अपराध दर को कम करने में मदद करेगी।


## DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS DATE:16/09/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 MONTHLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

**1st Prize Amount (1) Rs. 10 Lakhs (On 5 digits with series)**
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 11.25 Lakhs )
B 85155

**2nd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.4,600/- each)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2504 | 2605 | 4959 | 9552 | 9988 |

**3rd Prize Amount (50) Rs. 3,000/- (On Last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 3,600/- each )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 0024 | 5515 | 6389 | 7499 | 8559 |

**4th Prize Amount (50) Rs. 1,000/- (On last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.100/-, Total Prize Amount Rs. 1300/- each)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 0444 | 1336 | 2527 | 4906 | 8548 |

**5th Prize Amount (50) Rs. 500/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 650/- each)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2460 | 4304 | 6962 | 7139 | 9997 |

**6th Prize Amount (4000) Rs. 100/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 20/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 10/-, Total Prize Amount Rs.130/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0000 | 0012 | 0016 | 0035 | 0037 | 0039 | 0068 | 0160 | 0179 | 0184 |
| 0187 | 0190 | 0197 | 0198 | 0199 | 0255 | 0258 | 0270 | 0313 | 0407 |
| 0411 | 0413 | 0428 | 0432 | 0474 | 0502 | 0511 | 0524 | 0564 | 0573 |
| 0581 | 0591 | 0597 | 0622 | 0627 | 0639 | 0652 | 0659 | 0685 | 0709 |
| 0724 | 0734 | 0737 | 0758 | 0772 | 0815 | 0826 | 0841 | 0843 | 0865 |
| 0866 | 0882 | 0901 | 0930 | 0941 | 0974 | 0990 | 1023 | 1043 | 1080 |
| 1106 | 1153 | 1197 | 1290 | 1292 | 1323 | 1326 | 1327 | 1329 | 1337 |
| 1347 | 1350 | 1360 | 1387 | 1389 | 1403 | 1428 | 1472 | 1501 | 1538 |
| 1565 | 1573 | 1618 | 1622 | 1625 | 1650 | 1654 | 1657 | 1677 | 1683 |
| 1686 | 1689 | 1693 | 1755 | 1780 | 1783 | 1784 | 1833 | 1836 | 1894 |
| 1905 | 1922 | 2039 | 2042 | 2105 | 2125 | 2135 | 2154 | 2164 | 2207 |
| 2221 | 2264 | 2311 | 2339 | 2354 | 2361 | 2381 | 2385 | 2416 | 2442 |
| 2463 | 2472 | 2478 | 2482 | 2486 | 2522 | 2535 | 2584 | 2610 | 2611 |
| 2656 | 2667 | 2701 | 2707 | 2729 | 2768 | 2782 | 2831 | 2840 | 2867 |
| 2871 | 2885 | 2931 | 2973 | 2977 | 2979 | 3150 | 3152 | 3155 | 3158 |
| 3209 | 3231 | 3267 | 3271 | 3338 | 3339 | 3400 | 3412 | 3425 | 3486 |
| 3516 | 3535 | 3545 | 3563 | 3643 | 3671 | 3781 | 3785 | 3813 | 3817 |
| 3847 | 3906 | 3975 | 4001 | 4075 | 4106 | 4152 | 4222 | 4290 | 4322 |
| 4342 | 4361 | 4385 | 4399 | 4460 | 4473 | 4482 | 4485 | 4502 | 4519 |
| 4543 | 4547 | 4555 | 4578 | 4582 | 4583 | 4599 | 4629 | 4668 | 4669 |
| 4708 | 4710 | 4716 | 4732 | 4779 | 4793 | 4808 | 4829 | 4843 | 4890 |
| 4893 | 4897 | 4925 | 4961 | 4981 | 5070 | 5073 | 5079 | 5113 | 5151 |
| 5181 | 5201 | 5210 | 5233 | 5239 | 5299 | 5397 | 5448 | 5480 | 5483 |
| 5526 | 5618 | 5639 | 5642 | 5661 | 5675 | 5705 | 5712 | 5713 | 5719 |
| 5836 | 5847 | 5850 | 5868 | 5878 | 5888 | 5907 | 5914 | 5916 | 5919 |
| 5964 | 6027 | 6032 | 6044 | 6048 | 6081 | 6088 | 6091 | 6124 | 6152 |
| 6169 | 6213 | 6233 | 6241 | 6248 | 6273 | 6310 | 6324 | 6336 | 6385 |
| 6423 | 6426 | 6510 | 6553 | 6554 | 6601 | 6737 | 6760 | 6775 | 6814 |
| 6852 | 6862 | 6918 | 6926 | 6938 | 7008 | 7066 | 7111 | 7123 | 7132 |
| 7154 | 7159 | 7172 | 7195 | 7199 | 7211 | 7240 | 7341 | 7343 | 7344 |
| 7346 | 7369 | 7405 | 7418 | 7419 | 7540 | 7582 | 7583 | 7601 | 7669 |
| 7717 | 7749 | 7773 | 7781 | 7826 | 7844 | 7886 | 7901 | 7986 | 7991 |
| 7992 | 7998 | 8054 | 8076 | 8090 | 8151 | 8154 | 8220 | 8274 | 8277 |
| 8293 | 8312 | 8320 | 8344 | 8370 | 8377 | 8402 | 8429 | 8450 | 8452 |
| 8454 | 8472 | 8519 | 8540 | 8604 | 8616 | 8651 | 8680 | 8697 | 8710 |
| 8717 | 8732 | 8771 | 8784 | 8801 | 8808 | 8839 | 8871 | 8890 | 8963 |
| 8969 | 9023 | 9024 | 9042 | 9119 | 9142 | 9202 | 9212 | 9257 | 9273 |
| 9301 | 9371 | 9386 | 9395 | 9407 | 9431 | 9435 | 9443 | 9500 | 9526 |
| 9532 | 9544 | 9550 | 9584 | 9627 | 9629 | 9638 | 9709 | 9715 | 9760 |
| 9802 | 9822 | 9830 | 9837 | 9842 | 9866 | 9877 | 9888 | 9914 | 9970 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


# 5जी टेलीकॉम से जुड़ी चोरी पर पुलिस की सख्त कार्रवाई; 61 गिरफ्तार, 95 एफ आई आर दर्ज

**डीआईजी राजपाल संधू की अगुवाई में जांच टीम चोरी के पिछले सभी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए सक्रिय**

**चोरी को अंजाम देने वाले उच्च-मूल्य जीयूटी-1 कार्ड्स को बनाया जा रहा था निशाना, दो मिनट से कम समय में की जाती थी चोरी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** भारती एयरटेल लिमिटेड के 5जी टेलीकॉम आधारभूत संरचना को निशाना बनाकर चल रही चोरी के मामलों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब पुलिस ने राज्य भर में 61 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और 95 एफ आई आर दर्ज की हैं। इस कार्रवाई से दूरसंचार सेवाओं में व्यापक व्यवधान को समाप्त किया गया है।

उच्च-मूल्य 5जी संरचनाओं से जुड़ी चोरी की रिपोर्टों के बाद, पुलिस महानिदेशक (डी जी पी) पंजाब गौरव यादव के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम (एस आई टी) गठित की गई थी। एस आई टी का नेतृत्व डीआईजी राजपाल संधू कर रहे हैं। टीम ने दोषियों को पकड़ने और चोरी हुए उपकरणों की बरामदगी के लिए जिला पुलिस इकाइयों के साथ करीबी तालमेल बनाया। इस संबंधी जानकारी साझा करते हुए एस आई टी के चेयरमैन डीआईजी राजपाल संधू ने बताया कि आरोपियो द्वारा मुख्य रूप से जीयूटी-1 कार्ड्स (बेस बैड यूनिट्स) को निशाना बनाया जा रहा था, जो 4जी और 5जी सिग्नल के संचार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण हैं। उन्होंने कहा कि चोरी की पूरी प्रक्रिया दो मिनट से भी कम समय में अंजाम दी जा रही थी, फिर आरोपी मौके से फरार हो जाते थे।

तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर पंजाब पुलिस ने इन चोरियों में शामिल नेटवर्क्स को सफलतापूर्वक उजागर किया है। डीआईजी ने बताया कि आगे के रिश्तों और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। एस आई टी मामले में संभावित आंतरिक भागीदारी का पता लगाने में भी जुटी हुई है। पंजाब पुलिस ने स्पष्ट किया है कि समाज-विरोधी तत्वों को ऐसी गतिविधियों से तुरंत बाज आने या सख्त कानूनी कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी जाती है। साथ ही, जिला पुलिस बलों द्वारा समर्पित क्रैक टीमों का गठन किया गया है ताकि जांच और गिरफ्तारी की प्रक्रिया और तेज़ हो सके। आगामी समय में और गिरफ्तारीयों की उम्मीद जताई गई है।


भारत सरकार
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष
जब महिलायें होंगी स्वस्थ, तभी तो
परिवार और देश बनेगा सशक्त
स्वस्थ नारी
सशक्त परिवार
अभियान का शुभारंभ
17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025
एवं
पीएम मित्र पार्क, धार
का शिलान्यास
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
के द्वारा
देशभर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन
8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ
PMMVY के अंतर्गत मातृत्व लाभ वितरण
आदि सेवा पर्व का शुभारंभ
एक करोड़ सिकल सेल स्क्रीनिंग काउंसलिंग कार्ड का वितरण
सुमन सखी चैटबॉट का शुभारंभ
'एक बगिया माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध वितरण
17 सितम्बर 2025 | धार, मध्यप्रदेश
DD न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
अभियान की गतिविधियाँ
सभी महिलाओं के लिए
चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाएं
• ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जांच
• कैंसर-मुख / स्तन / ग्रीवा
• गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जांच
• टीकाकरण सेवाएँ / एनीमिया का स्तर
• टेलीमानस सुविधाएँ / टीबी जांच
• सिकल सेल
• विशेष परामर्श
स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच
आसान बनाने के लिए
• मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
• प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
• आयुष्मान वय वंदना कार्ड
• सिकल सेल कार्ड
• आभा आई डी कार्ड पंजीकरण
• पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण
स्वस्थ जीवनशैली और
स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखना
• चीनी और खाद्य तेलों में 10% की कमी के साथ मोटापा कम करना
• स्थानीय और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना
• प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी आचरण
• मासिक धर्म स्वच्छता संवर्धन और पोषण
• टेक होम राशन (THR) का वितरण
नागरिकों की सक्रिय भागीदारी :
रक्तदान शिविर | निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण | अंगदान पंजीकरण
इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महिलायें एवं बच्चे अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से संपर्क करें
#SwasthNariSashaktParivar
CBC 46101/13/0018/2526

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 301 सहायक आचार्य के बीच नियुक्ति पत्र किया वितरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रांची, 16 सितंबर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री सोरेन ने नव नियुक्त प्रशिक्षित सहायक आचार्य गणित और विज्ञान में 131 तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित 170 सहायक आचार्य के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। श्री सोरेन द्वारा इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में सहायक आचार्य पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया था, इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आज 301 सहायक आचार्य की नियुक्ति सुनिश्चित हुई है।

श्री सोरेन ने इस अवसर पर सभी नव-नियुक्त सहायक आचार्यों को शुभकामनाएं दी उन्होने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक, डिग्री आधारित , इंजीनियरिंग, मेडिकल या अन्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकार बेहतर कार्य कर रही है तथा हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

श्री सोरेन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आज लगभग 301 सहायक आचार्य की नियुक्ति की जा रही है, इससे पहले भी नियुक्तियां हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में और 26 हजार शिक्षकों के पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व कितना है, इससे हम सभी भली भांति वाकिफ हैं। हमारे पूर्वज एवं कई माता-पिता ऐसे हैं जिन्होंने पढ़ाई नहीं की लेकिन जीवन में वे काफी व्यावहारिक रहे हैं, उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर अपने इर्द-गिर्द के सभी चीजों को संजोया है, उस समय की शिक्षा पद्धति कुछ और थी। पूर्व के समय से ही बौद्धिक विकास अलग-अलग माध्यमों से होता रहा है। वर्तमान में हमारे बच्चों के बौद्धिक विकास का रास्ता शिक्षा के माध्यम से होकर जाता है वह बिल्कुल अलग है और इसमें लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब बच्चे कॉपी की जगह स्लेट उपयोग करते थे। वर्तमान में सभी चीज डिजिटल हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में ब्लैकबोर्ड की जगह डिजिटल ब्लैकबोर्ड्स आने लगे हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ाने के लिए अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी।

श्री सोरेन ने कहा कि कुछ समस्याओं की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में हम अपेक्षित रूप से बहुत आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इसलिए हम लोगों ने प्रयास किया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जितने भी आयाम जोड़े जा सकते हैं उन्हें जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि क्षिक्षा के क्षेत्र में बेहतर से बेहतर काम किया जा रहा है, आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ सके, इसके लिए हम सबों को बेहतर शिक्षा की ओर आगे बढ़ना होगा।

श्री सोरेन ने कहा कि यदि शिक्षा के क्षेत्र में कमियां रहेगी तो इसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना होगा। उन्होंने कहा ÷आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। अपने पेट का अनाज कम कर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का उदाहरण अपनी नजरों से हम सभी देखते हैं और महसूस भी करते हैं। आप सभी लोगों को सरकार की स्कूलों को चलाने की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। यहां कई चुनौतियां हैं। एक तरफ सरकारी व्यवस्था, दूसरी तरफ निजी विद्यालय। आज शिक्षा के क्षेत्र को आप सभी नव नियुक्त सहायक आचार्य रीढ़ की हड्डी बने, इसके लिये आप सभी का चयन किया गया है।÷

श्री सोरेन ने कहा कि जिस कार्य के लिए आपको पारिश्रमिक मिलेगा वह पैसा आम लोगों का है। आम जनता द्वारा भुगतान किए गए टैक्स की राशि से आपको तनख्वाह दी जाएगी। आने वाले समय में आपका प्रमोशन भी होगा। यदि हम किसी चीज को पाने की इच्छा रखते हैं तो हमें कुछ देने की भी कोशिश करना नितांत आवश्यक है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम अपने कर्तव्य का निर्वहन बेहतर ढंग से करें।

# सरहदी जिलों की जमीन को सिल्ट मुक्त करने हेतु पंजाब ने केंद्र से मदद मांगी




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 16 सितंबर।** हाल ही में आए बाढ़ के कारण पंजाब के 2185 गांवों में लगभग 5 लाख एकड़ क्षेत्र की फसलें बर्बाद होने का हवाला देते हुए पंजाब के कृषि मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियाँ ने केंद्र सरकार से अपील की है कि पंजाब के सरहदी जिलों में कृषि भूमि को सिल्ट मुक्त करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 151 करोड़ रुपये अतिरिक्त वित्तीय सहायता के रूप में तुरंत जारी किए जाएँ।

आज यहाँ पूसा भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित रबी सीजन फसलों संबंधी राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-2025 को संबोधित करते हुए स खुड्डियाँ ने कहा कि हालिया बाढ़ से कृषि योग्य भूमि और खड़ी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचा है। पंजाब के सरहदी जिले अमृतसर, गुरदासपुर, तरनतारन, पठानकोट, कपूरथला, फाजिल्का और फिरोज़पुर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, जहाँ खेतों में 5-5 फुट तक सिल्ट/रेत जमा हो गई है।

उन्होंने कहा कि पंजाबियों ने देश के किसी भी हिस्से में संकट आने पर हमेशा बड़े दिल से मदद की है और अब इन आपदा भरे हालातों से पंजाब को बाहर निकालने के लिए केंद्र को मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए। स खुड्डियाँ ने ज़ोर देकर कहा कि परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए आरकेवीवाई की डीपीआर श्रेणी के तहत यह फंड शीघ्र जारी करना आवश्यक है। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी।

पंजाब के कैबिनेट मंत्री ने यह भी मांग की कि प्रभावित किसानों को 2 लाख क्विंटल गेहूँ का प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाने के लिए सीड विलेज प्रोग्राम के तहत 80 करोड़ रुपये जारी किए जाएँ। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य मिशन के तहत गेहूँ के बीज के लिए अलग से 25 लाख रुपये जारी किए जाएँ ताकि किसानों की मदद हो सके। उन्होंने श्री चौहान से 637 क्विंटल सरसों का प्रमाणित बीज और 375 क्विंटल काले चने का बीज प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने की भी अपील की।

स खुड्डियाँ ने यह भी आग्रह किया कि केंद्र सरकार राज्य की ज़रूरत के अनुसार डीएपी और यूरिया खादों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री से यह भी निवेदन किया कि पंजाब का रोका गया 8000 करोड़ रुपये का ग्रामीण विकास फंड और अन्य फंड तुरंत जारी करने के लिए व्यक्तिगत हस्तक्षेप करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### धान की सरकारी खरीद तुरंत शुरू करवाने की मांग



**ढांड (अप्रस)।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की बैठक युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। कसाना ने कहा कि धान व बाजरे की खरीद में देरी से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इसी मुद्दे को लेकर 18 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की जाएगी और उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 अक्तूबर से धान की खरीद परंपरा चली आ रही है, लेकिन अब जल्दी पकने वाली किस्में बाजार में आ चुकी हैं, इसलिए तुरंत खरीद शुरू की जाए। हर ढेरी की नमी जांच कर स्लिप लगाई जाए और बाहर के शैलरों को भी खरीद की अनुमति मिले। साथ ही जे-फार्म घोटाले पर रोक लगे और किसानों को सही मूल्य मिले। बैठक में जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

### भाविप द्वारा डेंटल चेकअप कैंप आयोजित

**पुंडरी (अप्रस)।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी शाखा ने श्री ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, डीग में नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप लगाया। दशमेश डेंटल क्लिनिक के डॉ. अजय सैनी ने 70 बच्चों और 15 स्टाफ के दाँतों की जाँच कर परामर्श दिया और ब्रश व टूथपेस्ट वितरित किए। बच्चों को दंत स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। अंत में डॉक्टर व स्कूल स्टाफ को सम्मानित किया गया।



### भाजपा प्रवक्ता ने रखा नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पर पक्ष



**कैथल (अप्रस)।** भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता राम राज शर्मा ने कैथल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी.एस.टी. को पारदर्शी, सरल व जनहितैषी बनाने के लिए नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स लाए जा रहे हैं, जो व्यापारियों, उद्योगपतियों व युवाओं को लाभ देंगे। जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल और प्रवक्ता वीरेंद्र बत्रा ने इसे छोटे व्यापारियों और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए महत्वपूर्ण बताया। जिला संयोजक सुरेश गर्ग नॉच ने कहा कि यह सुधार आर्थिक विकास में ऐतिहासिक साबित होंगे।

### डीएवी स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर जीते पदक

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** डीएवी पब्लिक (सी.सै.) विद्यालय नारायणगढ़ के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर (एस.जी.एफ.आई ) खेलों में पदक प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया । अंबाला के राजीव गांधी स्टेडियम में रिधिमा ने अंडर 19 वर्ग में 1500 मीटर और 800 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीत कर पहला स्थान , आदित्य ने (अंडर–19 ) 400 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान और आर्यन ने ( अंडर– 19) डिस्कस थ्रो में सिल्वर पदक जीत कर दूसरा स्थान हासिल किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आर .पी .राठी ने बताया ने तीनों बच्चों और उसके अभिभावकों को इस शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी ।डॉ.राठी ने बताया कि डीएवी विद्यालय , नारायणगढ़ से सदा ही होनहार और प्रतिभावान खिलाड़ियों ने बहुत से खेलों में अपना परचम लहराया है ।विद्यालय को ऐसे विद्यार्थियों पर गर्व है ।स्कूल स्टाफ़ ने रिधिमा , आर्यन और आदित्य को राज्य स्तर पर चयनित होने के लिए शुभकामनाएँ दी।




**सार्वजनिक सूचना**

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष**
**शहरी संपदा का नाम, पंचकूला**

विषय :–सह–आवंटी स्व. श्रीमती पुष्पा रानी मलहोत्रा पत्नी स्व. श्री कृष्ण कुमार मलहोत्रा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर निर्मित मकान सं. 293, सेक्टर 16, शहरी संपदा पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्रीमती पुष्पा रानी मलहोत्रा, जो रिकॉर्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति की सह–आवंटी थी, जिनकी 18.06.2024 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत अथवा अपंजीकृत वसीयत नहीं है, उसने निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी पीछे छोड़े हैं– (1) बबीता खन्ना (पुत्री) (2) सरिता चोपड़ा (पुत्री) (2) शिव मलहोत्रा (पुत्र)। श्री शिव मलहोत्रा पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार मलहोत्रा, निवासी मकान सं. 293, सेक्टर 16, पंचकूला ने कानूनी उत्तराधिकारी के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा मौजूदा सह–स्वामी श्री शिव मलहोत्रा के साथ श्री शिव मलहोत्रा के नाम में पुन :आवंटन/हस्तांतरण के लिए निवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति का हस्तांतरण/पुन :आवंटन की स्वीकृति प्रदान करेगा तथा बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

**कानूनी उत्तराधिकारी :–बबीता खन्ना, सरिता चोपड़ा और शिव मलहोत्रा**
**संपदा अधिकारी की ओर से**

**सार्वजनिक सूचना**

विषयः आवंटी श्रीमति वीर वती देवी पत्नी स्व. जोगिन्दर सिंह की निर्वसीयत मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित संपति / प्लॉट नं. 142, सेक्टर-18, अर्बन एस्टेट, जगाधरी के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण। श्रीमति वीर वती देवी पत्नी स्व. जोगिन्दर सिंह, जो रिकॉर्ड के अनुसार उक्त संपति के आवंटी थी, की 05.01.2023 को मृत्यु हो गई है और उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नही है, अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड गए हैः राजेश राठौर- पुत्र, रविन्दर मोहन राठौर- पुत्र, प्रदीप कुमार राठौर- पुत्र, रेखा राठौर- पुत्रवधु, शिवांगी राठौर- पौत्री और इनके पति जोगिन्दर सिंह की मृत्यु दिनांक 18.04.2024 व एक पुत्र कुलदीप सिंह राठौर की मृत्यु दिनांक 15.03.2017 हो गई है। रविन्दर मोहन राठौर पुत्र स्व. जोगिन्दर सिंह निवासी मकान नं. 134, सेक्टर 17, हुडा, जगाधरी कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपति को अपने पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए आवेदन करना चाहते हैं और रविन्दर मोहन राठौर के नाम पर पुनः आवंटन का अनुरोध करते हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्लॉट / मकान के हस्तांतरण पर आपति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, जगाधरी को लिखित रूप में आपतियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी पॉलिसी के अनुसार उक्त सपति के हस्तांतरण / पुनः आवंटन की अनुमति दे सकता है। और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है।

**रविन्दर मोहन राठौर, कानूनी वारिस**
**संपदा अधिकारी की ओर से**

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती गुरचरण कौर पत्नी श्री पाल सिंह उर्फ किरपाल सिंह मकान सं. 437, गांव कजहेडी, सेक्टर 52, चंडीगढ़ की स्वामिनी थी, सूचित किया है कि गुरचरण कौर की 24.07.2016 को मृत्यु हो गई है। इसके पश्चात, उनके पति श्री पाल सिंह उर्फ किरपाल सिंह पुत्र निका सिंह की 10.03.2021 को मृत्यु हो गई है। वर्तमान में, गुरचरण कौर के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी है (i) परविंदर सिंह–पुत्र (ii) अमनदीप सिंह–पुत्र (iii) गुरप्रीत कौर – स्व. श्री पाल सिंह की पुत्री। अब दिनेश कुमार पुत्र कूड़ा सिंह और मीनाक्षी देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी मकान सं. 536, सेक्टर 52, कजहेडी चंडीगढ़ उक्त कथित कानूनी उत्तराधिकारियों से उक्त कथित संपत्ति खरीद रहे हैं और एसएमएफजी इंडिया होम फाईनेंस कंपनी लिमिटेड एससीओ 118–119, द्वितीय तल, सेक्टर 8–सी, मध्य मार्ग चंडीगढ़ से लोन प्राप्त कर रहे हैं। आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित तीन कानूनी उत्तराधिकारियों के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के संबंध में कोई जानकारी हो तो वह इस सार्वजनिक सूचना की तिथि से सात दिनों के भीतर भीतर लिखित में आपत्ति दर्ज कर सकता/सकती है।

**अंकुर ऋषि एडवोकेट (पी–1553/2004)**
**मोबाईल 98140–58484**

**गांधी शिल्प बाजार**

भारत की सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्प प्रदर्शनी
दिनांक: 20/09/2025 से 26/09/2025 तक
स्थान: ओएसिस टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, कर्ण लेक पेट्रोल पंप के पास (करनाल)
प्रायोजक: विकास आयुक्त, हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार।
आयोजक: ग्रामीण विकास समिति।



**स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट**

**निविदा सूचना संख्या: S/16/2025-26, दिनांक: 11-09-2025**. निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.:1; निविदा संख्या: 83/25/0004B/OT/129/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 13-10-2025.**

**संक्षिप्त विवरण:** रेलवे बोर्ड के वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 12 ऑफ़ 2018 दिनांक 09.02.2018 और 55 ऑफ़ 2018 दिनांक 25.09.2018 [दोनों संलग्न] के तहत विनिर्देश के अनुसार अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) के लिए 500 की क्रम में थर्मल टिकट रोल। विशेष टिप्पणी:- (1) टॉप कोटेड थर्मल पेपर में न्यूनतम दो वर्ष तक इमेज की स्थायित्व क्षमता होनी चाहिए। (2) अंतिम टिकट के अंत में साधारण सफेद कागज को जोडने हेतु प्रयुक्त मास्किंग टेप को टिकट रोल के सामने वाले भाग पर इस प्रकार चिपकाया जाएगा कि टिकट के पिछले हिस्से पर बनी काली निशानी ढँके नहीं। टेप टिकट के ऊपर 5 मिमी से अधिक नहीं होना चाहिए। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक)। (1) डिब्रुगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 11890.00 रोल, (2) गुवाहाटी/फॉर्म/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 45356.00 रोल, (3) कटिहार/जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए मात्रा - 36156.00 रोल। 4) न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 31510, पी.एल.संख्या- 83250050.

**क्र.सं.:2; निविदा संख्या: 30/24/5110C/OT/130/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 03-10-2025.**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या-आरडीएसओ/सीजी/डीआरजी/24034 (हार्डवेयर आइटम एचटी हेक्स हेड बोल्ट एम16x45, हेक्सागोनल कैसल नट एम 16 और स्प्लिट पिन 4x40 के साथ) के अनुसार बैलेंस ड्राफ्ट गियर के लिए फ्रंट सपोर्ट प्लेट का स्टिफनर प्लेट भाग और ड्राइंग संख्या-आरडीएसओ/सीजी/डीआरजी/24034 और आरडीएसओ/2011/सीजी-03 (संशोधन 03) या नवीनतम के अनुसार आरडीएसओ विनिर्देश की पुष्टि करता है। (सीबीसी के लिए आरडीएसओ स्रोत से प्राप्त किया जाना है)। "हीट ट्रीटेड, हार्डनेस - 35 एचआरसी (न्यूनतम) के स्थान पर अधिकतम हार्डनेस 245 बीएचएन के साथ स्ट्रेस निवारित अवस्था में आईएस 3885: पार्ट II, जीआर. V - ड्रॉइंग संख्या आरडीएसओ/सीजी/डीआरजी/24034 की टिप्पणी 5। अन्य सभी पैरामीटर इस ड्राइंग के अनुसार समान हैं।" (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 84 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/सीएलएस/डिब्रुगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 4678 संख्या, पी.एल.संख्या- 336703190012.

**क्र.सं.:3; निविदा संख्या: 82/24/5964A/OT/131/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 08-10-2025.**

**संक्षिप्त विवरण:** 2डी/3डी इकोकार्डियोग्राफी प्रणाली, सेंट्रल/मेडिकल/स्टोर, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 1.00 संख्या, पी.एल.संख्या- 821229890011.

**क्र.सं.:4; निविदा संख्या: ML255102A/OT/132/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: पुराना दिनांक: 30-10-2025/मूल दिनांक: 06-10-2025.**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ विनिर्देश संख्या-आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025, संस्करण 3.1 या नवीनतम के अनुसार सीवीवीआरएस-आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रवर्तन सहित फिटमेंट के लिए आवश्यक सभी सहायक उपकरण। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 42 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/डी/एमईसीएच/मालदा टाउन, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 72 सेट, पी.एल.संख्या-200011510021.

**क्र.सं.:5; निविदा संख्या: 70/25/0891/OT/133/2025-26;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 08-10-2025.**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ सैंपल संख्या ए एलएनएसी-03 (रंग नीला) के अनुसार विनाइल कोटेड फ़ैब्रिक, 127/132 सेमी चौड़ाई, शेड्स और पैटर्न। मैट. विनिर्देश - आरडीएसओ विनिर्देश संख्या - आरडीएसओ/2008/सीजी-07, सितंबर 2023 का रेव-01 या नवीनतम। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 54 महीने तक) यूवीएएम : आइटम आईडी:- 2400069- कोचिंग स्टॉक के लिए विनाइल कोटेड अपहोल्स्ट्री फैब्रिक (कृत्रिम चमड़ा), आरडीएसओ/208/सीजी-07 रेव-01 के अनुसार ईएन45545 एचएल3 की पुष्टि। (i) डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 157500 मीटर, (ii) डेमू, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 200 मीटर, (iii) कटिहार जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए मात्रा - 400 मीटर, (iv) न्यू बंगाईगाँव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 89000 मीटर, (v) न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 300 मीटर, (vi) पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 3000 मीटर। पी.एल.संख्या-75401708.

**टिप्पणी:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेन्सियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मालीगाँव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**COURT NOTICE**
**IN THE COURT OF**
**Sh. Amrinder Pal Singh**
**Additional Principal Judge**
**Family Court Sangrur**
**Aarti**
**Vs.**
**Sanjay**
**CRM/1499/2024**
**CNR No.: PBSG01-008107-2024**
**Next Date:-04-10-2025**

**NOTICE TO:**
**Sanjay**
**Father:Lt. Raj Kumar**
**R/o W.No.9,Meham, District Rohtak**

**In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 04-10-2025 at 10.00 a.m.**

**For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Sangrur**

**Additional Principal Judge**
**Family Court**
**Sangrur**
**Dated, this day of 11-09-2025**

**सार्वजनिक सूचना**



**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक एस्टेट अधिकारी, संघ शासित क्षेत्र, चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषय: आवासीय साइट नं. 1371, सेक्टर 34–सी, चंडीगढ़ (आरपीडी 15917) के स्वामित्व के हस्तांतरण के संबंध में, जो स्वर्गीय प्रेम दास मलिक की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100% हिस्सेदारी से संबंधित है।

यह सामान्य जनता एवं सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार स्व. प्रेम दास मलिक आवासीय साइट नं. 1371, सेक्टर 34–सी, चंडीगढ़ के 100% हिस्सेदार के स्वामी थे।

श्री सुनील मलिक द्वारा जीपीए/एसपीए के माध्यम से श्री इंदर जीत मलिक द्वारा, इंदर जीत मलिक और श्री अनिल कुमार मलिक की ओर से यह सूचित किया गया है कि स्व. प्रेम दास मलिक का निधन दिनांक 24.01.2024 को हो गया। उन्होंने मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी वारिसों की जानकारी भी दी है:

1. इंदर जीत मलिक– पुत्र, 2. कमलेश– पुत्री, 3. भरत कपूर– दामाद, 4. अनीता कपूर– पुत्री (स्व.), 5. सुनील मलिक– पुत्र, 6. महक कपूर– पोता, 7. अनिल कुमार मलिक– पुत्र, 8. स्टैफी सूद– पौत्री, 9. अवि कपूर– पोता

अब, श्री सुनील मलिक (जीपीए/एसपीए) श्री इंदर जीत मलिक द्वारा, इंदर जीत मलिक तथा श्री अनिल कुमार मलिक ने उक्त संपत्ति के स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है, जो स्व. प्रेम दास मलिक की दिनांक 18.11.2019 की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100% हिस्सेदारी उनके पक्ष में स्थानांतरित कराने से संबंधित है। यदि किसी व्यक्ति के पास उपरोक्त वर्णित के अतिरिक्त मृतक स्वामी के किसी अन्य कानूनी वारिस की जानकारी है, तो कृपया तत्काल सहायक एस्टेट अधिकारी, संघ शासित क्षेत्र, चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी को उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर शपथपत्र (जो मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत प्रमाणित हो) के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा, उक्त संपत्ति का स्वामित्व उपरोक्त लाभार्थियों के नाम दर्ज कर दिया जाएगा और भविष्य में किसी भी प्रकार के अन्य दावे/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, डेनिक्स सहायक एस्टेट अधिकारी**
**(एस्टेट अधिकारी, संघ शासित क्षेत्र, चंडीगढ़ के अधिकारों का प्रयोग करते हुए)**

**सार्वजनिक सूचना**

इस सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है। इस कार्यालय में Chirag S/o Sh. Anil Kumar निवासी House No.1288, Hansi Road, Brahm Nagar, Karnal द्वारा सम्पति कर आई. डी. न.1E75AQ1 स्थित Gapuwala Baag Colony, Karnal में नाम दर्ज कराने बारे आवेदन किया है। सम्पति कर रिकार्ड अनुसार उपरोक्ध सम्पति कर आई. डी. न.1E75AQ1 में बिना नाम के दर्ज है. तथा Sh. Anil Kumar की मृत्यु दिनांक 04/01/2024 को चुकी है। प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में नाम तबदील करने हेतु एक प्रलेख/वसीयत न.838 दिनांक 29/12/2023 तथा शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत की है। अतः यदि किसी आमजन या खासजन को उक्त वसीयत अनुसार सम्पत्ति कर आई.डी.नं.1E75AQ1 स्थित Gapuwala Baag Colony, Karnal, में Chirag S/o Sh. Anil Kumar निवासी House No. 1288, Hansi Road, Braham Nagar, Karnal का नाम तबदील करने हेतू किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस कार्यालय में नोटिस प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर 2 अपनी आपत्ति / एतराज दर्ज करवा सकते है। अन्यथा समयावधि पश्चात माना जायेगा कि उपरोक्त तबदील बारे किसी को कोई आपत्ति नहीं है। परिणाम स्वरूप इस कार्यालय के सम्पति कर में संबधित युनिक सम्पति कर आई.डी.न. 1E75AQ1 में आवेदक का नाम दर्ज तबदील कर दिया जायेगा। समयावधि पश्चात कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।

**क्षेत्रिय कराधान अधिकारी, नगर निगम करनाल।**

ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਗਲਾਡਾ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਰਾਜਗੁਰੂ ਨਗਰ, ਫਿਰੋਜਪੁਰ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ।
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਮ.ਆਈ.ਜੀ. 959 ਸੈਕਟਰ-40 ਸਮਰਾਲਾ ਰੋਡ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੀ ਅਲਾਟਮੈਂਟ ਇਸ ਦਫਤਰ ਦੇ ਪੱਤਰ ਨੰਬਰ 1573 ਮਿਤੀ 12/04/2019 ਰਾਹੀਂ ਸ੍ਰੀ ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸਰਦਾਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਹੱਲਾ ਤਿਖੋਵਾਲ, ਤਹਿਸੀਲ ਮੁਕੇਰੀਆਂ ਜਿਲ੍ਹਾ ਹੁਸਿਆਰਪੁਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋ ਸ੍ਰੀ ਤੇਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 661 ਸੈਕਟਰ-39 ਅਰਬਨ ਅਸਟੇਟ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੋਡ ਲੁਧਿਆਣਾ ਨੂੰ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ, ਮੁਕਰੱਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ, ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਵੱਲੋਂ ਵਸੀਕਾ ਨੰਬਰ 507 ਮਿਤੀ 25/06/2024 ਰਾਹੀਂ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੁਖਤਿਆਰੇਆਮ ਸ੍ਰੀ ਤੇਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 15/12/2024 ਨੂੰ ਹੋ ਚੁੱਕੀ ਹੈ। ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੀ ਮੌਤ ਦਾ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਸਿਵਲ ਸਰਜਨ ਦਫਤਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਵੱਲੋ ਜਾਰੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਹੁਣ ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋ ਮੁੜ ਨਵਾਂ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਰਬਜੀਤ ਕੌਰ ਪੁੱਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਤੇਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਮਕਾਨ ਨੰ: 5397/33/4, ਗਲੀ ਨੰ: 9, ਡਾਬਾ ਰੋਡ ਗੋਬਿੰਦ ਨਗਰ, ਨਿਊ ਸਿਮਲਾਪੁਰੀ ਲੁਧਿਆਣਾ ਨੂੰ ਮੁਖਤਿਆਰੇਆਮ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 95 ਮਿਤੀ 23/04/2025 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਵੱਲੋ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਨਵੇਂ ਮੁਖਤਿਆਰੇਆਮ ਵੱਲੋ ਇਸ ਮਕਾਨ ਨੂੰ ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ ਪੁੱਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਤੇਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਕਾਨ ਨੰ: 661, ਸੈਕਟਰ-39, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਲਈ ਕੇਸ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ।

ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਐਨ.ਓ.ਸੀ. ਜਾਰੀ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਪਬਲਿਕ ਤੋਂ ਇਤਰਾਜ਼ ਮੰਗਣ ਲਈ ਇਸ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ ਰਾਹੀ ਆਮ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਵਿਅੱਕਤੀ ਨੂੰ ਇਸ ਮਕਾਨ ਦੀ ਐਨ.ਓ.ਸੀ. ਜਾਰੀ ਕਰਨ ਸਬੰਧੀ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਲਿਖਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ਼ ਤੇ ਕੋਈ ਕਾਰਵਾਈ ਨਹੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਵੇਗੀ ਅਤੇ ਇਸ ਮਕਾਨ ਦੀ ਐਨ.ਓ.ਸੀ. ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ ਪੁੱਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਤੇਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ
ਗਲਾਡਾ ਲੁਧਿਆਣਾ।

ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ ਗਲਾਡਾ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਰਾਜਗੁਰੂ ਨਗਰ, ਫਿਰੋਜਪੁਰ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ।
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ: 1207 ਸੈਕਟਰ-39 ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੋਡ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਤਬਦੀਲ Sh. Satpal Singh S/o Sh. Sardar Singh R/o: House No. 1207 Sector-39 Chandigarh Road Ludhiana ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਦੇ ਪੱਤਰ ਨੰ: 8155 ਮਿਤੀ 03.06.1996 ਰਾਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। Sh. Satpal Singh S/o Sh. Sardar Singh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 09.11.2021 ਨੂੰ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਵਾਉਣ ਲਈ Smt. Tarwinder Kaur ਅਤੇ ਹੋਰ ਵਾਸੀ:- House No. 1207 Sector-39 Chanidgarh Road Ludhiana ਵੱਲੋਂ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਨਿਧੀ ਗੁਪਤਾ, ਕੌਂਸਲਰ ਵਾਰਡ ਨੰਬਰ: 19 ਮਿਊਸਿਪਲ ਕਾਰਪੋਰੇਸ਼ਨ ਲੁਧਿਆਣਾ ਵੱਲੋ ਜਾਰੀ ਕੁਰਸੀਨਾਮਾ ਅਤੇ ਹੋਰ ਸਬੰਧਤ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਜੋ ਕਿ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਨਿਧੀ ਗੁਪਤਾ, ਕੌਂਸਲਰ ਵਾਰਡ ਨੰਬਰ: 19 ਮਿਊਸਿਪਲ ਕਾਰਪੋਰੇਸ਼ਨ ਲੁਧਿਆਣਾ Sh. Satpal Singh S/o Sh. Sardar Singh ਦੇ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਵਾਰਸ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ:-

1) Smt. Tarwinder Kaur Wife
2) Smt Manmeet Kaur Daughter
3) Sh. Kuldeep Singh Oberoi Son (ਮੌਤ ਹੋ ਚੁੱਕੀ)

ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਮਲਕੀਤੀ ਤਬਦੀਲ ਜਾਰੀ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਪਬਲਿਕ ਤੋਂ ਇਤਰਾਜ਼ ਮੰਗਣ ਲਈ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾਂ ਰਾਹੀ ਆਮ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਵਿਅੱਕਤੀ ਨੂੰ ਇਸ ਮਲਕੀਤੀ ਤਬਦੀਲ ਸਬੰਧੀ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਲਿਖਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ਼ ਤੇ ਕੋਈ ਕਾਰਵਾਈ ਨਹੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਵੇਗੀ ਅਤੇ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ
ਗਲਾਡਾ ਲੁਧਿਆਣਾ।



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | नीलामी काटलोग सं. | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| AA/1 | ट्रेन संख्या 52457/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-240044-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| AA/2 | ट्रेन संख्या 52455/56 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-239887-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| AA/3 | ट्रेन संख्या 52451/52 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-98543-2-25-1 (Advertising-Train Interior) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| AA/4 | ट्रेन संख्या 52453/54 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-273108-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| AA/5 | ट्रेन संख्या 52459/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-132321-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| BA/1 | स्थान – ए (साइट–2) पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर यूटीएस/पीआरएस हॉल के बाहर एटीएम की सुविधा के लिए स्थान का आवंटन (संरचना के बिना) (साइट प्लान के अनुसार)। | ATM-UMB-RPJ-Gen-41-25-1 (ATM General) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| BA/2 | स्थान – ए (साइट–1) पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर यूटीएस/पीआरएस हॉल के बाहर एटीएम की सुविधा के लिए स्थान का आवंटन (संरचना के बिना) (साइट प्लान के अनुसार)। | ATM-UMB-RPJ-Gen-40-25-1 (ATM General) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| CA/1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 345 वर्ग फुट क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) की स्थापना, संचालन और रखरखाव। | MSS-UMB-UMB-MedStn.-39-25-1 (Misc.-Static-Services-Medical Facilities at Station) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |
| DA/1 | ट्रेन संख्या 12045/46 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार क्लास कोचों के सभी सीटों पर हेडरेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (संबद्ध कोच संरचना के अनुसार)। | MMS-HRC-202686-1-25-1 (Head Rest Covers Advertisement in Trains) | 25.09.2025 12:00 Hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2832/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–11/2025–26 दिनांक 15.09.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत–13/2025–26 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्टेशन सेवा भवनों समतल क्रॉसिंग गेटों पर 1000 kWp ऑन ग्रिड सौर ऊर्जा संयत्र का प्रावधान। | Rs. 58540775.68 | Rs. 442700.00 | 66 महीने | 07.10.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है।
2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 17.30 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी।
3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए।
4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 2831/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# साधारण स्वयंसेवक से पीएम तक... विश्व नेता तक का सफर तय किया है पीएम मोदी ने

## सौगंध हमें इस माटी की देश नहीं झुकने देंगे देश नहीं बिकने देंगे का मूलमंत्र दिया देश के युवाओ को

आरएसएस ने विश्व को नरेंद्र मोदी के रूप में महामानव और मां भारती का प्रधानसेवक दिया

मोदी ने पाताल से लेकर अंतरिक्ष तक धरती सो लेकर चांद और मंगल तक भारत का परचम फहराया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 16 सितंबर।** भारत के इतिहास में नरों में श्रेष्ठ अर्थात नरेंद्र नाम के व्यक्तियों ने देश का परचम पूरे विश्व में फहराया हैं। भारत को गुलामी के दौर में एक अध्यात्मिक देश की पहचाने नरेंद्र अर्थात स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलन में दिलाई थी। उस समय हिंदुत्व की पताका पूरे विश्व में फहराई थी। उसके बाद आचार्य नरेंद्र देव तथा राम मनोहर लोहिया ने समाजवाद के क्षेत्र मे नई सामाजिक व्यवस्था दी। इस आधुनिक सदी में भारत को भगवान कृष्ण की कर्मभूमि रही , जैन तीर्थंकरों की पुण्य भूमि धरती महर्षि दयानंद सरस्वती और महात्मा गांधी सरदार वल्लभ भाई पटेल से जन्म लेने वाले नरेंद्र मोदी ने भारत को समर्थ भारत सशक्त भारत स्वाभिमानी भारत के रूप में भारत को स्थापित किया। नरेंद्र मोदी ने देश को यह जताया कि राजनेताओं के बेटे ही प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं वल्कि एक चाय बेचने वाले सामान्य परिवार का बेटा भी पीएम बन सकता हैं। जिसने देश के लिएण् अपना घर छोड़ दिया जिसने देश को अपना परिवार माना। जिसने अपना सब कुछ देश को दिया। जिसने विष पीकर अमृत दिया। इस साल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपना स्थापना के सौ साल पूरे कर रही हैं। अब तककई बार प्रतिबंधों की प्रताड़ना सहने वाली राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने देश को दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अटल विहारी वाजपेई, लाल कृष्ण अडवाणी के बाद नरेंद्र मोदी जैसा नायाब रत्न दिया। जिसने देश के आत्म सम्मान को सर्वोपरि रखा। हिंदुत्व को गौरवमई स्थन दिया।

आरएस एस केवल शाखाएं ही नहीं लगाती है वल्कि व्यक्ति निर्माण भी करती है। एउक सामान्य स्वयंसेवक से प्रधानमंत्री पद तक की यात्रा तय की। विश्व में उन्होंने टाप लीडरशिप को भारत की बात सुनने और मानने के लिए मजबूर किया। अपने पुराने नेताओं के अपमान का बदला लिया। जिस कांग्रेस का सूरज देया में कभी अस्त नहीं होता था। उसे दहाई तक सिमेट दिया। डेढ़ सौ साल पुरानी कांग्रेस को समेट कर रख दिया। जिस पार्टी के केवल दो सदस्य ही कभी लोकसभा पहुंचे थे। उस पार्टी के तीन सौ से अधिक सदस्य लोकसभा में पहुंचे।काश्मीर से धारा 370 हटा कर काश्मीर को भारत का अखंड अंग बन दिया। श्री राम का मंदिर बना कर राम राज की स्थापना की। जिस देश को सोने की चिडि?ा कह कर लोग भारत को कमजोर समझते थे। उस भारत ने शेर की तरह दहाड़ कर भारत को पुराने स्वरूप अर्थात शेर के रूप में स्थापित कर दिया।


पाताल से लेकर अंतरिक्ष तक धरती से लेकर चंद्रमा और मंगल तक भारत का परचम फहरा दिया। जिस समय नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री की कमान संभाली देश में निराशा थी। युवा भ्रष्टाचार के कारण निराश हो चुका था। देश परिवारवाद की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। नित नए घोटाले उजागर हो रहे थे। जनता का पैसा नेताओं की तिजोरियों में जा रहा था। गरीब का बेटा घर में बैठ निराश था। नौकरियों तवादलों का उद्योग था। ऐसे में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में नई व्यवस्था को जन्म दिया। स्वच्छता, शौचालय ,उद्यामिता, नारी सम्मान नारी शिक्षा जैसो विषयों पर जन आंदोलन खड़ा किया। एक ऐसा नेता भारत को मिला जिसे पास एक विजन दिया।

### महादेव की नगरी से जीता चुनाव

महादेव की नगरी से चुनाव जीत कर देश को अमृत दिया। शिवाब की तरह देश में मंथन किया जिसमें निकले अपमान रूपी विष को खुद पीया। आज उन्होंने खुद को पार्टी और देश की आवश्यक्ता बना दिया। आज मोदी इज इंडिया इंडिया इज दा मोदी के रूप में स्थापित किया। कहा जाता है कि मोदी के बिना भाजपा का अस्तित्व शून्य हैं। यही कारण था कि मोदी से पहले भाजपा सत्ता से बाहर रही। यदि सरकार बनी तो दूसरों पर निर्भर। मोदी ने जीवन के पिचहत्तर बसंत पूरे कर लिए हैं। उनको भारत के कल्याण के लिए महादेव शतायु बनाए। वह अनंत काल तक भारत की लीडरशिप करते रहें। यही कामना हर देश के व्यक्ति की हैं। मोदी के जीवन का लक्ष्य मां भारती का वैभव हमेशा सबसे अधिक रखने का हैं। इस महान लक्ष्य में भगवान हमेशा सहयोग देता हैं।

### आओ एक कदम बढ़ाएं, पूंडरी हलके को स्वच्छ बनाएं : विधायक सतपाल जांबा

**कैथल, 16 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को पूंडरी विधायक सतपाल जांबा द्वारा पुण्डरीक तीर्थ पर सुबह सात बजे हवन करवाया जाएगा। इसके अलावा सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। सभी आमजन इसमें बढ़चढ़ कर भाग लें और अपने पूंडरी हलके को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीन गुणा रफ्तार से तरक्की कर रहा है। विकास के नए नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर पर पैदा किए जा रहे हैं। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देश में 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में 11 सप्ताह का हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सभी आमजन इन दोनों अभियानों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। पूंडरी में भी स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यहां गांवों में पौधारोपण सहित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान में सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरपंचों सहित ग्राम स्तर पर सरकारी विभागों के कर्मचारियों के सहयोग से स्वच्छता मिशन को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



विधायक सतपाल

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर पुंडरीक तीर्थ में हवन यज्ञ व स्वच्छता अभियान आज

**कैथल, 16 सितंबर।** पूंडरी विधायक सतपाल जांबा के निजी सचिव डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर दिन बुधवार को विधायक सतपाल जांबा की अध्यक्षता में पुंडरीक तीर्थ में एक भव्य हवन यज्ञ और विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समाज को स्वच्छता, संयम और सेवा की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यहां जानकारी देते हुए डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रात- 7 बजे हवन यज्ञ के साथ होगी, जिसमें स्थानीय संत-महात्मा, गणमान्य नागरिक तथा श्रद्धालु भाग लेंगे। हवन यज्ञ के उपरांत तीर्थ परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में सम्मिलित होकर न केवल स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को आगे बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। डॉ. मैहला ने कहा कि विधायक सतपाल जांबा की अगुवाई मं पूंडरी में भी स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यहां गांवों में पौधारोपण सहित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान में सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरपंचों सहित ग्राम स्तर पर सरकारी विभागों के कर्मचारियों के सहयोग से स्वच्छता मिशन को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



डॉ. बलविंद्र मैहला

## धान के कम दाम मिलने से किसानों में गुस्सा

किसान यूनियन के नेताओं ने मंडी पहुंचकर किया व्यवस्थाओं का जायजा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 सितंबर।** भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने अनाज मंडी कैथल का दौरा किया। किसान नेता सतपाल दिल्लोंवाली ने कहा कि यहां किसानों को बाकी हरियाणा की मंडियों से कम भाव मिल रहा है जोकि 200 से 300 क्विंटल कम है। इस वर्ष उत्पादन भी आधा रह गया है। अब की वर्ष धान का खर्च भी पूरा नहीं हो रहा जिसके कारण किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है, किसान चिंतित हैं। किसान का खर्व भी पूरा नहीं हो रहा है। आज महंगाई का दौर है, घर का काम चलाना, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा और खाद, दवाई बीज महंगे मिल रहे हैं। किसानों को गेहूं की बिजाई के लिए भी किसान के पास पैसा नहीं बचा है। प्रशासन से अपील है की सेलर वालों से बातचीत करके किसानों को उचित भाव दिलवाया जाए। उन्होंने कहा कि कैथल अनाज मंडी की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। चारों तरफ रोड़े ही रोड़े पड़े हैं। अब सप्ताह के अंदर धान का सीजन पूरे जोरों पर होगा। किसानों को धान डालने के लिए जगह नहीं मिलेगी। प्रशासन से अपील है कि मंडी की सफाई कराई जाए और चारों तरफ सडकें जल्दी से जल्दी बनवाई जाएं ताकि किसान को कोई परेशानी ना आए।

### राइस मिलर्स एसोसिएशन ने पंजाब बाढ़ राहत के लिए दी 2.5 लाख की सहायता

**कैथल, 16 सितंबर।** पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए राइस मिलर्स एसोसिएशन आगे आई है। एसोसिएशन ने ढाई लाख रुपये की सहयोग राशि जिला प्रशासन के माध्यम से भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी को सौंपी।

इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत और जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश विशेष रूप से मौजूद रहे। ज्योति सैनी ने एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और उनकी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में सभी को एकजुट होकर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए।

## शिक्षा के साथ-साथ प्रतिभाओं की खोज जरुरी : रामपाल

डीएवी पीजी कॉलेज में टैलेंट शो में विद्यार्थियों ने डांस, गीत, गजल, रागिनी की शानदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 16 सितंबर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान एवं दिशा-निर्देशन में छात्र- छात्राओं के मध्य आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता टैलेंट शो का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति , डीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने विधिवत रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा इंसान प्रकृति की सबसे बेहतरीन रचना है। जिसको अनेक प्रतिभाएं मिली है। हमें उनको उजागर कर समाज में प्रचार प्रसार करना चाहिए ताकि आने वाली पीढि?ों को उनका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ - साथ प्रतिभाओं की खोज करना जरूरी है। ताकि युवाओं को मंच प्रदान कर उन्हें लक्ष्य तक ले जाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति से जुड?र वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नए आयाम स्थापित करना है। इसलिए समाज में टैलेंट शो जैसे आयोजनों का विद्यार्थियों के मध्य होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास करना है। श्री संजय शर्मा ने भी विद्यार्थियों को भविष्य में सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहने और जीवन मूल्यों को संजो कर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजक डॉ पूनम वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों की युवा महोत्सव में उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार कॉलेज का युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग कला के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। टैलेंट शो में छात्र-छात्राओं ने रागनी, नई-पुरानी फिल्मों के गीत गाकर अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।




सम्पादकीय

# वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम फैसला

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा वक्फ संशोधन कानून पर पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार किए जाने लेकिन कुछ तथ्यों को संशोधित करने के आदेश देने के बाद यह समझा जाना चाहिए कि केंद्र सरकार की ओर से इस कानून में बदलाव की जरूरत कितनी सही है। निश्चित रूप से वक्फ बोर्ड की आड़ में आजादी के बाद से देश में एक अंधा दौर चलता आ रहा है, जिसमें कुछ भी स्पष्ट नहीं होता। ऐसे में पहली बार किसी केंद्र सरकार ने इसका साहस दिखाया कि वह इस पर भी रोशनी डाले और वक्फ जमीनों का सच सामने आए। वैसे, नए कानून में कुछ प्रावधानों पर अदालत की ओर से अंतरिम रोक लगाए जाने से यह स्पष्ट होता है कि केंद्र सरकार को उन पर पुनर्विचार का अवसर दिया गया है। दरअसल, वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जिस प्रकार से देशभर में हिंसक आंदोलन शुरू हुआ था, उसकी कलई खुल गई है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे राजनीतिक दलों के लिए यह बहुत बड़ा संकट था कि आखिर वक्फ जमीनों का रहस्य अब रहस्य नहीं रहेगा। ऐसे में जहां सडक़ पर दंगे हुए वहीं अदालत में इस कानून पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले से न्यायपालिका ने पुन: जनता में विश्वास कायम किया है और इसकी प्रतिध्वनि दी है कि देश में कुछ भी अनुचित नहीं हो सकता। गौरतलब है कि बीते लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने संविधान बदले जाने के संबंध में जनता को गुमराह किया था। हालांकि सत्ताधारी भाजपा ने देश में उन तमाम विवादित और अनुचित कानूनों, प्रावधानों को हटाने, सरलीकरण करने का काम किया है, जिन्होंने देश के विकास के रास्ते में रोड़ा अटकाया हुआ था।

**वास्तव में वक्फ कानून में संशोधन स्वतंत्र भारत के लिए आवश्यक था। वक्फ की आड़ में देशभर में सार्वजनिक प्रॉपर्टी जिस प्रकार से एक समुदाय की वसीयत बनी हुई थी, वह अब इस कानून के जरिये खत्म हो चुकी है। निश्चित रूप से तीन तलाक के खिलाफ जो कानून बना था, उससे भी तमाम लोगों को चुभन हुई थी, लेकिन महिला समाज ने जिस प्रकार आगे बढक़र इस कानून का समर्थन किया था, उससे विरोधियों के लिए इसे चुनौती दे पाना संभव नहीं हुआ। हालांकि लंबे वक्त से कथित रूप से अपने खिलाफ आ रहे फैसलों की जद में समुदाय विशेष को अब जैसे एक नया बहाना मिल गया था**

मालूम हो, वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ देश और विशेषकर पश्चिम बंगाल में हिंसा का तांडव मचाया गया। राज्य के मुस्लिम बहुल जिले मुर्शिदाबाद में गैर मुस्लिमों पर अत्याचार किए गए। जिले में 200 के करीब हिंदुओं के घरों को जला दिया गया, उपद्रवियों ने घरों, दुकानों में लूट की है। महिलाओं से छेड़छाड़ और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई। लूटपाट, हिंसा के वीडियो सामने आए। यह कितना दुखद है कि वर्षों से इलाके में बसे हिंदू परिवारों को उपद्रवियों की वजह से अपने आशियाने छोड़ कर दूसरे जिलों में शरण लेनी पड़ी। हालांकि आरोप है कि राज्य की टीएमसी सरकार ने दंगाकारियों पर कार्रवाई में कोताही बरती वहीं पीड़ित परिवारों की ओर से आंखें मूंद ली। राज्य सरकार के मंत्रियों एवं राजनीतिकों की ओर से ऐसे बयान आए थे, जिनमें कहा गया था कि इस कानून में संशोधन करके केंद्र सरकार मुस्लिम समाज के अधिकार छीन रही है। जाहिर है, देश में हमेशा से वर्गों के बीच तनाव पैदा करके अपने मंसूबे पूरे किए जाते रहे हैं, हालांकि इसकी सदैव जरूरत रहेगी की कठोरता से कुछ फैसले लिए जाएं और उन्हें लागू किया जाए। क्योंकि इतिहास में गलत हो चुके कदमों से अब और नहीं चला जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपने अंतरिम आदेश में यह बात कहना कि जब तब विवादित संपत्ति के संबंध में ट्रिब्यूनल या हाईकोर्ट फैसला नहीं दे देता, तब तक उस संपत्ति के चरित्र में कोई बदलाव नहीं होगा और न ही राजस्व रिकार्ड में कोई परिवर्तन होगा, उन लोगों को तमाचा है कि जोकि इस कानून की आड़ में वक्फ सम्पत्ति के चरित्र में बदलाव का झूठ फैला रहे थे।

वास्तव में वक्फ कानून में संशोधन स्वतंत्र भारत के लिए आवश्यक था। वक्फ की आड़ में देशभर में सार्वजनिक प्रॉपर्टी जिस प्रकार से एक समुदाय की वसीयत बनी हुई थी, वह अब इस कानून के जरिये खत्म हो चुकी है। निश्चित रूप से तीन तलाक के खिलाफ जो कानून बना था, उससे भी तमाम लोगों को चुभन हुई थी, लेकिन महिला समाज ने जिस प्रकार आगे बढक़र इस कानून का समर्थन किया था, उससे विरोधियों के लिए इसे चुनौती दे पाना संभव नहीं हुआ। हालांकि लंबे वक्त से कथित रूप से अपने खिलाफ आ रहे फैसलों की जद में समुदाय विशेष को अब जैसे एक नया बहाना मिल गया था। सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम फैसला उन नेताओं को भी आईना दिखा रहा है, जोकि इसे मुस्लिम समाज के पूरी तरह खिलाफ बता रहे थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ संशोधन कानून का विरोध किया था। दरअसल, देश में उन सभी कानूनों की समीक्षा आवश्यक है जोकि अपनी उपयोगिता खो चुके हैं। वक्फ संशोधन कानून के द्वारा नामी-बेनामी संपत्तियों का सच सामने आने से पारदर्शिता बढ़ेगी।

# इतिहास का विराट व्यक्तित्व, जिसने बदल दिया राष्ट्र का स्वरूप



अक्टूबर 2001 का पहला सप्ताह....दिल्ली की फिजाओं में शाम के वक्त गुलाबी सर्दी ने दस्तक देनी शुरू कर दी थी..संसद से कुछ ही दूरी पर स्थित रफी मार्ग की आईएनएस बिल्डिंग के सामने संजय की चाय का ठीया रोजाना की तरह गुलजार था..देशभर के अखबारों और टीवी चैनलों के रिपोर्टरों की शाम की चाय की चुस्कियों के साथ यहीं गुजरती थी..इन चुस्कियों के बीच से ही खबरें भी छनकर आती थीं...इसी बीच बीजेपी कवर करने वाला एक पत्रकार सड़क पारकर आता दिखा..आते ही उसने पहले से उपस्थित लोगों के सामने एक प्रश्न उछाल दिया।

'कुछ पता चला?'

कुछ रिपोर्टरों और तब के दिग्गज संपादकों ने उस रिपोर्टर को उलाहना दिया..

'पता तो चलता रहेगा. पहले चाय तो पियो।'

तब तक चाय का कागजी कप आ चुका था..उस पत्रकार ने कप पकड़ा और चालू हो गया,

'कंन्फर्म नहीं हूं. लेकिन खबर है कि मोदी गुजरात जा रहे हैं.'

एक पत्रकार ने उसका मजाक उड़ाया,

'मोदी गुजरात के हैं तो गुजरात जाएंगे ही. इसमें नया क्या है?'

'जाना कोई बात नहीं. वह मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं'

'ऐसा हो ही नहीं सकता.'

ज्यादातर पत्रकारों की पहली प्रतिक्रिया यही थी..

कुछ ने तो मुंह भी बनाए..

लेकिन उस पत्रकार की खबर सही थी..

मुंह बिचकाने और इसे असंभव मानने वाले पत्रकारों की भी सोच अपनी जगह सही थी..नरेंद्र मोदी उन दिनों भारतीय जनता पार्टी के महासचिव भले ही थे, लेकिन उनके पास ना तो चुनाव लड़ने का अनुभव था, ना ही कभी किसी प्रशासनिक पद को संभालने का...तब तक की राजनीति के लिहाज से किसी राज्य का मुख्यमंत्री बनने के लिए ये प्राथमिक योग्यताएं होती थीं..

नरेंद्र मोदी का चयन कहा जाता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था..तब गुजरात भाजपा तत्कालीन मुख्यमंत्री केशु भाई पटेल और शंकर सिंह बाघेला खेमे के बीच बंटी हुई थी। राज्य बीजेपी में पांच साल पहले गुटबाजी के चलते जो हुआ था, वह राजनीति की दुनिया की शर्मनाक घटनाओं में शुमार है..तेरह दिनी सरकार के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान समारोह में जो हुआ, वह इतिहास हो चुका है..

गुजरात में बीजेपी की सरकार तो थी, कुछ महीने पहले पड़े अकाल के चलते राहत कार्यों के लेकर हलकान थी। अगर संगठन में एकता होती तो सरकार अपना सारा ध्यान अकाल राहत पर होता, लेकिन गुटबाजी के चलते ऐसा संभव नहीं हो पा रहा था..राज्य बीजेपी का समर्थक पटेल खेमा अपने नेता के साथ खड़ा था तो क्षत्रिय समेत दूसरी जातियां बाघेला के साथ। ऐसे में सरकार का प्रदर्शन हिचकोले तो खा ही रहा था, बीजेपी की संभावनाएं भी कमजोर हो रही थीं..

ऐसे माहौल में बीजेपी के आलाकमान का ध्यान संघ के प्रचारक रहे गुजराती मूल के नरेंद्र मोदी की ओर गया। अटल जी के दफ्तर ने जब उन्हें फोन कर के प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचने के संदेश दिया, तब आज की तरह मोबाइल ज्यादा नहीं होते थे..तब मोदी दिल्ली के निगम बोध घाट पर संसद हमले में घायल कैमरामैन के निधन के बाद उसके अंत्येष्ठि में शामिल थे। एक राष्ट्रीय चैनल के उस कैमरामैन के शोक संतप्त परिवार को धीरज बंधा रहे मोदी के पास फोन आया और उनकी जिंदगी ही बदल गई।

नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 के दिन गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अभी वे प्रशासन को समझ ही रहे थे, सूखा ग्रस्त गुजरात के लोगों और किसानों के राहत के लिए प्रयासरत ही थे, कि प्रकृति ने उनकी बड़ी परीक्षा ले ली। 26 जनवरी 2002 के दिन कच्छ में जबरदस्त भूकंप आया। इस भूकंप में जान-मान की व्यापक क्षति हुई। गुजरात जैसे हिल गया। लेकिन नरेंद्र मोदी ने इसे चुनौती की तरह लिया। गुजरात के नवनिर्माण का उन्होंने संकल्प लिया। भीगी आंखों वाले कच्छ के आंसुओं को पोछा, और देखते ही देखते अपने कुशल नेतृत्व और सूझबूझ के साथ गुजरात को देश के प्रतिष्ठित राज्यों में स्थापित कर दिया।

भारत को आजादी देते वक्त ब्रिटिश सरकार के कई कारिंदों को उम्मीद थी कि भारत जल्द ही बिखर जाएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल तो मानते थे कि भारत की आजादी देर तक नहीं टिकेगी। लेकिन भारत ने अपना संविधान तैयार किया। संविधान ने पहले ही चुनाव से वयस्क और बराबरी का मतदान अधिकार दिया। स्त्री-पुरूष. ऊंच-नीच, जाति, धर्म का कोई भेद नहीं रखा। इसी संविधान की बुनियाद पर देश आगे बढ़ता रहा। इसी संविधान की ही सफलता है कि गुजरात के वडनगर के एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार में जन्मा बच्चा आज भारतीय लोकतंत्र के शीर्ष पर है। प्रधानमंत्री मोदी की जीवन यात्रा जहां उनके उत्कट देशप्रेम और राष्ट्रनिष्ठा का उदाहरण है। उन्होंने जिंदगी कठोर परिश्रम एवं अध्यवसाय का भी प्रतीक है।

जिस उम्र में आम नौजवान जिंदगी संवारने की कोशिश करता है, देश और समाज के लिए नरेंद्र मोदी ने उस उम्र में घर छोड़ दिया...इसकी प्रेरणा उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मिली, जिससे उनका स्कूली दिनों से ही संपर्क रहा। 17 सितंबर 1957 को गुजरात के वडनगर में जन्मे मोदी का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से 8 साल की उम्र में जुड़ गए और स्थानीय शाखा में जाने लगे। मोदी 1960 के दशक के अंत में संघ से स्थायी रूप से जुड़े और घर-परिवार छोड़कर अहमदाबाद के मणिनगर इलाके में स्थित संघ के कार्यालय हेडगेवार भवन में रहने चले गए। इस दौरान उन्हें गुजरात के प्रांत प्रचारक लक्ष्मणराव इनामदार का स्नेह मिला। फिर वे उनके सहयोगी के तौर पर काम करने लगे। इनामदार के पास ना सिर्फ गुजरात, बल्कि महाराष्ट्र में लगने वाली संघ की शाखाओं की जिम्मेदारी थी। मोदी के कामकाज से ईमानदार इतना प्रभावित हुए कि उन्हें वे अपना मानस पुत्र मानने लगे। प्रधानमंत्री मोदी इमानदार को अपना गुरू मानते है। इन्हीं ईमानदार की संगति में मोदी 1972 में संघ के प्रचारक बने। तब से लेकर 1985 तक उन्होंने प्रचारक के तौर पर गुजरात में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बुनियाद मजबूत करने की भूमिका निभाई।

इसके अगले साल, राज्य में गुजरात नवनिर्माण आंदोलन चल रहा था। छात्रों द्वारा शुरू में शामिल हो गए। यह आंदोलन गुजरात में छात्रों द्वारा शुरू किया गया था। सुरेंद्रनगर से शुरू इस आंदोलन का मकसद गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल की सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ था।

प्रचारक रहते मोदी को संघ ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम करने के लिए भेजा गया। देखते ही देखते यह आंदोलन बिहार तक पहुंच गया। बिहार के छात्रों और नौजवानों ने जयप्रकाश नारायण की अगुआई में आंदोलन छेड़ दिया। देखते ही देखते यह आंदोलन व्यापक रूप से फैल गया। जयप्रकाश नारायण की अगुआई में चल रहे इस आंदोलन को भारतीय इतिहास में बिहार छात्र आंदोलन के नाम से जाना जाता है। इस आंदोलन के ही दौरान इंदिरा गांधी की रायबरेली से निर्वाचन को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। इसी छाया में 25 जून1975 की आधी रात को इंदिरा सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया।

आपातकाल के दौरान देशव्यापी गिरफ्तारियां शुरू हो गईं। उस दौरान संघ के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज नेताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसे में संघ ने अपने कई कार्यकर्ताओं को भूमिगत रहने का संदेश दिया। मोदी को भी भूमिगत रहने को कहा गया और मोदी भी भूमिगत हो गए। भूमिगत रहते हुए मोदी ने सरकार विरोधी साहित्य जगह-जगह बांटे, गिरफ्तार संघ कार्यकर्ताओं के घर-परिवार की देखभाल की। इसके लिए उन्होंने विदेश में बसे गुजरात समाज के लोगों से संपर्क किया और उनसे मदद मांगी। इससे प्राप्त धन का उन्होंने आपातकाल के बाद, उन्हें इस काले दौर के पीड़ितों से गवाही इकट्ठा करने का काम सौंपा गया। इसका उद्देश्य एक किताब लिखना था। इस दौरान, वे कई जनसंघ के नेताओं से मिले और पूरे भारत की यात्रा की। जनसंघ के नेता आपातकाल के पहले शिकार थे।

साल 1978 में नरेंद्र मोदी को संघ ने विभाग प्रचारक बनाया, फिर उन्हें सूरत और बड़ौदा विभाग का संघ प्रभारी बनाया गया। 1981 में, उन्हें प्रांत प्रचारक का दायित्व मिला। प्रांत प्रचारक रहते हुए उन्होंने गुजरात में संघ को प्रतिष्ठित करने में बड़ी भूमिक निभाई। इस दौरान उन्होंने संघ परिवार के कई प्रकल्पों, जैसे भारतीय किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और विश्व हिंदू परिषद से समन्वय बनाया। इस बीच गुजरात में साल 1985 में हिंदू-मुस्लिम दंगे हुए। इन दंगों के पीड़ितों के लिए उन्होंने बहुत काम किया।

इस दौरान नरेंद्र मोदी बड़े संगठनकर्ता के रूप में उभरे। 1985 आते-आते मोदी की संगठन क्षमता को पहचान मिली। इसकी गूंज दिल्ली तक पहुंची। साल 1986 में, जब लालकृष्ण आडवाणी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बने, तो उन्होंने पार्टी कार्य के लिए मोदी को बीजेपी में भेजने की मांग की। जिसे संघ ने स्वीकार कर लिया और 1987 में, मोदी को संघ ने भारतीय जनता पार्टी में काम करने के लिए भेज दिया। इसके बाद उन्हें भारतीय जनता पार्टी की गुजरात इकाई के संगठन मंत्री की अहम जिम्मेदारी मिली। इसी दौरान राम मंदिर आंदोलन में भारतीय जनता पार्टी ने शिरकत की। पार्टी अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवाणी ने 1990 में सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा शुरू की। भारतीय इतिहास में इसे भारतीय जनता पार्टी की रथयात्रा के रूप में जाना जाता है। आडवाणी की इस रथ यात्रा के मोदी गुजरात में प्रभारी बनाये गए। इसके एक साल बाद 1991 में, भारतीय जनता पार्टी के अगले अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी ने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक के लिए एकता यात्रा निकाली। जिसके राष्ट्रीय आयोजक उन्होंने नरेंद्र मोदी को ही बनाया। जोशी की इस यात्रा का उद्देश्य भारत की एकता को ना सिर्फ प्रदर्शित करना था, बल्कि आतंकवाद ग्रस्त श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा फहराकर भारतीय अखंडता को स्थापित करना था। बहरहाल गुजरात में भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने भाजपा को गुजरात के घर-घर तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। जिसकी परिणति 1995 के विधानसभा चुनावों में दिखी, जब राज्य में पार्टी को अपने दम पर बड़ा बहुमत मिला। गुजरात की कामयाबी के कुछ दिनों बाद मोदी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। केंद्रीय स्तर पर उनके कामकाज ने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व को इतना प्रभावित किया कि 2001 में उन्हें गुजरात के शासन की बागडोर सौंप दी गई... अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गुजरात को मॉडल राज्य बनाने में अहम् भूमिका निभाई। 2001 में जहां मोदी ने गंभीर सूखे की चुनौती का सामना किया, वहीं 2002 के भूकंप में तबाह हुए गुजरात को खड़ा करने के लिए कठोर परिश्रम किया। जिसकी बदौलत गुजरात ऐसा मॉडल राज्य बना, जिसकी गूंज देश ही नहीं, दुनियाभर में सुनाई देने लगी। कच्छ का रण महोत्सव, गुजरात में निवेश बढ़ाने के लिए किए गए कार्य, गुजरात में लड़कियों की शिक्षा के लिए उठाए गए कदमों ने गुजरात की तसवीर बदल कर रख दी। गुजरात की नहरों पर सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाना हो या सरदार सरोवर बांध का पानी गुजरात के आखिरी छोर तक पहुंचाना, मोदी ने जमकर मेहनत की। इसके चलते भारतीय राजनीति और आर्थिकी में दो शब्दों का एक नया युग्म उभरा, गुजरात मॉडल। हालांकि मार्च 2002 में गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस पर हुए हमले और उसमें मारे गए हिंदू तीर्थयात्रियों के प्रतिशोध में राज्यव्यापी दंगे फैल गए। मोदी को इस दौरान मुस्लिम विरोधी के रूप में बदनाम करने की कोशिश हुई। कांग्रेस की अगुआई वाली केंद्र सरकार ने उन्हें कठघरे में लाने की भरपूर कोशिश की। दंगों को लेकर उनसे घंटों सीबीआई ने जिरह की। लेकिन मोदी सब संकटों से बेदाग होकर उभरे।

इसके चलते उनकी राष्ट्रव्यापी छवि बनी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के चहेते के रूप में मोदी इस कदर उभरे कि भारतीय जनता पार्टी को साल 2013 में पहले उन्हें साल 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाया और जुलाई 2013 आते-आते उन्हें बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित कर दिया गया। इसका असर हुआ। भारतीय जनता पार्टी 2014 के चुनावों में अपने दम पर 273 सीटों के साथ बहुमत हासिल करके केंद्र सरकार बनाने में कामयाब हुई। प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी पहली पारी में उन्होंने महिलाओं के सम्मान के लिए तमाम कदम उठाए।

कभी भाजपा और संघ के कार्यक्रमों में दरी बिछाने, कुर्सियां लगाने वाला व्यक्तित्व आज भारतीय राजनीति का पर्याय बन चुका है। यह विराट व्यक्तित्व अपनी जिंदगी के 75 बसंत देखने की ओर बढ़ रहा है।

इतिहास में ऐसे व्यक्तित्व यदा-कदा ही पैदा होते हैं, जिनके जरिए वक्त करवट लेता है और राष्ट्र अपनी नई कहानी लिखता है। मोदी ऐसी ही शख्सियत हैं।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### बोफोर्स सौदे में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय ने जारी किया पूर्ण स्थगन आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बोफोर्स तोप सौदे के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पूर्ण स्थगन आदेश जारी कर दिया है। न्यायमूर्ति एस.आर. पंडियन और न्यायमूर्ति आर.एम. सहाय की खंडपीठ ने यह स्पष्ट किया कि प्रतिवादी विन चड्ढा अगले आदेश तक इस प्रतिकूल फैसले का किसी भी उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं कर सकता। इससे पहले प्रधान न्यायाधीश एचएम कानिया की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने इस महीने की 4 तारीख को अपने अंतरिम आदेश में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को क्रियान्वित करने पर आंशिक रूप से स्थगित कर दिया था, जिससे इस मामले में दर्ज कराई गई प्राथमिक सूचना रिपोर्ट व अन्य याचिकाएं रद्द हो जाती थीं।

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि इस फैसले का उपयोग स्विटजरलैंड की किसी अदालत ने किसी सील किए गए बैंक से पैसा निकालने की कोई सूचना जारी करने अथवा बोफोर्स जांच से संबद्ध किसी दस्तावेज को निकालने के लिए नहीं किया जा सकता।

### राज्य के हितों का हनन न होगा: भजन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री भजनलाल ने जोर देकर कहा है कि नदी जल व क्षेत्रीय विवादों पर राज्य के हितों का न तो हनन होगा और न ही किसी किस्म का अन्याय हो पायेगा। उनके शब्दों में प्रधानमंत्री नरसिंह राव के हाथों हरियाणा के हित सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात पत्रकारों के साथ आज यहां एक संक्षिप्त बातचीत में कही।

उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के इस विचार पर कि चंडीगढ़ के बदले हरियाणा को अबोहर-फाजिल्का नहीं दिया जायेगा, कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि वह इस समय किसी भी वाद-विवाद में नहीं पड़ना चाहते। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेअंत सिंह बढ़िया आदमी है तथा मसलों को आपसी बातचीत के जरिये ही हल करना चाहेंगे। उन्होंने इस बात की हामी भरी कि नदी जल विवाद के मतभेद अभी कम नहीं हुए, लेकिन कोई न कोई हल निकल आने की उन्हें आशा है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1598- नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की।
1761- कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया।
1778- अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली संधि (फोर्ट पिट) पर हस्ताक्षर किये गये।
1828- क्यूशू, जापान में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए थे।
1914- एंड्रयू फिशर तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
1934- तत्कालीन सोवियन रूस लीग ऑफ नेशनंस में शामिल हुआ।
1941 - न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया।
1949 - द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
1950 - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म।
1956 - भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
1956 - ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।
1956 - नॉर्मन बकले ने अपने मोटरबोट में विश्व जल गति रिकॉर्ड को तोड़ा।
1957 - मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1974 - बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1976 - नासा ने सार्वजनिक रूप से अपने पहले स्पेस शटल का खुलासा किया।
1988 - दक्षिण कोरिया के सोल में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन हुआ।
2004 - यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।
2011 - न्यूयॉर्क के जुकोट्टी पार्क में वॉल स्ट्रीट घेरो आंदोलन की शुरूआत।
2014 - चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग व्यापार संबंधों में सुधार के लिए भारत यात्रा पर आये।
2016 - न्यूयॉर्क के चेल्सी में आतंक बम से 29 घायल हुए।
2017 - पी वी सिंधु कोरिया ओपन सुपर सीरीज़ जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनीं।

## बोल ब्यूटीफुल



**सुशील दोषी:** पाकिस्तान के साथ मैच उम्मीद के अनुरूप एकतरफा ही रहा। पाकिस्तान की हमसे पिटने की आदत गई नहीं। मैच के बायकाट की मांग हो रही थी। क्रिकेट एक सभ्य खेल है और आतंकवाद एक असभ्य हरकत। पाकिस्तान दूसरों के लिए गड्ढा खोदेगा तो उसमें वही गिरेगा। जेल में कैद इमरान खान अपने देश की क्रिकेट में तबाही पर हो रहे होंगे। खेल में पतन देश की तरह ही है।

**यशवंत देशमुख:** मैच जीत गए हैं तो सब कुछ पहलगाम को समर्पित। अगर हार गए होते तो वह हार किसको समर्पित करते भाई? खेल है, जीत और हार लगी रहती है। समस्या जीतने-हारने से है ही नहीं। हाथ नहीं मिलाया तो कौन सा आसमान में सुराग कर दिया? खेलना है तो तमीज से खेलो या तमीज का फैसला लो कि खेलना ही नहीं है।

**राहुल शिवशंकर:** सुप्रीम कोर्ट ने समूचे वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने के बजाय केवल एक प्राविधान पर विराम लगाया। यह समान नागरिक संहिता की देश में एक बड़ा संकेत लगता है।

# इंजीनियरिंग के इंजन को रीस्किलिंग की जरूरत

दैनिक अर्थ प्रकाश



मानव सभ्यता के विकास में इंजीनियरिंग क्षेत्र का अभूतपूर्व योगदान है। भारत के ढांचागत एवं आर्थिक विकास में भी इंजीनियरिंग ने बड़ी भूमिका निभाई है। देश की जीडीपी में आईटी और इंजीनियरिंग सेक्टर का हिस्सा 7.5 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो 5.4 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है। यद्यपि दूसरी ओर, हर साल भारत में एक मिलियन से भी ज्यादा इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स पास होकर निकलते हैं, जिनमें से मुश्किल से मात्र 10 प्रतिशत को ही नौकरी मिल पाती है। यह विडंबना है कि जहां भारतीय इंजीनियर दुनिया भर की टेक कंपनियों में छाए हुए हैं, वहीं घरेलू स्तर पर बेरोजगारी की समस्या विकट होती जा रही है। इसका एकमात्र समाधान स्किल गैप को पाटकर इस चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। यदि स्किल गैप खत्म कर बीटेक और एमटेक युवाओं को और अधिक उपयोगी बनाया जाए, तो वैश्विक अवसरों में भी भारतीय इंजीनियर्स की भागीदारी को बढ़ाया जा सकता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स के अनुसार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र में भारत का 28 प्रतिशत वैश्विक टैलेंट पूल है, जो देश की जीडीपी वृद्धि को गति दे रहा है। आईटी सेक्टर अकेले 13 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देता है। इंजीनियरिंग क्षेत्र ने इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में क्रांति लाई है। इंजीनियरिंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट (ईआरएंडडी) बाजार 2025 में 133.71 बिलियन डॉलर का होने का अनुमान है, जो 2030 तक 217.90 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

नास्कॉम की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में टेक इंडस्ट्री ने 254 बिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जो वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करता है। भविष्य में कंप्यूटिंग और एआई जैसे क्षेत्रों में भारत की भूमिका और बढ़ेगी। ब्लूमबर्ग के अनुसार, 'भारत की 250 बिलियन डॉलर की टेक इंडस्ट्री आर्थिक विकास की रीढ़ है, जो 7.5 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देती है।' इसी तरह, आईएमएफ का अनुमान है कि 2027 तक भारत की जीडीपी 5 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी, जिसमें इंजीनियरिंग का बड़ा योगदान होगा।



दुनिया भर में भारतीय इंजीनियरों की धमक साफ दिखती है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला और एडोब के शांतनु नारायण जैसे भारतीय मूल के इंजीनियर वैश्विक टेक कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में बसे 77.5 प्रतिशत भारतीयों के पास बैचलर डिग्री या उससे ऊपर की योग्यता है। भारत हर साल 1 मिलियन से ज्यादा इंजीनियर तैयार करता है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा पूल है। कैरनेगी एंडोमेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 5 मिलियन प्रोग्रामर और पांच लाख एआई विशेषज्ञ हैं, जो एआई में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखते हैं। बैंगलोर जैसे शहर वैश्विक टेक हब बन चुके हैं, जहां 68 प्रतिशत टेक हायरिंग दक्षिण भारत से होती है। भारतीय डेवलपर्स वैश्विक कंपनियों की पहली पसंद हैं, क्योंकि वे कुशल और लागत-प्रभावी हैं। लेकिन घरेलू स्तर पर तस्वीर अलग है। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के आंकड़ों के अनुसार, 2021 से भारत हर साल लगभग 1 मिलियन से अधिक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स तैयार कर रहा है, लेकिन 2023-24 में यह संख्या 1.5 मिलियन तक पहुंच गई। हमारे यहां इंजीनियर तो तैयार हो रहे हैं, लेकिन स्किल गैप के कारण रोजगार की स्थिति चिंताजनक है। 2024 में 1 मिलियन से भी ज्यादा इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स में से केवल 10 प्रतिशत को नौकरी मिलने की उम्मीद रही। अनस्टॉप रिपोर्ट के अनुसार, 83 प्रतिशत इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स बिना जॉब या इंटर्नशिप के हैं। स्टेटिस्टा के आंकड़ों से 2024 में एम्प्लॉयबिलिटी 52.3 प्रतिशत थी, जो 2025 में थोड़ी बढ़ सकती है। नास्कॉम 2019 सर्वे में खुलासा हुआ कि 15 लाख ग्रेजुएट्स में से मात्र 2.5 लाख को जॉब मिली। आईटी सेक्टर में फ्रेशर्स की भर्ती 2022 में 6 लाख से घटकर 2023 में 2.5 लाख और 2024 में और कम हो गई। एमटेक ग्रेजुएट्स की स्थिति भी खराब है, जहां 37.9 प्रतिशत बेरोजगार हैं।

बेरोजगारी के मुख्य कारण स्किल्स की कमी है। ग्रेजुएट्स के पास डिग्री तो है, लेकिन इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स नहीं। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार का कहना है कि इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स में 48 प्रतिशत बेरोजगारी है। शिक्षा और जॉब मार्केट में असंतुलन है। इस समस्या का समाधान अपस्किलिंग और रीस्किलिंग में है। शॉर्ट-टर्म प्रोग्राम्स से ग्रेजुएट्स को इंडस्ट्री-रेडी बनाया जा सकता है। इसके लिए अप्रेंटिसशिप, ऑन द जॉब ट्रेनिंग और शॉर्ट टर्म प्रोग्राम ही समाधान दिखाई देते हैं। स्किलिंग के साथ-साथ अपस्किलिंग, रिस्किलिंग, क्रॉस स्किलिंग बहुत आवश्यक है। देश में कौशल विकास को समर्पित संस्थानों को यह जिम्मा संभालना होगा। देश का पहला कौशल विश्वविद्यालय होने के नाते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने यह पहल की है। रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे बीटेक और एमटेक पास युवाओं का स्किल गैप खत्म करने के लिए हमारे पास ठोस रणनीति है। इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड प्रोग्राम्स और शॉर्ट टर्म प्रोग्राम्स के माध्यम से इन युवाओं को इंडस्ट्री के हिसाब से तैयार किया जा सकता है। कई ऐसे सेक्टर हैं, जहां थोड़ी सी वेल्यू एडिशन से ही बेरोजगार इंजीनियर्स को रोजगार योग्य बनाया जा सकता है। यह सब चार से छह महीने के शॉर्ट-टर्म प्रोग्राम्स के जरिए सम्भव है। हमें यह याद रखना होगा कि इंजीनियरिंग भारत के विकास का इंजन है, लेकिन बेरोजगारी की समस्या को केवल अपस्किलिंग और रिस्किलिंग से ही हल किया जा सकता है। इस दिशा में अविलम्ब कार्य करने की आवश्यकता है।

**लेखक-प्रोफेसर दिनेश कुमार श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरु हैं**

# आपदा में प्रदेश सरकार की निष्क्रियता सवालों के घेरे में : अनुराग सिंह ठाकुर

**कल सुबह 7 बजे धर्मपुर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे सांसद**

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर दुःख प्रकट करते हुए आपदा पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी जी तो हिमाचल के लिए आपदा की इस घड़ी में बहुत कुछ कर रहे हैं, मगर हिमाचल की कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता से जनता में सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर प्रदेश सरकार है कहाँ है?

अनुराग ठाकुर कल सुबह 7 बजे धर्मपुर में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि- ÷प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हालात विकट हैं। भारी बारिश ने जमकर तांडव मचा रही है और मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर में बस स्टैंड के डूबने, बसें और कई वाहन के बह जाने की खबर है। बीते कल से कुछ इलाकों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त होने की सूचना से मन व्यथित है। मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर में भारी बारिश से हुए जान-माल व आधारभूत ढाँचे का हुआ नुक़सान कष्टदायी है। मेरी संवेदनाएँ आपदा पीड़ितों के साथ हैं और केंद्र सरकार पूरी तरह हालातों पर नजर बनाए हुए है। मेरा निवेदन है कि आपदा संबंधी सरकारी निर्देशों का पालन करें और अपना बहुत ध्यान रखें। धर्मपुर में रजत ठाकुर जी जनता के बीच हैं आपदा प्रभावितों की सहायता के हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। मैं भी कल सुबह 7 बजे धर्मपुर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों के साथ होऊँगा। हाल ही में आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल भ्रमण कर पीड़ितों का हाल भी जाना और देवभूमि के ज़ख्मों पर मरहम स्वरूप ?1500 करोड़ की वित्तीय सहायता भी दी। भारतीय जनता पार्टी की कई राज्य सरकारें आपदग्रस्त हिमाचल की मदद के लिए बढ़-चढ़ कर अपनी भूमिका निभा रही हैं।

# सैंज घाटी में 20 दिन से सड़क बंद, 30 घर पूरी तरह बर्बाद

## स्नो लैंड स्काउट्स व टीम सहभागिता ने किया मतला गाँव का दौरा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा




**सैंज (कुल्लू )16 सितंबर।** स्नो लैंड स्काउट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप कुल्लू तथा टीम 'सहभागिता' की संयुक्त टीम ने आज सैंज घाटी के मतला गाँव का दौरा किया और आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। दौरे के दौरान टीम ने पाया कि गाँव में लगभग 30 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

प्रभावित परिवार अपने टूटे-फूटे घरों से दूर टेंटों में रहने को मजबूर हैं। कई परिवारों ने नज़दीकी गाँवों में किराए पर कमरे ले रखे हैं, वहीं कुछ परिवार अपने बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं सहित गौशालाओं में शरण लिए हुए हैं। गाँव की सड़क पिछले 15-20 दिनों से बंद है, पानी व संचार की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे प्रभावित परिवार गहरी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

इस दौरे में स्नो लैंड स्काउट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप की ओर से चेयरमैन अमन भारती तथा टीम 'सहभागिता' की ओर से प्रोजेक्ट हेड श्रवण कुमार के नेतृत्व में टीम शामिल रही। इस अवसर पर रोवर स्काउट लीडर एवं टीम 'सहभागिता' के अध्यक्ष बीजू हिमदल ने कहा कि प्रशासन और सरकार अपने स्तर पर राहत कार्यों में जुटे हुए हैं, जिसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। लेकिन आपदा की गंभीरता इतनी है कि अकेले प्रशासनिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं।

समाज के विभिन्न वर्गों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और स्वयंसेवकों को भी आगे आकर इन परिवारों के लिए मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए। प्रभावित परिवारों की पीड़ा कम करने के लिए सामूहिक सहयोग ही सबसे बड़ा सहारा बन सकता है। टीम ने अपील की है कि इस विकट परिस्थिति में सभी लोग अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करें चाहे वह राशन, वस्त्र, दवाइयाँ, मनो-सामाजिक सहयोग या पुनर्वास संबंधी मदद के रूप में हो।

# आनी में उपायुक्त का पैदल मार्च, दुर्गम पहाड़ियों को उतरकर जाना पीड़ितों का हाल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 16 सितंबर।** उपायुक्त कुल्लू आजकल आपदा प्रभावित क्षेत्र आनी-निरमंड के दौरे पर है। इस दौरान उपयुक्त तोरुल एस रवीश ने कई दुर्गम पहा?ियों को उतरकर पी?ितों का हाल जाना और उन्हें फौरी राहत के तत्काल आदेश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने निरमंड की अति दुर्गम पंचायत राहणु के उर्टु का जायजा भी लिया। इस दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय बड़ी लांज (निरमंड ) में उपायुक्त ने बच्चों की क्लास ली। और बच्चों ने विभिन्न सवालों के सही जवाब भी दिए। उपायुक्त ने आनी उपमंडल का दौरा कर बरसात से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को त्वरित गति प्रदान करने और सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 305 के कई स्थानों पर 100 मीटर तक धंसने का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएच विभाग को तकनीकी समाधान निकालने और जलोड़ी जोत तक बस योग्य मार्ग जल्द बहाल करने के लिए कहा। एसडीओ एनएच आरएम शर्मा ने बताया कि कई स्थानों पर क्रेटवॉल लगाने की आवश्यकता है, जिसके लिए कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने सड़क बहाली के लिए टेंडर प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया।

तहसीलदार रत्नेश्वर शर्मा ने बताया कि 31 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। उपायुक्त ने पटवारी और संबंधित स्टाफ को प्रभावित लोगों को समय पर राहत प्रदान करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पटारना में हाल ही में हुए हादसे का भी जायजा लिया और वहां धंस रहे भवनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

बीडीओ आनी विद्या चौहान को पंचायतों में हुए नुकसान का आकलन करने और आगामी कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जलोड़ी से लुहरी तक एनएच 305 और इसके आसपास के नुकसान का प्राकलन तैयार करने को कहा।

उपायुक्त ने क्षेत्र में सेब की बची हुई 15 फीसदी मंडियों तक पहुंचाने के लिए पेश आ रही समस्याओं पर भी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने बस सेवाओं को जल्द बहाल करने और सड़क मार्गों को खोलने के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# मेडिकल कालेज अस्पताल के आवश्यक व्यय को आरकेएस ने दी मंजूरी

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 16 सितंबर।** डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज (आरकेजीएमसी) अस्पताल हमीरपुर की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने शिमला से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर इस बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में अस्पताल की वार्षिक आय-व्यय, विभिन्न सुविधाओं के विस्तार और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान समिति को लगभग 5.04 करो? रुपये की आय का अनुमान है और अगर इसमें पिछली जमा राशि को मिला दिया जाए तो यह आय 5.07 करो? रुपये से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आम जनता पर आर्थिक बोझ डाले बगैर विभिन्न सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं तलाशें और इसके लिए एक व्यापक योजना तैयार करें।

समिति ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न सेवाओं, मरम्मत कार्यों, अस्थायी कर्मचारियों के मानदेय और अन्य आवश्यक खर्चों के लिए कुल 4,75,50,249 करो? रुपये के अनुमानित बजट के आवंटन को मंजूरी प्रदान की। वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के कुछ आवश्यक व्यय को भी एक्स पोस्ट फैक्टो स्वीकृति दी गई। समिति के माध्यम से सेवारत अस्थायी कर्मचारियों के मानदेय को लेकर भी निर्णय लिए गए। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों के 200 और नर्सों के 400 पद भरने जा रही है, जिससे लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

बैठक में एडीसी अभिषेक गर्ग और आरकेजीएमसी के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आरकेजीएमसी के अतिरिक्त निदेशक अनुपम ठाकुर, अस्पताल के एमएस डॉ. देशराज शर्मा, सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी, समिति के अन्य सरकारी और गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित थे। जबकि, शिमला से स्वास्थ्य विभाग की सचिव एम.सुधा देवी और विशेष सचिव अश्वनी कुमार ने भी वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में भाग लिया।

# कांग्रेस सरकार ने छिड़का पीड़ितों के जख्मों पर नमक : विधायक इन्द्रदत्त

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 15 सितम्बर।** प्राकृतिक आपदा से तबाह हुए बड़सर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के लोकप्रिय सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकार को कड़े शब्दों में आड़े हाथों लिया। इस मौके पर बड़सर के मेहनती और जनप्रिय विधायक श्री इन्द्रदत्त लखनपाल भी उनके साथ मौजूद रहे।

दोनों नेताओं ने सौर, जन्हेंण, पथल्यार, बणी, पाहलु सहित आपदा प्रभावित गांवों का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। हर जगह एक ही दर्दनाक सच्चाई सामने आई कांग्रेस सरकार राहत देने के नाम पर सिर्फ़ झूठे सपने और खोखले आश्वासन बाँट रही है। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि ÷कांग्रेस सरकार ने आपदा पीड़ितों के साथ सबसे बड़ा मज़ाक किया है। राहत पैकेज का ढोल पीटा गया, लेकिन ज़मीन पर सिर्फ़ 1.50 लाख रुपये देकर पीड़ितों के घावों पर नमक छिड़का गया। यह सरकार संवेदनहीन और गैर-जिम्मेदार है। 2023 की आपदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हिमाचल के लिए 4500 करोड़ रुपये की विशेष मदद दी थी, लेकिन आज तक कांग्रेस सरकार ने केवल 300 करोड़ रुपये ही खर्च किए। बाक़ी 4200 करोड़ कहाँ गए, इसका हिसाब सरकार जनता को दे।÷

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लापरवाही और भ्रष्टाचार ने पीड़ित परिवारों को खंडहरों में जीने के लिए मजबूर कर दिया है। विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने कहा कि ÷हमारे बड़सर क्षेत्र के परिवार रातें खुले आसमान तले गुज़ार रहे हैं। जिनके घर, खेत और रोज़गार सब कुछ तबाह हो गया, उन्हें कांग्रेस सरकार ने सिर्फ़ फाइलों में राहत दी। असलियत यह है कि हर गाँव में लोग अपने हक़ की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह सरकार जनता के ज़ख्मों पर मरहम नहीं लगा रही बल्कि उन्हें छल रही है। भाजपा हर हाल में इन पीड़ित परिवारों की आवाज़ बनकर खड़ी रहेगी।÷

भारतीय जनता पार्टी बड़सर मंडल ने कहा है कि ÷कांग्रेस सरकार का असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। झूठे वादों और भ्रष्टाचार से कांग्रेस सरकार हिमाचल को गुमराह कर रही है। भाजपा तब तक चुप नहीं बैठेगी, जब तक हर पीड़ित परिवार को न्याय और उनका हक़ नहीं मिल जाता।÷

# राज्यपाल ने यात्री सेवा दिवस समारोह में भाग लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कांगड़ा।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा आयोजित यात्री सेवा दिवस समारोह के तहत जिला कांग?ा के गग्गल हवाई अड्डे के परिसर के हर्बल गार्डन में पौधरोपण किया। यह पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को ब?ावा देने सहित बुनियादी ढांचे के विकास के महत्त्व को रेखांकित करता है।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने वनों एवं उनके संरक्षण के लाभ के बारे में जागरूकता ब?ाने और सतत जीवन शैली को ब?ावा देने में ऐसी पहल की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों से वनीकरण प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेने और पर्यावरण संरक्षण की ?िम्मेदारी लेने का आग्रह किया, जो वर्तमान और भावी पी?ियों दोनों के कल्याण के लिए आवश्यक है।

कांग?ा के उपायुक्त हेमराज बेरवा,

# शिक्षा ऋण योजना में डेढ़ लाख रुपए तक ऋण का प्रावधान

**पिरथीपुर निचला और चलेट अप्पर के ग्रामीण किए जागरूक**

अथ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित युवाओं को मैट्रिक के बाद तकनीकी विषयों और व्यवसायों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षा ऋण योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत 75 हजार रूपये तक का ऋण ब्याज मुक्त और 75 हजार से 1.5 लाख रूपये तक का ऋण 4 से 5 प्रतिशत वार्षिक दर पर उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। योजना के अन्तर्गत आवेदक छात्र के माता-पिता व अभिभावक भी सह-ऋणी होते हैं। यह ऋण केवल उन्हीं परिवारों के छात्रों/छात्राओं को प्रदान किए जाते हैं जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है। इस योजना में डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्सिस जैसे जेबीटी, एमबीबीएस, इंजिनियरिंग, एक वर्षीय होटल मैनेजमैंट, एमबीए, जीएएमएस,



एमएस, नर्सिंग आदि के लिए ऋण देने की सुविधा का भी प्रावधान है। इसके साथ ही ऋण की वसूली कोर्स पूर्ण होने के दो वर्ष बाद अथवा नौकरी मिलने पर, जो पहले हो, से शुरू हो जाती है।

यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नाट्यदल आर.के. कलामंच चिंतपूर्णी ने मंगलवार को पहले चरण के तीसरे दिन गगरेट उपमंडल के पिरथीपुर निचला और चलेट अप्पर गांवों में गीत-संगीत और नुक्क? नाटकों के जरिए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए दी। कलाकारों ने बताया कि शिक्षा ऋण योजना आर्थिक रूप से एससी व एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को आगे ब?ने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद करती है। उन्होंने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

### जागरूकता कार्यक्रमों का शेड्यूल

इसी कड़ी में 17 को चौकी और धवाली तथा 18 सितंबर को बंगाणा के त्यार और बौल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं, दूसरे चरण में पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा द्वारा 6 से 10 अक्तूबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें 6 अक्तूबर को बंगाणा के बल्ह-खोली और परोइयां कलां, 7 को हरोली के खड्ड खास और भदसाली थोलियां, 8 को सलोह अप्पर और दुलैहड अप्परला, 9 को ऊना के धमांदरी और कुरियाला तथा 10 अक्तूबर को बहडाला और सासन में गीत संगीत व नुक्क? नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आज से 16 अक्तूबर तक होगा राष्ट्रीय पोषण माह

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ?िला सोलन में 17 सितम्बर से 16 अक्तूबर, 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, ग्रामीण विकास, आयुष तथा अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पोषाहार के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का विषय 'सही पोषण, स्वस्थ जीवन' है। उन्होंने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना। उन्होंने कहा कि इसके तहत प्रौद्योगिकी, अभिसरण और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से बच्चों में बौनापन, कुपोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम व?न को कम करने के बारे में जागरूक करना है। उपायुक्त ने कहा कि पोषण माह के दौरान 17 सितम्बर, 2025 को ?िला के आंगनबा?ी केन्द्रों में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए सलाह सत्र तथा पोषण व्यंजन पकाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 18 सितम्बर, 2025 को बच्चों, किशोरों और वयस्कों के लिए विकास माप शिविर तथा चीनी व तेल की खपत में कमी पर सामुदायिक जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 सितम्बर, 2025 को पोषण पर पिताओं के नेतृत्व में सामुदायिक प्रतिज्ञाएं आयोजित की जाएंगी। 20 सितम्बर, 2025 को आभा आईडी बनाई जाएगी। उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागों, महिला मण्डलों, युवक मण्डलों, स्वयं सहायता समूहों तथा पंचायती राज प्रतिनिधियों से इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना का आग्रह किया।

### राज्य स्तरीय प्री -आरडी कैंप के लिए 4 छात्रों का चयन



**ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 4 स्वयंसेवियों का चयन राज्य स्तरीय प्री –आरडी कैंप के लिए हुआ । स्वयंसेवियों का चयन ज़िला स्तरीय प्री – आरडी कैंप में हुआ जिसका आयोजन एस. वी. एस .डी. महाविद्यालय भटोली में किया गया । इस कैंप में कुल 8 स्वयंसेवियों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ जिसमें महाविद्यालय ऊना के विशाल सोनी, स्वयं पुरी, आयुष सैनी, व निष्ठा शर्मा का चयन हुआ । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. मीता शर्मा ने स्वयंसेवियों को बधाई दी व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया । इसके साथ साथ उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवित्र दुलारी व प्रो. मनजीत सिंह मान को भी बधाई दी ।इस अवसर पर डॉ सुरेश व डॉ संजय वर्मा उपस्थित रहे।

# भाजपा ने कहां छुपा रखा है सांसद कंगना को : किशन

**कुल्लू 16 सितंबर।** भाजपा ने सांसद कंगना रनौत को कहाँ छुपा रखा है। केंद्र से मंत्री तक हिमाचल के कोने-कोने में पहुंच चुके हैं लेकिन सांसद कंगना रनौत अभी तक लापता चल रही है। यह बात मणिकर्ण घाटी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने कहीं। वह जिला परिषद की सदस्य रेखा गुलेरिया द्वारा विधायक पर लगाए आरोपों का पलटवार कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कंगना को मंडी लोकसभा क्षेत्र की जनता ने चुनकर भेजा है ताकि मुसीबत के समय में केंद्र में जाकर लोगों के समस्याओं को उठा सके लेकिन केंद्र में मामला उठाना तो दूर की बात वह क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों से मुलाकात करना अभी उचित नहीं समझ रही है।

उन्होंने भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए कहा है कि पहले अपनी सांसद का पता लगाएं कि वह कहां छुपी है उसके बाद प्रदेश सरकार पर टिप्पणी करें।

**सम्मान समारोह** | उपायुक्त ने की पीएमएजीवाई के तहत गठित जिला स्तरीय अभिसरण समिति बैठक की अध्यक्षता

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के लक्ष्यों को 30 सितंबर तक पूर्ण करें : राहुल

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि जिला में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के अंतर्गत चयनित गांवों की संबंधित ग्राम पंचायतें आगामी 30 सितंबर तक निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित बनाए। उपायुक्त आज यहां प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत गठित जिला स्तरीय अभिसरण समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति करने वाली 12 ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में जनगणना वर्ष 2011 के आंक?ों के अनुसार 500 से अधिक आबादी तथा 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति बहुल 25 गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में शामिल किया गया है। पीएमएजीवाई योजना के माध्यम से इन चयनित गांवों में दस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में 50 समाजिक-आर्थिक निगरानी योग्य संकेतकों के माध्यम से व्यापक सुधार लाना हैं।

उन्होंने कहा कि चयनित गांवों में जिन कार्यों को वर्तमान में किसी भी राज्य या केंद्र योजना के अंतर्गत पूर्ण नहीं किया जा सकता है को इस योजना के गैप ?िलिंग (अंतर पाटन) निधि से पूर्ण किया जाना है। साथ ही चयनित गांव में राज्य की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) द्वारा गांव में विकासात्मक कमियों को भी पूर्ण करना है। इस योजना के तहत चयनित प्रत्येक गांव में 20-20 लाख रूपये की धनराशि मुहैया कराई गई है।

उन्होंने सभी चयनित गांव की ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों से गांव विकास योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित बनाने को भी कहा ताकि जिला बिलासपुर इस योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन में अग्रणी बन सके।

राहुल कुमार ने कहा कि योजना में चयनित सभी 25 गांवों में विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत कुल 4761 लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 4623 को लाभान्वित किया जा चुका है जो कुल लक्ष्य का 97 प्रतिशत है। उन्होंने विभागीय योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति (सैचुरेशन) लक्ष्यापूर्ति के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वित होकर कार्य करने के भी निर्देश दिये।

उपायुक्त ने योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाली 12 ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### इन 12 पंचायतों को किया सम्मानित


उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाली 12 ग्राम पंचायतों जिनमें सदर ब्लॉक की बिनोला, भोली, दियोली, कोठीपुरा एवं ओयल, झंडुता ब्लॉक की बाला, डुडियां, तथा पपलोआ, घुमारवीं ब्लॉक की पनोह और पटटा तथा श्री नैना देवी जी ब्लॉक की ग्वालथाई पंचायत शामिल है को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त बीडीओ सदर बबीता धीमान, बीडीओ स्वारघाट विनय शर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी सदर बनीता बंसल, तहसील कल्याण अधिकारी श्री नैना देवी जी सुरेन्द्र पाल तथा जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के कंप्यूटर संचालक अक्षय कुमार को भी सम्मानित किया गया।




## 'जैनाचार्य डा. शिव मुनि' के जन्मोत्सव पर मुलाना में होगा 'सामूहिक जप-तप का आयोजन'

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** राष्ट्रीय संत व वर्तमान जैनाचार्य डा. शिव मुनि जी के 84वें जन्मोत्सव पर 18 सितम्बर को एसएस जैन स्थानक, मुलाना में साध्वी श्री रत्ना सुवृद्धि जी एवं साध्वी श्री सात्विक जी के पावन सान्निध्य में आत्म शुक्ल शिव प्रकाशोत्सव के अवसर पर सामूहिक एकासना व्रत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसएस जैन सभा, मुलाना के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि इस आयोजन को पूरे भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है और मुलाना में भी साध्वी श्री रत्ना सुवृद्धि जी एवं साध्वी श्री सात्विक जी के पावन सान्निध्य में एकाशना/आयम्बिल व्रत का आयोजन व जप-तप बड़ी श्रद्धा के साथ किया जाएगा। श्रीपाल जैन ने बताया कि आचार्य जी के नेतृत्व में आज देश भर में 1350 से अधिक जैन साधु-साध्वियां धर्मप्रचार व संयम साधना में रत हैं। श्रीपाल जैन ने सभी श्रद्धालुओं को इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।













# एमिनेंट पर्सन जनहित में अच्छा कार्य करें और शिकायतकर्ता को उचित न्याय दिलाने में सहभागी बनें : मोहनलाल बडौली

**प्रतिनिधियों ने सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बनाए जाने पर प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली का जताया आभार**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 16 सितंबर।** सीएम विंडो की सशक्त निगरानी और शिकायतों त्वरित समाधान के लिए सरकार की तरफ से जिले में एमिनेंट पर्सन नियुक्त किए गए हैं। जिला की गन्नौर विधानसभा से सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बनाए जाने पर घसौली गांव के सरपंच महेश त्यागी, राई विधानसभा से मुरथल ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन विनोद त्यागी व जिला कार्यालय प्रभारी बीजेपी सोनीपत राजेश मलिकपुर ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली का आभार व्यक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने सभी एमिनेंट पर्सन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीएम विंडो की निगरानी और शिकायतों के समाधान के लिए सरकार की तरफ से जिले में एमिनेंट पर्सन नियुक्त किए गए हैं ताकि संबंधित विभाग से शिकायतकर्ता को उचित करवाई और न्याय मिल सके। सरकार के निर्देशानुसार सीएम विंडो पर जब भी कोई शिकायत आती है तो संबंधित विभाग को शिकायत के निपटान के लिए एमिनेंट पर्सन के हस्ताक्षर करवाने जरूरी हैं और एमिनेंट पर्सन शिकायतकर्ता की संतुष्टि होने के बाद ही शिकायत का निपटान करने के लिए अपनी सहमति देगा। एमिनेंट पर्सन के हस्ताक्षर बिना सीएम विंडो की शिकायत का समाधान अधूरा माना जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों के समाधान में एमिनेंट पर्सन की अहम भूमिका होती है। उन्होंने आह्वान किया कि वे जनहित में अच्छा कार्य करें और शिकायतकर्ता को उचित न्याय दिलाने में सहभागी बनें।

# सोनीपत में डीटीपी विभाग की बड़ी कार्रवाई, भूमाफियाओं की 3.5 एकड़ अवैध प्लाटिंग पर चलाया पीला पंजा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत 16, सितंबर।** सोनीपत में लगातार अवैध प्लाटिंग पर तोड़फोड़ की कार्रवाई जारी है। राई विधानसभा के गांव जांटी कलां की राजस्व भूमि पर 3.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए 16 डीपीसी तथा अन्य प्लॉटों पर की गई चारदिवारी पर तोड़फोड़ की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।डीटीपी विभाग ने अवैध कॉलोनी प्लाटिंग करने वाले बिल्डरों की कमर तोड़ने को लेकर कमर कसी है। इसी के चलते आए दिन सोनीपत में अवैध प्लाटिंग पर डीटीपी विभाग का पीला पंजा चलता हुआ नजर आ रहा है। इस तरह के प्लाटिंग करने वाले डीलरों के खिलाफ एफआईआर की जाएगी जो भोली-भाली जनता को बहकाने का काम करते हैं।डीटीपी ने लोगों से भी अपील की है कि अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों के झांसे में शहर के लोग ना आए क्योंकि यह अवैध प्लॉट होते हैं और यहां पर कभी भी तोड़फोड़ की कार्रवाई हो सकती है, तो ऐसे में अपने खून पसीने की कमाई ऐसे अवैध प्लाटिंग में ना लगाए जहां आपको भारी नुकसान हो सकता है।

# पूरे देश को जोड़ने का कार्य करती है हिंदी भाषा : प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह

## जीवीएम कालेज में हिंदी दिवस के अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा का किया गया आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 16 सितंबर।** जीवीएम कालेज में हिंदी दिवस के अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम परुथी, प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह, उप प्राचार्या डॉ. सुमन नासा माननीय अतिथि पद्मश्री डॉ. सन्तराम देशवाल, डॉ. राजकला देशवाल, रोजी चोपड़ा व डॉ. वन्दना मलिक ने दीप प्रज्वलित कर परंपरा का निर्वहन किया। सर्वप्रथम एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वन्दना मलिक ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने अभिनंदन करते हुए उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत डॉ. सन्तराम देशवाल ने अपने ज्ञानवर्धक व्याख्यान में हिन्दी भाषा में रोजगार की संभावनाएँ विषय पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सम्बोधित किया। भाषा की विकास यात्रा के बारे में बताते हुए उन्होने पाल, प्राकृत, अपभ्रंश भाबाओं' का परिचय दिया। हिन्दी सम्प्रेषण व संस्कार की भाषा है। उन्होंने बताया के मातृभाषा में सम्प्रेषण सर्वश्रेष्ठ होता है। भाषा शिक्षा नीति के बारे में बताते हुए कहा कि हिन्दी दिल की भाषा है। रोजगार के अवसर के लिए पत्रकारिता आयोजना दुभाषिया बनना, नुवादक बनना, प्रकाशन विभाग में हिन्दी संशोधन व फीचर खन का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करते हुए छात्राओं को हिंदी भाषा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कमलेश चोपड़ा, संगीता शर्मा, रोहिणी मदान, डॉ. निहारिका, डॉ. मोनिका, रीतू, कुसुम कुमारी व हिन्दी विभागा की प्राध्यापिमकै डॉ0 नीति, डॉ. सुशीला, डॉ. संगीता, वीना उपस्थित रहे। डॉ0 कदना मलिक और प्राचार्या मंजुला स्पाह ने पद्मश्री डॉ संतराम देशवाल, डॉ. राजक्ला देशवाल व रोजी चोपड़ा का कार्यक्रम में पहुँचने पर धन्यवाद किया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने नंदकिशोर भारद्वाज के माता के निधन पर शोक व्यक्त किया



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 16 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ नंदकिशोर भारद्वाज की माता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।बड़ौली ने आज उनके इंडियन कॉलोनी, स्थित निवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बड़ौली ने कहा, 'यह दुखद समाचार सुनकर मन बहुत व्यथित है। नंदकिशोर भारद्वाज की माता का निधन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समाज के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।'

# विधायक पवन खरखौदा चुने गए हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष

**कराटे खेल को नई ऊंचाईयों तक ले जाने का किया जाए हर संभव प्रयास-अध्यक्ष विधायक पवन खरखौदा**




अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**खरखौदा,16 सितंबर।** हरियाणा ओलंपिक भवन, सेक्टर-3, पंचकूला में बीते दिनों हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन का चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में विधायक पवन खरखौदा को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव में जस कालरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार, सूर्यदेव, कुमारी अंजली को उपाध्यक्ष, अनूप सिंह को महासचिव, अनिल भारद्वाज, अंकित जागलान व कमलेश नेहरा को सह सचिव, मोहित को कोषाध्यक्ष व नरवीर मलिक, विवेक कुमार, ललित बेदी व जयदेव को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया।

चुनाव में एसोसिएशन के अधिकृत सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और मतदान प्रक्रिया को सफल बनाया। यह चुनाव पूर्णतः निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नियुक्त चुनाव अधिकारी रविन्द्र पानू, सह सचिव हरियाणा ओलपिंक एसोसिएशन, नीरज तंवर उपाध्यक्ष हरियाणा ओलपिंक एसोसिएशन व योगेश कालरा, महासचिव कराटे एसोसिएशन ओफ इंडिया की देखरेख में आयोजित किया गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन खरखौदा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि हरियाणा में कराटे खेल को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# फॉक्सवैगन इंडिया ने अपने सभी मॉडलों पर जीएसटी 2.0 मूल्य लाभ की घोषणा की

**चंडीगढ़।** फॉक्सवैगन इंडिया ने आज घोषणा की है कि वह अपने सभी मॉडलों पर ग्राहकों को पूर्ण जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपलब्ध कराएगी। नए संशोधित मूल्य 22 सितंबर 2025 से प्रभावी होंगे। जीएसटी में कटौती का लाभ वर्टस पर 66,900 तक, ताइगुन पर 68,400 तक और टिगुआन आर-लाइन पर 3,26,900 तक प्राप्त कर सकते हैं। सटीक मूल्य विवरण और आपके पसंदीदा मॉडल पर विशेष लाभ जानने के लिए अपने नजदीकी अधिकृत फॉक्सवैगन शोरूम से संपर्क करें। इसके अतिरिक्त, ग्राहक ताइगुन, वर्टस और टिगुआन आर-लाइन के चयनित मॉडलों पर क्रमशः 1.61 लाख रुपए से लेकर 3 लाख रुपए तक के अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

# गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप बना भारत का पहला 'ग्रीनप्रो सर्टिफाइड' सिक्योरिटी ब्रांड

**चंडीगढ़।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस ने आज घोषणा की है कि वह फिजिकल सिक्योरिटी इंडस्ट्री में लॉकरों के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनप्रो सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि ब्रांड की उस गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह पर्यावरण-जागरूक ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप पर्यावरण-अनुकूल और उच्च सुरक्षा वाले समाधान प्रदान करता है।सस्टेनेबिलिटी की विचारधारा को प्रोडक्ट डिज़ाइन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और डिस्पोज़ल तक हर चरण में शामिल किया गया है। इस तरह, व्यवसाय यह सुनिश्चित कर रहा है कि ग्राहकों को सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी में से किसी एक को चुनना न पड़े।ग्रीनप्रो सर्टिफिकेशन सख़्त मानदंडों पर आधारित होता है, जिसमें प्रोक्योरमेंट रणनीति, मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाएं (जैसे नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग और जल पुनर्चक्रण), प्रमाणित ग्रीन वेंडर्स से सामग्री की सोर्सिंग, पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग, रीसाइक्लेबिलिटी और एंड-ऑफ-लाइफ़ मैनेजमेंट शामिल हैं। यह सर्टिफिकेशन हर दो साल में नवीनीकृत किया जाता है ताकि उत्पाद लगातार निर्धारित कार्बन उत्सर्जन मानकों को पूरा करते रहें।श्री पुष्कर गोखले, सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस हेड, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप, ने कहा, 'गोदरेज में, सस्टेनेबिलिटी केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक मुख्य व्यावसायिक प्राथमिकता है। हमारा 36 प्रतिशत राजस्व पहले से ही गुड एंड ग्रीन प्रोडक्ट्स से आ रहे हैं और हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे बढ़ाकर 50त्न तक ले जाना है। हमारे लॉकर्स का ग्रीनप्रो सर्टिफिकेशन इस बात का प्रमाण है कि हम अपने प्रमुख राजस्व-उत्पादक उत्पादों के साथ इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कैसे आगे बढ़ रहे हैं। प्रोडक्ट डिज़ाइन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन तक स्थिरता को शामिल करके हम न केवल पर्यावरणीय प्रभाव को कम कर रहे हैं, बल्कि अपने स्टेकहोल्डर्स के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन भी सुनिश्चित कर रहे हैं।'

# फोनपे के इंडस ऐपस्टोर ने बनाई 10 करोड़ डिवाइस में अपनी जगह

**चंडीगढ़।** भारत के अपने एंड्रॉयड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने आज एक शानदार उपलब्धि की घोषणा की है ङ्क इसने 10 करोड़ से अधिक डिवाइस पर अपनी जगह बना ली है। इसकी सफलता का एक बड़ा कारण इसकी स्थानीय भाषा में होना है, जो यूजर्स को अंग्रेज़ी के साथ-साथ 12 भारतीय भाषाओं में भी ऐप्स खोजने की सुविधा देती है। इसकी सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके 40त्न यूजर्स, ऐपस्टोर को किसी ना किसी क्षेत्रीय भाषा में उपयोग करते हैं, जिनमें हिंदी, मराठी, तमिल और गुजराती सबसे पॉपुलर हैं। यह आँकड़ा दर्शाता है कि भारत में भाषाओं का कितना महत्व है और लोग अपनी भाषा में ऐप्स को एक्सप्लोर करना पसंद करते हैं।यह ऐपस्टोर उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में काफी पॉपुलर है और साथ ही कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में भी इसकी लोकप्रियता काफी तेजी से बढ़ रही है। इस महत्वपूर्ण क्षण पर, इंडस ऐपस्टोर की चीफ बिजनेस ऑफिसर, प्रिया एम नरसिम्हन जी ने कहा कि-'10 करोड़ का ऐतिहासिक आँकड़ा पार करना हम सभी के लिए एक बेहद गर्व का क्षण है, और भारत के लिए एक हॉरिज़ॉन्टल ऐप स्टोर बनाने की हमारी यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम अपने यूजर को एक सहज, सुरक्षित और बेहतर ऐप चुनने का अनुभव देना जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य इंडस ऐपस्टोर को सिर्फ़ एक ऐपस्टोर नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच बनाना है जहाँ यूज़र्स अपनी ज़रूरतों के हिसाब से सही ऐप्स खोज सकें। इसके साथ ही, हम डेवलपर्स को भी लगातार सपोर्ट करते रहेंगे। हम उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करते हैं, जहाँ वे भारत के क्षेत्रीय और सांस्कृतिक संदर्भों के लिए ख़ास तौर पर बनाए गए फ़ीचर्स की मदद से अपनी ऐप्स को सही यूजर्स तक पहुँचा सकते हैं।'

# एमेज़ॉन इंडिया ने आर्मी वैलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गेनाईजेशन के साथ एमओयू साईन किया

**चंडीगढ़।** आज एमेज़ॉन इंडिया और भारतीय सेना के अंतर्गत स्थापित प्रतिष्ठान, आर्मी वैलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गेनाईज़ेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, सैनिकों के जीवनसाथियों और युद्ध में अपने पतियों को खोने वाली सैन्य विधवाओं के लिए कंपनी में करियर के अवसर प्रदान करना है। इस गठबंधन से सैनिकों और उनके जीवनसाथियों के असाधारण कौशल को अवसर प्रदान करने की एमेज़ॉन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। कंपनी नियुक्ति के अनुकूलित तरीकों, प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों की मदद से उन्हें नागरिक जीवन में शामिल होने में मदद करना चाहती है। दीप्ति वर्मा, वीपी-पीपुल एक्सपीरियंस एंड टेक्नोलॉजी, एमेज़ॉन स्टोर्स इंडिया, जापान, एवं इमर्जिंग मार्केट्स, ने कहा,इस समझौते के अंतर्गत एमेज़ॉन इंडिया द्वारा एडब्लूपीओ के साथ मिलिटरी समुदाय के तीन स्तंभों- पूर्व सैनिकों, सैनिकों के जीवनसाथियों और युद्ध के दौरान हुई सैन्य विधवाओं पर केंद्रित होकर संबंधित नौकरियों और नियुक्तियों का विवरण साझा किया जाएगा, ताकि उन्हें रोजगार का अवसर मिल सके। एमेज़ॉन द्वारा वेबिनार और वर्कशॉप्स के साथ जागरुकता सत्र आयोजित किए जाएँगे। इस दौरान, आवेदकों को कंपनी में उपलब्ध नौकरियों और करियर को आगे बढ़ाने के अवसरों के बारे में बताया जाएगा।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com


## सार्वजनिक सूचना

मैं, मधु कुमारी और मधु मिश्रा, दोनों एक ही व्यक्ति हूँ। मेरी जन्मतिथि 10.10.1985 है। मेरे पिता का नाम श्री शैलेन्द्र कुमार पाठक है और मेरे पति का नाम राजीव रंजन मिश्रा है। विवाह के उपरांत मैंने अपना नाम मधु मिश्रा कर लिया है।

एपी-4683

I, Neera D/o Late Sh. Madan Lal r/o House No. 421/11, Valmiki Basti Nahan, District Sirmaur (H.P) declare that I have changed my minor daughter's name from Riya (Old Name) to Rashi (New Name) which needs to be corrected in her Aadhar No. (276389551744)

AP-4685

मैं अनीता कुमारी पत्नी श्री अनिल भट्टी निवासी मकान नंबर 1756/1, सेक्टर 29 बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम अनीता कुमारी से बदलकर अनीता भट्टी रख लिया है।

मैं सुषमा रानी पत्नी श्री अनिल कुमार जारोवर निवासी मकान नंबर 4134, मौली जागरण कॉलोनी चंडीगढ़ ने अपना नाम सुषमा रानी से बदलकर सुषमा जारोवर रख लिया है।

मैं सीमा पत्नी श्री. राजेश कुमार निवासी मकान नंबर 177, बाणियों की गली, कक्कड़ माजरा, जिला अंबाला, हरियाणा ने मेरा नाम सीमा से बदलकर सीमा देवी रख लिया है।

मैं, राघव आर भारद्वाज, पुत्र श्री राजीव कुमार भारद्वाज निवासी मकान नंबर 2752 फेज 7 मोहाली पंजाब ने अपना नाम राघव आर भारद्वाज से बदलकर राघव राजीव भारद्वाज कर लिया है।

मैं, अविनाश कुमार सुपुत्र अवदेश कुमार प्त 909 विकास नगर मौलीजगरा चंडीगढ़ ब्यान करता हूं कि अविनाश कुमार और मनीष कुमार एक ही व्यक्ति है।

मैं कुलवंत सिंह चौहान पुत्र स्वर्गीय मेहर सिंह चौहान निवासी मकान नंबर 590, प्रीत कॉलोनी, जीरकपुर एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम कुलवंत सिंह चौहान से बदलकर कुलवंत सिंह रख लिया है।

एपी-4686

मैं, शिव कुमार वर्मा, पुत्र स्वर्गीय श्री प्रेम चंद वर्मा, निवासी फ्लैट नंबर 10, जीएच-1, मांसा देवी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 5, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम शिव कुमार वर्मा से बदलकर शिव कुमार कर लिया है।

मैं, संजय कुमार पुत्र राम मेहर, निवासी फ्लैट नंबर ई-604, छठी मंज़िल, सुषमा एलीट क्रॉस, ओल्ड अंबाला हाईवे, ढकोली, गाजीपुर, ज़िरकपुर, ने अपना नाम संजय कुमार से बदलकर संजय कुमार नुनिवाल कर लिया है।

एपी-4687

मैं Surjeet Kaur पत्नी GS नं. 171082एम, रैंक-MSWPNR, मंजीत सिंह निवासी गांव/डाकखाना मंधार, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर अपना नाम Sarjit Kaur से बदलकर Surjeet Kaur करती हूं और मेरी उम्र 20 वर्ष से बदलकर जन्म तिथि 01.01.1973 करती हूं।

एपी-4688

I, DURGADEVI J am legally Wedded Spouse of Army No: 16118125X Rank: Spr Name-James Thiruvasagam A Presently Residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed My Name from DURGADEVI J to DURGA DEVI.

I, Service 16119710K Rank NK Name MIDIAM RAM BABU, presently residing at 161 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my son name from MIDIAM BALARAM to MIDIYAM SATHWIK.

AP-4689

मैं, विनोद कुमार पुत्र ईश्वर चन्द निवासी चंदाना गेट के बाहर, आजाद नगर, फांसवाला रोड, कैथल (हरियाणा) अपने नाबालिग पुत्र का नाम हर्षित से बदलकर हर्षित गुरान रखता हूँ। भविष्य में उसे हर्षित गुरान के नाम से जाना जाए। संबंधित कृपया नोट करें।

मैं, विनोद कुमार पुत्र ईश्वर चन्द निवासी चंदाना गेट के बाहर, आजाद नगर, फांसवाला रोड, कैथल (हरियाणा) अपने नाबालिग पुत्र का नाम मयंक से बदलकर मयंक गुरान रखता हूँ। भविष्य में उसे मयंक गुरान के नाम से जाना जाए। संबंधित कृपया नोट करें।

एपी-4690

मैं उपदेश उर्फ अवदेश, पिता विशुर देव, निवासी 99, जनता कॉलोनी, नया गांव, पोस्ट ऑफिस नया गांव, जिला एस.ए.एस नगर (मोहाली), पंजाब, अब से उपदेश के नाम से जाना जाऊंगा।

एपी-4691

मैं विकास पुत्र राज कुमार वासी मकान नं.245, फुटी तरावड़ी, वार्ड नं. 6, तरावड़ी, जिला करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर विकास से विकास कुमार रखा है

मैं Shakuntala देवी पत्नी जीत सिंह वासी मकान नं.1172. साई का बाग़ नजदीक कुलदीप नगर , अम्बाला कैंट ने अपना नाम बदलकर Shakuntla देवी रखा है

मैं मोहित कुमार गर्ग उर्फ़ मोहित गर्ग पुत्र मदन लाल वासी मकान नं 540 अर्बन एस्टेट-2 हिसार हरियाणा-125001. ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर मोहित कुमार गर्ग उर्फ़ मोहित गर्ग से मोहित गर्ग रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

मैं राहुल सिंगल पुत्र Barhma नंद सिंगल वासी मकान नं 1620 सैक्टर 16-17 हिसार हरियाणा -125001. ब्यान करता हूँ की मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर Jaanvi सिंगल से Janvi सिंगल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

मैं वरिंदर कौर पत्नी सिकंदर सिंह वासी गांव धर्मपुर जिला बिजनौर ने अपना नाम बदलकर वरिंदर और उपनाम कौर रखा है

मैं Sikandra सिंह पुत्र इंदरजीत सिंह वासी गांव धर्मपुर जिला बिजनौर ने अपना नाम बदलकर Sikandar सिंह रखा है

मैं पायल शर्मा पत्नी लेट श्री विजय कुमार शर्मा वासी 32-जी स्टेशन एरिया नीलोखेड़ी जिला करनाल ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर फलक से फलक शर्मा रखा है

मैं शशि बाला पत्नी रणधीर तिवारी वासी मकान नं 21 अशोका कॉलोनी नजदीक लाल द्वारा यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर शशि तिवारी रखा है

मैं सुधाकुमारी शर्मा पत्नी वीरेंदर कुमार वासी गांव Khumber जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर सुधा रखा है

मैं जसलीन कौर पुत्री हरजिंदर सिंह वासी 260, डिगोह, फतेहाबाद पिन 125106 हरियाणा, इंडिया, और वर्तमान निवासी Unit 521, 10 सिटीसाइड रोड़ NE, T3N2A1 ने अपना नाम बदलकर Jasleen Kaur से Jaslyn Kaur Bhandal रखा है

मैं, Dilawar सिंह, पुत्र बीर सिंह, निवासी मकान नं0 123 जीपी, सेक्टर-32, करनाल, हरियाणा – 132001 ने अपना नाम Dilawer Singh से बदलकर Dilawar Singh कर लिया है

मैं Tammna Munjal पुत्री शैलेंदर कुमार वासी मकान नं ए-2/188 एफ एफ, गेट नं. 6, Opp पेट्रोल पंप, सैक्टर 8, रोहिणी, नार्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Tamanna से Tammna Munjal रखा है

मैं संगीता गैंस पत्नी प्रदीप सिंह बैंस वासी ए 501, सुषमा क्रेसेन्ट, ढकोली, जीरकपुर, एस ए एस नगर ने अपना नाम बदलकर संगीता बैंस रखा है

मैं चेतन सिंह पुत्र हरबंस सिंह Samra वासी गांव Khun Khun Sarki, डाकघर मंद पंधेर, दसुया, होशियारपुर ने अपना नाम बदलकर चेतन सिंह Samra रखा है

एपी-4692

मैं सरोज उर्फ़ सरोज देवी पत्नी श्री हुकम चंद निवासी मकान नं. 75, गांव भोगपुर, तहसील कालका जिला पंचकूला हरियाणा घोषणा करती हूँ कि सरोज और सरोज देवी एक ही व्यक्ति का नाम है

एपी-4693

मैं पूना धर्मपत्नी गंगा सिंह मकान नं. 2287 फेज-2, रामदरबार चंडीगढ़ निवासी घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम पूनम से बदलकर पूना रख लिया है।

एपी-4694

मैं केसर सुपुत्री श्री आतिश कुमार निवासी मकान नं. 804, चरण सिंह कालोनी, मौली जागरां चंडीगढ़ घोषणा करती हूं कि मेरी माता मेरे सर्टिफिकेट पर इंदिरा है और मेरी माता का सही नाम इंदिरा रानी है, इंदिरा और इंदिरा रानी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

एपी-4695

मैं, संगीता पत्नी अमलेंदु प्रमाणिक, # 2708 विकास नगर, मौली जागरां चंडीगढ़, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम गीतांजलि से बदलकर गीतांजलि प्रमाणिक रख लिया है।

मैं, सोनिया गिरधर पत्नी विकास, निवासी प्त 3134 बी जे एन्क्लेव, सेक्टर 50-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सोनिया रख लिया है।

मैं, विकास गिरधर पुत्र कृष्ण, निवासी प्त 3134 बी जे एन्क्लेव, सेक्टर 50-डी, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर विकास रख लिया है।

मैं, जसबीर सिंह पुत्र राज कुमार, निवासी प्त 1160 सेक्टर 19-बी, चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम Luckshiet उर्फ Luckshiet Raj Darshan से बदलकर Luckshiet Puniaa रख लिया है।

मैं, विजय सैनी पुत्र सरजुग सैनी निवासी मकान नंबर 3, हरपुर भिंडी, जिला समस्तीपुर (बिहार) ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम विजय सैनी से बदलकर विजय साहनी रख लिया है।

एपी-4696

I Mohinder Kumar Saraf S/o Kunj Bihari Saraf R/o House No.- 41, Ward Number - 15, Khajanchian Wali gali, Bhadra Bazar, Sirsa, Haryana- 125055, have changed my name to Mohinder Sarraf.

AP-4697

मैं सुनीता देवे पत्नी भीम सिंह पता 485, न्यू प्यौदा रोड, गली नंबर 5, वार्ड नंबर 23, गदर पट्टी, कैथल जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर सुनीता देवे से सुनीता देवी रख लिया है

एपी-4698

मैं सुंदर सिंह पुत्र श्री हेम बहादुर निवासी वार्ड नंबर 18, मॉडल टाऊन मकान नंबर 760 झज्जर ब्यान करता हूं कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम सुंदर (sunder) है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सुंदर सिंह (Sunder Singh) है। अब मैं घोषणा करता हूं कि सुंदर (Sunder) और सुंदर सिंह (Sunder Singh) दोनों एक ही व्यक्ति यानी दोनों नाम मेरे ही हैं।

एपी-4699

मैं, बलविंदर कौर पत्नी जेसी 511645एल रैंक सब केसर सिंह निवासी वीपीओ ढुंडा तह। बस्सी पथाना (फतेहगढ़ साहिब) मेरे पति के सेना रिकॉर्ड में मेरा नाम बलजिंदर कौर और जन्म तिथि 09.09.1980 दर्ज है, लेकिन सही नाम बलविंदर कौर है और जन्म तिथि 09.09.1974 है।

एपी-4700

## बेदखली सूचना

मैं बलवान सिंह पुत्र श्री धर्म सिंह गांव मखण्ड तह. उचाना जिला जींद घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित व पुत्रवधु श्रीमती टिंकू जो कि मेरे कहने व सुनने से बाहर है मैं इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं कोई इनसे किसी प्रकार का लेन-देन करेगा स्वयं जिम्मेदार होगा।

एपी 4684

मैं परविंदर सिंह पुत्र बिक्रम सिंह, निवासी मकान नंबर 1, फायर स्टेशन, सेक्टर 38-सी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा गुरप्रीत सिंह और उसकी पत्नी लक्षिता मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इनको अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

एपी-4686

हम, उर्मिल पत्नी तेजिन्द्र कुमार व तेजिन्द्र कुमार पुत्र बनारसी लाल निवासी 15, कशमीर कालोनी, जगाधरी, जिला यमुनानगर ब्यान करते हैं कि हमने अपने पुत्र मनन त्रेहन को हमारे कहने - सुनने से बाहर होने पर दिनांक 04.04.2024 को समाचार पत्र के माध्यम से अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल किया था। अब हमारा पुत्र मनन त्रेहन हमारे कहने-सुनने में है, इसलिए हम उसकी बेदखली रद्द करते हैं। भविष्य में वह हमारे संपत्ति में हकदार होगा।

एपी-4688

मैं विद्या देवी पतनी स्वर्गीय मांगे राम निवासी #1323/18, फेज 11, मोहाली घोषणा करती हूँ कि मेरा बेटा विक्रांत कुमार मेरे नियंत्रण से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। कोई भी व्यक्ति उसके साथ लेन-देन अपने जोखिम पर करेगा।

एपी-4687

मैं, बलबीर पुत्र गंगा राम, हनुमान नगर जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। जो कोई भी इनके साथ किसी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखता है वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-4697

## खोया पायाव

मैं, पंकज गर्ग पुत्र ओम प्रकाश, निवासी मॉडल टाउन, जींद रोड, कैथल सूचित करता हूं कि मेरी असल पुरानी रजिस्टर्ड ट्रांसफर डीड नं. 3557/1 दिनाँक 8.8.2017, 420/1 दिनाँक 27.4.2016 तथा 3631/1 दिनाँक 1.9.2015 तथा असल पुरानी रजिस्टर्ड सेल डीड नं. 298/1 दिनाँक 23.4.1999 नजदीक नया बस अड्डा, कैथल में दिनाँक 1.9.2025 को गुम हो गई हैं। इस संदर्भ में DDR NO. 132280082501829 दिनाँक 16.9.2025 पुलिस स्टेशन, सिविल लाइन, कैथल में दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को मिले तो केनरा बैंक, छात्रावास रोड, मेन ब्रांच कैथल या वकील कबीर ढल, चैम्बर नंबर 84 कैथल में 7 दिन के अंदर संपर्क करे। या मोबाइल न. 9992456666, पर सम्पर्क करें।

एपी-4690


## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

### 11वीं यूके राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप कार्डिफ़ में शानदार ढंग से संपन्न; रूप कौर, नवजोत व गुरदीप सिंह ने जीता पहला स्थान

# गतका खिलाड़ियों की जंगी कलाओं ने वेल्स में दिखाए दांव-पेंच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** गतका फेडरेशन यूके की ओर से कार्डिफ़, वेल्स में आयोजित यूके की 11वीं राष्ट्रीय गत्तका चैंपियनशिप बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई जिसमें सात प्रमुख गतका अखाड़ों के खिलाड़ियों ने मुकाबलों के दौरान अपनी जंगी कलाओं के दांव-पेंचों से दर्शकों का मन मोह लिया।

गुरुद्वारा साहिब वेल्स और वहाँ की संगत के सहयोग से आयोजित इस वार्षिक चैंपियनशिप का उद्घाटन विश्व गत्तका फेडरेशन और नेशनल गत्तका एसोसीएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल ने सिलोह हलके से संसद सदस्य व गत्तका फेडरेशन यूके के प्रधान तनमनजीत सिंह ढेसी जगबीर सिंह जग्गा चक्कर, अध्यक्ष वेल्स कबड्डी क्लब, जसपाल सिंह ढेसी और केवल सिंह रंधावा हवेली होटल पंटिकन की उपस्थिति में किया।

परिणामों की घोषणा करते हुए हाउस ऑफ कॉमन्स की उच्च ताकती



*विश्व गतका फेडरेशन के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल, गतका फेडरेशन यूके के अध्यक्ष और सांसद तनमनजीत सिंह ढेसी तथा अन्य सदस्य कार्डिफ, वेल्स में 11वीं यूके राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप का उद्घाटन करते हुए।*

रक्षा कमेटी के चेयरमैन ढेसी ने कहा कि ब्रिटेन की युवा पीढ़ी द्वारा गत्तका खेल प्रति बढ़ती दिलचस्पी सराहनीय कदम है और अगले साल और भी खिलाड़ियों को आकर्षित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में सारे मुकाबले फरी-सोटी (व्यक्तिगत) वर्ग में ही खेले गए। उम्र वर्ग 14 साल से कम के मुकाबलों में अकाली फूला सिंह गत्तका अखाड़ा कोवेन्ट्री की रूप कौर ने अपने ही अखाड़े की गत्तकेबाज मनरूप कौर को हराकर पहला स्थान हासिल किया। बाबा बंदा सिंह गत्तका अखाड़ा ग्रेवजेंड की रिहाना कौर तीसरे स्थान पर रही।

इसी तरह 17 साल से कम उम्र वर्ग के लड़कों के मुकाबलों में बाबा फतेह सिंह गत्तका अखाड़ा वूलविच के नवजोत सिंह ने अपने ही अखाड़े के खिलाड़ी जशन सिंह को हराकर पहला स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में कोवेन्ट्री से अकाली फूला सिंह गत्तका अखाड़े के धर्म सिंह और तेजवीर सिंह ने साझा रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

18 साल से अधिक उम्र के मुकाबलों में जंगी हॉर्सिज क्लब वुल्वरहैम्पटन के गत्तकेबाज गुरदीप सिंह ने बाबा बंदा सिंह गत्तका अखाड़ा ग्रेवजेंड के कुलदीप सिंह को हराकर पहला स्थान हासिल किया। इस मुकाबले में तीसरा स्थान बाबा मित्त सिंह गत्तका अखाड़ा वुल्वरहैम्पटन के अनमोलदीप सिंह और निहाल सिंह ने साझा रूप से हासिल किया। सारे विजेता खिलाड़ियों को तगमे और सम्मान चिन्ह दिए गए जबकि गतका अखाड़ों की अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने और प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने को लेकर गत्तका फेडरेशन यूके द्वारा सभी प्रतिभागी गत्तका अखाड़ों को हजार-हजार पाउंड की नकद सहायता राशि प्रदान की गई। हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि संसद सदस्य ढेसी द्वारा वर्ष 2013 से यूके में लगातार गत्तका टूर्नामेंट करवाए जा रहे हैं और उनके द्वारा इस खेल के प्रचार-प्रसार हेतु की जा रही सेवा काबिल-ए-तारीफ है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि विश्व गत्तका फेडरेशन और नेशनल गत्तका एसोसीएशन द्वारा गत्तका फेडरेशन यूके को हर संभव सहयोग जारी रहेगा। तनमनजीत सिंह ढेसी ने सारे विजेताओं, स्वयंसेवकों और भाग लेने वालों को बधाई देते हुए स्वांजी और कार्डिफ की गुरद्वारा प्रबंधक कमेटियों व संगतों का विशेष धन्यवाद किया। इस मौके अन्य से अलावा हरमन सिंह जोहल, महासचिव गत्तका फेडरेशन यूके, खुशवंत सिंह, जीत सिंह अरोड़ा स्वांजी गुरुद्वारा कमेटी, संगत सिंह गरीब कार्डिफ गुरुद्वारा कमेटी, कुलदीप सिंह पड्डा, तरजीत सिंह संधू, राज बाजवा, गुरनाम निज्जर, जीतपाल सिद्धू, परमिंदर सुजापुर, रणधीर रंधावा, बलबीर बराड़, साहिब सिंह ढेसी, तारन सिंह निहंग कार्डिफ, मनप्रीत सिंह बधनी कलां, अकाली चैनल की टीम, अमनप्रीत सिंह सिख चैनल, अमनजीत सिंह खहीरा जन शक्ति न्यूज़ और सूजापुर आदि उपस्थित थे।

# भारत के सबसे बड़े सेमीकंडक्टर सम्मेलन में पेक की टीम की सक्रिय सहभागिता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 सितम्बर।** पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चंडीगढ़ की एक टीम, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के हेड प्रो. अरुण कुमार सिंह, फिजिक्स के हेड प्रो. संजीव कुमार, प्रो. संदीप कुमार तथा पीजी और पीएच.डी. शोधार्थी शामिल थे, ने देश के सबसे बड़े सेमीकंडक्टर सम्मेलन 'सेमिकॉन इंडिया 2025' में भाग लिया। यह सम्मेलन 2 से 4 सितम्बर 2025 को यशोभूमि (इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर), नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

सेमिकॉन इंडिया 2025 का चौथा संस्करण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 सितम्बर को उद्घाटित किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और एसईएमआई द्वारा किया गया। इस वर्ष सम्मेलन में 350 से अधिक प्रदर्शनी कंपनियों और 48 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।




सम्मेलन में सेमीकंडक्टर डिजाइन, फैब्रिकेशन, डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग, पैकेजिंग, अनुसंधान एवं विकास, नीतिगत पहल और इकोसिस्टम विकास जैसे विविध विषयों पर चर्चा हुई। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण कर आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

इसी दिशा में पेक पहले से ही सेमीकंडक्टर शिक्षा और अनुसंधान को लेकर अग्रसर है। वर्ष 2021 में माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा उद्घाटित सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर इसकी मिसाल है। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग ने माइक्रोन टेक्नोलॉजीस, एससीएल मोहाली, केडेन्स और वीएलएसआई के साथ समझौते किए हैं और वर्तमान में वीएलएसआई डिजाइन और टेक्नोलॉजी पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के कोर्स संचालित कर रहा है। सेमिकॉन इंडिया 2025 में पैक की भागीदारी न केवल छात्रों को वैश्विक अनुभव प्रदान करती है, बल्कि देश के सेमीकंडक्टर मिशन को मजबूती देने में भी अहम भूमिका निभाती है।

# जीएसटी कम होने पर फार्मा कंपनियों को एमआरपी पर स्टीकर लगाना अनिवार्य नहीं : ललित गोयल

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला।** अंतरराष्ट्रीय फार्मा महासंघ (आईपीएफ) की बैठक में औषधि उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में औषधि नियंत्रक हरियाणा ललित गोयल, महासंघ के महासचिव नीरज गिरी और प्रवक्ता सुरेंद्र राठी उपस्थित रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में लागू हुए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिवर्तनों के औषधीय मूल्य निर्धारण और अनुपालन पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा करना था।

हरियाणा ड्रग कंट्रोलर से मुलाकात कर त्रस्ज्ञ कि दर कम होने पर चर्चा की इस पर हरियाणा स्टेट ड्रग कंट्रोलर श्री ललित कोयल ने कहा जो स्टॉक का आपके पास अवेलेबल है

उस पर स्टीकर लगाना अनिवार्य नहीं है उसको बेच सकते हो उस पर एमआरपी का स्टिकर लाना अनिवार्य नहीं है। बैठक के बाद महासचिव नीरज गिरी ने सभी कंपनियों के सदस्य लिए विस्तृत जानकारी देते हुए सभी सदस्यों को संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) सूची प्रपत्र-5 (आईपीएफ प्रारूप) में प्रस्तुत करनी होगी। 22 सितंबर 2025 तक उपलब्ध गोदामों के भंडार पर पुनः-लेबलिंग या पुनः-स्टिकर चिपकाना अनिवार्य नहीं होगा।

सभी बिलों में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि बिल घटे हुए जीएसटी के अनुसार बनाए गए हैं और रोगियों को कम हुए एमआरपी का पूरा लाभ दिया जाए।? 22 सितंबर के बाद के बिलों में पुराने और नए दोनों अधिकतम खुदरा मूल्य स्पष्ट रूप से दर्शाने होंगे। निर्माण अथवा प्रसंस्करण में चल रहे उत्पादों पर जारी करने से पहले नए जीएसटी मानकों का पालन आवश्यक होगा।

# साक्षरता की ओर बड़ा कदम : उज्ज्वल लिखाई और साक्षरता प्रोजेक्ट ने संभाली कमान

**टीम ULLAS ने प्रदेश में 100त्न साक्षरता का लक्ष्य साधा, 21 सितंबर को होगी परीक्षा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली/चंडीगढ़, 16 सितम्बर :** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार व सभी राज्यों के सहयोग से चलाए जा रहे ÷उज्ज्वल लिखाई और साक्षरता÷ राष्ट्रीय अभियान के तहत वयस्क अशिक्षित व्यक्तियों को सशक्त बनाने की दिशा में चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने विशेष भूमिका निभाई है। इस अभियान का मकसद अशिक्षित वयस्कों को बुनियादी पढ़ना-लिखना व समझने के कौशल सिखाकर आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपनी रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें।

शिक्षा निदेशक हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ के नेतृत्व और जीएमएसएसएस सेक्टर-33 की प्रिंसिपल राजबाला के समन्वय में



गठित टीम ररूस्न इस लक्ष्य को पूरा करने में लगातार मेहनत कर रही है। विभाग द्वारा किए गए व्यापक सर्वेक्षण में 15,305 वयस्क निरक्षरों की पहचान की गई है। इसके लिए 18 सदस्यों की कोर कमेटी बनाई गई है जिसे %स्टेट रिसोर्स ग्रुप% का दर्जा दिया गया है। इसमें रवि जेसवाल, संजय कुमार, जसबीर सैनी, मुकेश सेठी, गुरजंत सिंह, संदीप कुमार, सत्यनारायण, डॉ. प्राची मान, नवीन कौर, कमिनी रावत, ईशा, अनुपमा शर्मा, सिमरनजीत कौर, मीनाक्षी धीमान, मनीका, सुनीता कुलासी और राधिका शामिल हैं। यह टीम प्रत्येक विद्यालय में नियुक्त नोडल अधिकारियों के संपर्क में रहते हुए जमीनी स्तर पर कार्य की निगरानी कर रही है।

विशेष अभियान के तहत सभी शिक्षार्थियों का पंजीकरण ररूस्न ऐप पर किया गया है और प्रत्येक निरक्षर को एक वॉलंटरी टीचर के साथ टैग किया गया है। शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के विद्यालयों में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जहां खाली पीरियड्स में शिक्षक वॉलंटियर्स अशिक्षित वयस्कों को पढ़ाते हैं। इसके अलावा समुदायिक स्थानों जैसे पार्क, गुरुद्वारे और सामुदायिक हॉल में भी शिक्षण कार्य जारी है।

ULLAS का पाठ्यक्रम व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें मातृभाषा में पढ़ना-लिखना, बुनियादी गणित, डिजिटल साक्षरता और जीवनोपयोगी सामान्य ज्ञान शामिल है। इस पहल के तहत जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मिशन से जुड़ सकें।

अभियान की अगली बड़ी परीक्षा आगामी रविवार 21 सितम्बर 2025 को होगी। परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लचीले समय में आयोजित की जाएगी, ताकि कामकाजी वयस्क शिक्षार्थी भी अपनी सुविधा के अनुसार शामिल हो सकें।

शिक्षा विभाग को विश्वास है कि इस अभियान की सफलता से न केवल चंडीगढ़ बल्कि पूरे देश में साक्षरता दर में अभूतपूर्व वृद्धि होगी और निरक्षरता दूर करने का राष्ट्रीय संकल्प साकार होगा।

# विद्यार्थियों की तकनीकी समझ को समृद्ध करना जरूरी : डॉ. अरोड़ा

**एसडी कॉलेज में आयोजित लेक्चर में डॉ. अरोड़ा ने इंडस्ट्री में विज़ुअलाइज़ेशन टूल्स के महत्व पर दिया बल**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पोस्टग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस विभाग की ओर से पीएम-उषा योजना के तहत ÷डेटा विज़ुअलाइज़ेशन यूज़िंग टैब्लो÷ विषय पर इन्वाइटेड लेक्चर का आयोजन किया गया। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (नीलिट) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, रोपड़ के साइंटिस्ट 'एफ' एवं रजिस्ट्रार डॉ. मनीष अरोड़ा ने लेक्चर दिया। चीफ इन्वेस्टिगेटर के रूप



में डॉ. अरोड़ा ने नीलिट, रोपड़ में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एफएसपीआरआईएमई योजना के अंतर्गत बिग डेटा एनालिटिक्स तथा ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन का नेतृत्व किया है।

उन्होंने इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल अकाउंटिंग सिस्टम्स और रिक्रूटमेंट एग्जामिनेशन सिस्टम्स जैसी अनेक सार्वजनिक क्षेत्र की पहलों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, डॉ. अरोड़ा ने नीलिट के अंतर्गत रक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अरोड़ा के स्वागत से हुई। जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रीना ने पौधा भेंट कर डॉ. अरोड़ा का स्वागत किया। डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों की तकनीकी समझ को समृद्ध करते हैं और उन्हें नए अवसरों की खोज के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने आयोजन सचिव डॉ. शैलजा अग्निहोत्री एवं ओजस्वी आनंद के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इस लेक्चर को आयोजित करने में अहम भूमिका निभाई।

इस लेक्चर में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. मनीष अरोड़ा ने विद्यार्थियों को टैब्लो की विशेषताओं से अवगत कराया, जिनमें इंटरैक्टिव डैशबोर्ड, एडवांस्ड विज़ुअलाइज़ेशन, एआई-संचालित इन्साइट, रीयल-टाइम एनेलिसिस तथा कोलेबोरेटिव टूल्स शामिल थे। साथ ही उन्होंने इसके व्यावहारिक उपयोग को भी प्रदर्शित किया।

# कुष्ठ रोगियों को बांटे फल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** बुंदेलखंड के प्रथमाचार्य आचार्य भगवन श्री विराग सागर जी गुरुदेव एवं नवीन पट्टाचार्य आचार्य भगवन श्री विशुद्ध सागर जी महामुनिराज के मंगल आशीष से व अंबाला नगर गौरव श्रमण रत्न श्री विकौशल सागर जी मुनिराज के मंगल आशीष व मंगल प्रेरणा से वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमल सागर जी महामुनिराज का 111वां अवतरण दिवस राष्ट्रीय विराग मंच रजिस्टर्ड चंडीगढ़ द्वारा चंडीगढ़ के कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों को फल इत्यादि वितरण किया गया। जिसमें राष्ट्रीय विराग मंच चंडीगढ़ के अध्यक्ष आकाश जैन जीरकपुर ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य गरीबों की सेवा आदि समय समय पर करते रहते है और आगे भी करते रहेंगे।

मौके पर राष्ट्रीय विराग मंच चंडीगढ़ के अध्यक्ष आकाश जैन जीरकपुर कैशियर खुश जैन मनिमाजरा व महामंत्री श्रीमान मयंक जैन पंचकुला आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पंजाब विश्वविद्यालय में विज्ञान और तकनीक का मेला शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में दूसरा अंतरराष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी सप्ताह (आईएसडब्ल्यूटीः 2025) शानदार तरीके से शुरू हो गया है। इस बार आयोजन का विषय है विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से जीवन को बदलना। इस कार्यक्रम में यूरोप, अमेरिका, एशिया, यूके और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के कई नामी विश्वविद्यालय और रिसर्च संस्थान भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. रेणु विग ने किया। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह वैज्ञानिक विचारों, शोध और नवाचारों को साझा करने का बेहतरीन मंच है। साथ ही यह पंजाब विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और शोध क्षमताओं को दुनिया के सामने दिखाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और प्रतिष्ठा को बेहतर बनाने की दिशा में भी एक अहम कदम है। खासकर क्यूएस और टाइम्स हायर एजुकेशन जैसी ग्लोबल रैंकिंग में सुधार की उम्मीद है। प्रो. विग ने उम्मीद जताई कि आईएसटीडब्लयू-2025 अंतरराष्ट्रीय सहयोग, फैकल्टी और छात्रों के आदान-प्रदान, संयुक्त प्रकाशनों और वैश्विक मानकों के अनुरूप विश्वविद्यालय की छवि को मजबूत करने में उत्प्रेरक का काम करेगा।

### क्षमावाणी हमारी आत्मशुद्धि के लिए पावन अवसर

**पंचकूला।** जैन धर्म के पावन पुनीत पर्व दसलक्षण महापर्व जो उत्तम क्षमा के



दिन से शुरु होकर अंतिम दिन क्षमावाणी पर शेष होता है। जैन धर्म अहिंसात्मक सीधान्त को पूर्ण रूप से अपनाना जानते है, हिंसा चाहे मन वचन, तथा काय के द्वारा किसी को ठेस पहुंचाना हो या मन दुखाया हो तो उसे भी हिंसा मानता है। क्षमावाणी एक पावन अवसर हम सभी के लिए आत्मशुद्धि, मंगल चिंतन का संदेश लेकर आता है, पर्व मात्र एक परम्परा हि नही बल्कि हृदय की गहराइयो से मैत्रिभाव जगाने का दिव्य अवसर है। आज श्री महावीर स्थल, फैंसी बाजार, गुवाहाटी मे आयोजित उत्सव के दौरान रतंत्रए की माल (माला) पाने का सौभाग्य अशोक - नीलम देवी छाबड़ा ने अपने पौत्र निश्चय सुपुत्र श्री नितेश - पूर्णिमा छाबड़ा जैन आठगांव निवासी ने प्राप्त कर बच्चों में धर्म, अहिंसा, क्षमा का संस्कार रूप मे बीजारोप? करते हुए अपने आप को धन्य किया।

### डीएसपी ने खिलाड़ियों का किया सम्मान

**पंचकूला।** राम दरबार स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा फेस 2 राम दरबार की मार्केट में आयोजित किए गए सम्मान समारोह में नवनियुक्त डीएसपी गुरजीत कौर जी, मुख्य अध्यापक डॉक्टर धर्मेंद्र शास्त्री जी और खेलों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले रामदरबार के बच्चो को सम्मानित किया । रामदरबार स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्री देवी सिंह जी ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा राम दरबार में इनडोर स्टेडियम बनाने की घोषणा का स्वागत किया । यह भी बताया कि चंडीगढ़ में इनडोर स्टेडियम बनाने की शुरुवात भी भाजपा सांसद के समय से हुई है। इस घोषणा से कोच सुनील मचल विनोद, भानू, सुनील गोगलिया जी और खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। सोसाइटी के सह सचिव विजेंद्र सूद ने डॉक्टर धर्मेंद्र शास्त्री को शिक्षक दिवस पर राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया जी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर बधाई ओर शुभकामनाएं दी।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया क्षेत्रीय कार्यालय चण्डीगढ़ ने किया हिंदी माह का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** क्षेत्रीय कार्यालय चण्डीगढ़ में हिंदी माह का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय प्रमुख श्री राम कुमार यादव एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री अशोक पूनिया ने दीप प्रज्ज्वलन करके शुभारंभ किया।इसके साथ सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा भी ली गई। हिंदी माह के अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। हिंदी माह का मुख्य उद्देश्य स्टाफ सदस्यों में हिंदी के प्रति अधिक से अधिक कार्य करने की प्रेरणा देना है। राजभाषा अधिकारी श्री ईशू चंद्रा ने कार्यक्रम का संयोजन किया एवं स्टाफ सदस्यों को हिंदी के प्रति समर्पण एवं कार्यालय कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने को प्रोत्साहित किया।

**जागरूकता**

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का भव्य आयुर्वेद दिवस समारोह 23 को

# लोगों को बताएंगे जन और पृथ्वी के लिए आयुर्वेद का महत्व

अर्थ प्रकाश/सोनू

पंचकूला, 16 सितंबर। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला, माननीय कुलपति प्रो. संजीव शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 23 सितंबर 2025 को आयुर्वेद दिवस को भव्यता और उत्साह के साथ मनाएगा। इस वर्ष, यह कार्यक्रम जन और पृथ्वी के लिए आयुर्वेद विषय पर आयोजित किया जाएगा और आधुनिक जीवन में आयुर्वेद की शाश्वत प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए लोगों के बीच इसके सिद्धांतों का प्रचार करेगा।

आयुष मंत्रालय ने 23 मार्च 2025 की एक राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से, 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस के रूप में घोषित किया है, जो पहले धनतेरस पर मनाए जाने की प्रथा को प्रतिस्थापित करता है। शरद विषुव के साथ मेल खाने वाली इस तिथि को इसकी स्थिरता और




प्रतीकात्मक महत्व के लिए चुना गया है, जो मन, शरीर और प्रकृति के बीच संतुलन के आयुर्वेद के मूल सिद्धांत को दर्शाता है।

समारोह में कई तरह की गतिविधियाँ शामिल होंगी। प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती में आयुर्वेद के समग्र अनुप्रयोगों पर स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान देंगे। जनता को व्यक्तिगत सलाह देने के लिए एक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा, जबकि दैनिक जीवन में आयुर्वेद के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए के छात्र-छात्राओं द्वारा 18 सितम्बर 2025 को पंजाब विश्वविद्यालय के स्टूडेंट सेन्टर पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा।

युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, छात्रों और आयुर्वेद प्रेमियों के लिए एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, साथ ही बीएएमएस छात्रों द्वारा आयुर्वेद सिद्धांतों की अपनी समझ को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए रंगोली और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएँ 19 सितम्बर 2025 आयोजित की जाएँगी। इसके अलावा 20 सितम्बर 2025 को स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व पर ज़ोर देने के लिए एक सामुदायिक स्वच्छता अभियान मनीमाजरा चंडीग? में चलाया जाएगा।

इस समारोह के एक भाग के रूप में, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला अपनी 10वीं आयुर्वेद दिवस ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित कर रहा है, जो सभी आयु वर्गों और भारतीय नागरिकों के लिए खुली है। पंजीकरण 10 से 18 सितंबर 2025 तक शाम 5ः00 बजे तक खुले रहेंगे।

▲ अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 24 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.08 बजे
सूर्यास्त 6.27 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,12,080.00
सैंसेक्स : 82,380.69
अमेरिका : 88.07
कैनेडियन : 64.06
आस्ट्रेलिया : 58.74

## न्यूज़ ब्रीफ

### गोदाम के बाहर खड़े ट्रक से दवाइयों के डिब्बे चोरी

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** भबात एरिया में एक गोदाम की बाहर खड़े ट्रक से दवाइयों के डिब्बे चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर जीरकपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कंपनी अजय कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी कंपनी का ट्रक जीरकपुर के भबात एरिया में स्थित दवा गोदाम से अहमदाबाद के लिए रवाना हुआ था। ट्रक में दवाइयों के कुल 409 डिब्बे लोड किए गए थे और सील लगाकर रात करीब 9 बजे भबात रोड पर खड़ा कर दिया गया। ड्राइवर धर्मपाल के मुताबिक, वह रात में ट्रक में ही सो गया। अगली सुबह करीब 6 बजे रवाना होने से पहले जब उसने गाड़ी की जांच की तो पाया कि ट्रक का पिछला दरवाजा खुला था और सील टूटी हुई थी। शक होने पर उसने तुरंत मैनेजर अजय कुमार को जानकारी दी। अजय कुमार अपने साथी विनोद कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और माल की गिनती की। गिनती करने पर 106 डिब्बे कम मिले। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराने सिस्टम की जनता दरबार से तुलना, पारदर्शिता और पहुंच पर बहस

# पुराने एडमिनिस्ट्रेटर फोरम की कार्यप्रणाली चर्चा में

पुराने फोरम को अधिक सम्मानजनक, पारदर्शी और समावेशी माना जा रहा

फोरम की सबसे बड़ी खासियत थी पारदर्शिता, मीडिया की उपस्थिति

आरटीआई के तहत पूरी जानकारी तक थी पहुंच, जनता को सीधे बोलने का था अवसर



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** शहर में एक बार फिर पुराने 'एडमिनिस्ट्रेटर फोरम' की कार्यप्रणाली चर्चा के केंद्र में है। हाल ही में एक नागरिकों द्वारा साझा की गई यादों ने प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर नए सिरे से बहस छेड़ दी है। जहां वर्तमान में यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा शुरू किया गया जनता दरबार बुधवार को आयोजित होता है, वहीं पुराने फोरम को अधिक सम्मानजनक, पारदर्शी और समावेशी माना जा रहा है।

पुराने मॉडल के दौरान खुली बैठकों में जनता की बात सुनी जाती थी। 2000 के दशक की शुरुआत में करीब 7-8 वर्षों तक चला एडमिनिस्ट्रेटर फोरम न केवल जन शिकायतों को सुनता था, बल्कि उनका व्यवस्थित और सार्वजनिक समाधान भी करता था। शिकायतें लिखित रूप से ली जाती थी, आईटी विभाग उनकी सूची बनाता था, संबंधित विभागों से कमेंट लिए जाते थे और बैठकों में इन पर खुलकर चर्चा होती थी। फोरम की सबसे बड़ी खासियत थी पारदर्शिता, मीडिया की उपस्थिति, आरटीआई के तहत पूरी जानकारी तक पहुंच, और जनता को सीधे बोलने का अवसर। यहां तक कि अनपढ़ नागरिक भी अपनी शिकायत लेकर फोरम में आ सकते थे। गुलाब चंद कटारिया के जनता दरबार में भी एडमिनिस्ट्रेटर फोरम की खासियतों को लेने की मांग सोशल एक्टीविस्ट व आरटीआई कार्यकर्ता आरके गर्ग ने की है।

गौरतलब है कि वर्तमान में चल रहा जनता दरबार हर बुधवार यूटी सचिवालय में आयोजित होता है, जहां ईमेल (adcgovpb@gmail.com) के जरिए भेजी गई शिकायतों में से चुने गए कुछ चुनिंदा लोगों को ही बुलाया जाता है। 10 सितंबर को हुई बैठक में मात्र 10 शिकायतकर्ता पहुंचे। इस फोरम में कई बार समस्याओं का त्वरित समाधान हो जाता है, लेकिन विभागों से जुड़े अफसरों व मीडिया की अनुपस्थिति और सीमित चयन प्रक्रिया पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

कहा जा रहा है कि इस जनता दरबार में पारदर्शिता कम है, और डिजिटल साक्षरता की कमी के चलते बड़ी संख्या में लोग इस प्रक्रिया से वंचित रह जाते हैं। दरबार ऐसा होना चाहिए जिसमें अंतिम लाइन तक में लगे व्यक्ति की सुनवाई हो जिसकी फिलहाल कमी है। जो लोग अनपढ़ या संसाधन रहित हैं, उन्हें भी अपनी शिकायत या बात रखने का मौका मिलना चाहिए।

### सम्मान, पारदर्शिता और सबकी भागीदारी जरूरी

पुराने और नए सिस्टम की तुलना करते हुए नागरिकों का कहना है कि 'एडमिनिस्ट्रेटर फोरम' में उन्हें अधिक सम्मान मिलता था। शिकायतकर्ता को बैठक में सम्मानपूर्वक बैठाया जाता था, अफसर मौजूद रहते थे, और समाधान लिखित रूप में दिया जाता था। इसके मुकाबले, जनता दरबार में शिकायतकर्ता को पहले से बुलावा न मिलने तक कोई अधिकार नहीं। कई लोगों को तो यह भी नहीं पता कि शिकायतें भेजनी कैसे हैं। लोगों को सम्मानपूर्वक बिठाया भी नहीं जाता। नागरिकों का कहना है कि इन्हीं नागरिकों की बदौलत राजनीतिज्ञ कुर्सी तक पहुंचे हैं लिहाजा जनता का सम्मान बहुत जरूरी है।

### विशेषज्ञों की राय: नया सिस्टम तेज़, लेकिन पुराना अधिक लोकतांत्रिक

विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान जनता दरबार तत्काल समाधान की दिशा में एक अच्छा प्रयास है, लेकिन इसकी पारदर्शिता और समावेशिता पर सवाल बने हुए हैं। वहीं पुराना फोरम न केवल शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुनता था, बल्कि उसे एक सार्वजनिक प्रक्रिया में बदलता था, जो लोकतंत्र की आत्मा है।

### क्या हो सकता है समाधान?

शहर के मौजिज नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने सुझाव दिया है कि वर्तमान जनता दरबार में पुराने फोरम की कुछ विशेषताओं को शामिल किया जाए। सैकेंड इनिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गर्ग की दलील है कि मीडिया को अनुमति दी जाए, अनपढ़ और ग्रामीण लोगों के लिए ऑफलाइन आवेदन की सुविधा हो, बैठक की रिपोर्ट आरटीआई के बिना भी सार्वजनिक की जाए, शिकायतकर्ता को अपील का अधिकार मिले। तभी यह जनता दरबार कारगर साबित हो सकता है और सही मायनों में इसकी मंशा साबित हो सकती है। उनका कहना है कि चंडीगढ़ जैसा योजनाबद्ध शहर, जिसकी पहचान ही नागरिक-केन्द्रित प्रशासन से जुड़ी रही है, वहां ऐसे फोरम की अहमियत और बढ़ जाती है। जनता दरबार में सुधार कर यदि पुराने एडमिनिस्ट्रेटर फोरम की अच्छाइयों को अपनाया जाए, तो यह मॉडल देशभर के लिए उदाहरण बन सकता है।




## नोकरियां यहां देखें

इंडियन ओवरसीज बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफीसर्स के
कुल पद: 127
आवेदन की अंतिम तिथि: 3 अक्टूबर, 2025
योग्यता:यूजी, बीटेक व अन्य
आयु सीमा:24 से 40 साल
करें आवेदन: ibps.in

एआईआईएमएस बिलासपुर में टीचिंग के
कुल पद: 90
आवेदन की अंतिम तिथि: 29 सितंबर 2025
योग्यता: डीएनबी
आयु सीमा: पद अनुसार
करें आवेदन: aiimsbilaspur.edu.in

एनएचएम मुर्शिदाबाद में एम ओ के कुल पद: 63
आवेदन की अंतिम तिथि:10 अक्टूबर, 2025
योग्यता: एमबीबीएस
आयु सीमा: पद के अनुसार
कन्या आवेदन: wbhealth.gov.in

बीपीएससी में असिस्टेंट प्रोफेसर के
कुल पद:18
आवेदन की अंतिम तिथि: 20 सितंबर ,2025
योग्यता: बीएचएमएस
आयु सीमा:27 से 45 साल
करें आवेदन bpsc.bihar.gov.in

सीजी व्यापम मे वार्ड बॉय के
कुल पद:50
आवेदन की अंतिम तिथि: 24 सितंबर, 2025
योग्यता: आठवीं पास
आयु सीमा:18 से 35 साल
करें आवेदन: vyapamcg.cgstate.gov.in

बीएसएससी सी जी एल में प्लानिंग असिस्टेंट के
कुल पद:1481
आवेदन की अंतिम तिथि: 19 सितंबर, 2025
योग्यता: यू जी
आयु सीमा
करें आवेदन: onlinebssc.com

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें

# विपक्ष ने स्पेशल हाउस बुलाने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर एवं लीडर ऑफ अपोजिशन ने कमिश्नर नगर निगम एवं सेक्रेटरी नगर निगम को प्रेजेंटेशन देकर स्पेशल हाउस बुलाने के लिए मांग की है।

सीनियर डिप्टी मेयर ने बताया कि सेक्शन 55 (2) के तहत जब मेयर शहर में ऑन लीव या अब्रॉड में हो, तब सीनियर डिप्टी मेयर 1/4 बहुमत के साथ स्पेशल हाउस बुला सकते हैं। इसलिए वो स्पेशल हाउस बुलाकर एजेंडे पर विस्तृत चर्चा करने के लिए कमिश्नर नगर निगम एवं सेक्रेटरी नगर निगम को ज्ञापन सौंप स्पेशल मीटिंग जल्द से जल्द बुलाए जाने की मांग की गई है, इस मुद्दे पर सारा विपक्ष एकजुट है।

सूचित किया जाता है कि विषय अनुभाग के अधिदेश के अनुसार आवश्यक संख्या में पार्षद, जनहित में मनीमाजरा स्थित पॉकेट संख्या 6 की भूमि के निपटान से संबंधित मुद्दे पर चर्चा हेतु 19.09.2025 को निगम की एक विशेष बैठक आयोजित करना चाहते हैं, क्योंकि




सार्वजनिक धन और परिसंपत्तियों के दुरुपयोग की आशंका है। इस संबंध में पूरक एजेंडा विपक्षी पार्षदों की अनुपस्थिति में गलत तरीके से पारित किया गया था। आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त एजेंडे पर विशेष सदन बुलाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करें।

# स्कूल बैग नीति 2020 की अनदेखी से चंडीगढ़ के बच्चों की पीठ पर बढ़ रहा बोझ

सैकेंड इनिंग्स एसोसिएशन ने दिया चंडीगढ़ प्रशासन को प्रस्ताव पत्र

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** राष्ट्रीय स्कूल बैग नीति 2020 के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद, चंडीगढ़ के स्कूलों में बच्चों को अब भी जरूरत से ज्यादा भारी बैग ढ़ोने को मजबूर किया जा रहा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर सैकेंड इनिंग्स एसोसिएशन ने चंडीगढ़ प्रशासन को एक प्रस्ताव पत्र सौंपा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गर्ग ने अपनी शिकायत में बताया है कि स्कूल बैग नीति का पालन न करने से बच्चों की शारीरिक सेहत और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। राष्ट्रीय स्कूल बैग नीति 2020, जिसे एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया था, के अनुसार कक्षा 1 से 10वीं तक के छात्रों का बैग उनके शारीरिक वजन का अधिकतम 10 फीसदी ही होना चाहिए। प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए बैग लाना पूरी तरह से निषेध है। कक्षा 1 (पहली) और तीन (3)तक के लिए कोई होमवर्क नहीं, और कक्षा तीन से पांच तक के लिए सप्ताह में अधिकतम 2 घंटे का होमवर्क ही होना चाहिए। स्कूलों को लॉकर्स, बुक बैंक और पीने का स्वच्छ पानी मुहैया कराना अनिवार्य है। आंकड़े साफ दर्शाते हैं कि चंडीगढ़ के स्कूलों में स्कूल बैग नीति का घोर उल्लंघन हो रहा है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि ज्यादातर स्कू लों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं है, जिससे बच्चों को भारी पानी की बोतलें स्कूल ले जानी पड़ती हैं। इससे बैग का कुल वजन और अधिक बढ़ जाता है। नीति में दी गई अन्य सुविधाएं जैसे लॉकर की व्यवस्था, बुक बैंक, और सीमित होमवर्क जैसी बातें भी कागजों तक ही सीमित हैं।

### वास्तविक उदाहरण जो दर्शा रहे हैं उल्लंघन

12 वर्षीय बच्चा, वजन: 42 किलोग्राम, बैग का वजन: 6.2 किलोग्राम (यानि लगभग 15 फीसदी)

7 वर्षीय बच्चा, वजन: 23 किलोग्राम, बैग का वजन: 4.5 किलोग्राम (यानि लगभग 20 फीसदी)

### सैकेंड इनिंग्स एसोसिएशन की अपील

आरके गर्ग ने चंडीगढ़ प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और कहा रि सरकार ने यह नीति बच्चों को भारी बैग से राहत देने के लिए बनाई थी, लेकिन चंडीगढ़ के स्कूल इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। हम मांग करते हैं कि स्कूल बैग नीति 2020 को ईमानदारी और पूरी भावना के साथ लागू किया जाए।

# एचआईवी नियंत्रण की दिशा में चंडीगढ़ ने तेज़ी पकड़ी, 95-95-95 लक्ष्य के करीब



**चंडीगढ़, 16 सितंबर (अप्रस)।** चंडीगढ़ एड्स नियंत्रण समिति की 33वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक मंगलवार को सचिव स्वास्थ्य अजय चगती की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एचआईवी की रोकथाम, जांच, उपचार और देखभाल से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई और यह संकल्प लिया गया कि चंडीगढ़ 95-95-95 के वैश्विक लक्ष्य को जल्द पूरा करेगा। यूएनएड्स द्वारा निर्धारित यह लक्ष्य है कि 95 फीसदी एचआईवी संक्रमित लोग अपनी स्थिति से अवगत हों। उनमें से 95 फीसदी लोग नियमित उपचार पर हों और उपचार पर चल रहे 95 फीसदी लोगों में वायरस पूरी तरह दब चुका हो। 5,300 से अधिक लोग वर्तमान में चंडीगढ़ में निशुल्क एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी प्राप्त कर रहे हैं, साथ ही उन्हें परामर्श और उपचार में बने रहने हेतु सहयोग दिया जा रहा है। चंडीगढ़ पहला और तीसरा 95 लक्ष्य पहले ही हासिल कर चुका है। यानि अधिकांश संक्रमित लोग अपनी स्थिति जानते हैं और उनमें से अधिकांश का वायरल लोड नियंत्रित है। अब ध्यान दूसरे 95 यानी सतत उपचार सुनिश्चित करने पर है।

# साक्षरता की ओर चंडीगढ़ का ऐतिहासिक कदम

## 'उल्लास' परियोजना से 15,305 व्यस्कों को मिलेगी नई रोशनी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़,16 सितंबर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'उल्लास - उज्जवल लिखाई और साक्षरता' के अंतर्गत चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने प्रदेश को 100 फीसदी साक्षर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस परियोजना का लक्ष्य वयस्क अशिक्षित नागरिकों को पढ़ना-लिखना सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। टीम उल्लास के नेतृत्व में अब तक 15,305 वयस्क निरक्षरों की पहचान की जा चुकी है, जिन्हें पढ़ाने का जिम्मा शिक्षकों और वॉलंटियर्स ने उठाया है। प्रत्येक शिक्षार्थी को एक वॉलंटरी शिक्षक से जोड़ा गया है, जो उन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। शिक्षा निदेशक हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ और प्रिंसिपल श्रीमती राज बाला



(जीएमएसएस सेक्टर 33) के समन्वय में गठित 18 सदस्यीय स्टेट रिसोर्स ग्रुप लगातार ज़मीनी कार्य की निगरानी कर रहा है। शहर के सभी सरकारी स्कूलों में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां स्कूल समय के खाली पीरियड्स में शिक्षकों द्वारा वयस्कों को पढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही पार्कों, सामुदायिक भवनों और धार्मिक स्थलों पर भी कक्षाएं चलाई जा रही हैं। उल्लास पाठ्यक्रम को जीवन उपयोगी बनाया गया है, जिसमें स्थानीय भाषा में पढ़ना-लिखना, बुनियादी गणित, और डिजिटल साक्षरता जैसे विषय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक अशिक्षितों को जोड़ा जा रहा है। इस परियोजना के तहत पहली बड़ी परीक्षा रविवार, 21 सितम्बर 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लचीले समय में होगी, ताकि कामकाजी वयस्क भी आसानी से भाग ले सकें।

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पीएम मोदी के जन्मदिन पखवाड़े के रूप में मनाया मनाया जाएगा: मल्होत्रा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस और महात्मा गांधी की जयंती को समर्पित सेवा पखवाड़ा के लिए तैयारियों की जानकारी दी। सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देशभर में किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय कमलम में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का मूल भाव ÷सेवा ही संगठन÷ है। इस अवधि में भाजपा कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक पहुँचकर सेवा, सहयोग और समर्पण का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित रहा है और इस अवसर पर पार्टी




कार्यकर्ता विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन मूल्यों को समाज तक पहुँचाएँगे।

उन्होंने आगे बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और पोषण जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, डिजिटल साक्षरता और दिव्यांग व जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, प्रत्येक कार्यक्रम में संकल्प भी कराया जाएगा ताकि जनता राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ सके।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी, महामंत्री संजीव राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पंचाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा की महामंत्री प्रिया पासवान और प्रदेश मीडिया इंचार्ज रवि रावत उपस्थित रहे।

# त्योहारों से पहले शहर की रामलीला समितियों और पटाखा विक्रेताओं ने अरुण सूद के साथ डीसी से मुलाकात की

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 सितम्बर।** आज चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व महापौर अरुण सूद ने शहर की रामलीला समितियों, पटाखा विक्रेताओं के संघ, संयुक्त कर्मचारी संघ और सुभाष नगर टेंपल एसोसिएशन मनीमाजरा के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ शहर के उपायुक्त निशांत यादव से मुलाकात की। हाल ही में अरुण सूद और उनके प्रतिनिधिमंडल द्वारा सिंगल विंडो परमिशन की मांग के बाद जिला प्रशासन ने रामलीला समितियों और पटाखा विक्रेताओं की सभी अनुमतियों के लिए सिंगल विंडो परमिशन सुविधा की लंबित मांग को मान लिया था और यह सुविधा शुरू हो चुकी है। प्रतिनिधि मंडल ने इसके लिए डीसी और प्रशासन का धन्यवाद किया।

रामलीला समितियों और पटाखा विक्रेताओं ने सीपीडीएल (एक निजी बिजली वितरण कंपनी) के



साथ एक ही दिन में बिजली कनेक्शन की अनुमति और मीटर लगाने की समस्या का एक और मुद्दा उठाया। डीसी ने चंडीगढ़ बिजली विभाग के अधिकारियों को रामलीला आयोजकों को होने वाली समस्याओं से बचने के लिए सी पी डी एल के साथ मिलकर एक ही दिन में निरीक्षण और मीटर लगाने की सुविधा को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पटाखा विक्रेताओं ने त्योहारों से पहले पटाखे ट्रांसपोर्ट करने और स्टॉक करने के लिए बिक्री परमिट जल्द जारी करने और सेक्टर 43 तथा मनीमाजरा में पटाखा बिक्री जारी करने का अनुरोध किया। सुभाषनगर मंदिर समिति ने मंदिर के ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया क्योंकि यह एक प्राचीन मंदिर है। संयुक्त कर्मचारी संघों ने शहर के कर्मचारियों की अपनी माँगें रखीं। बाद में, अरुण सूद और सभी प्रतिनिधिमंडलों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को उनकी माँगों को धैर्यपूर्वक सुनने और सकारात्मक निर्णय के लिए धन्यवाद दिया। चिराग अग्रवाल, अशोक चौहान, विशाल गुप्ता, दीपक महाजन, कुलदीप कुमार, प्रदीप कुमार भी अरुण सूद के साथ बैठक में शामिल हुए।

### नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए थाना पुलिस एक्शन में

# हेरोइन सप्लाई करने वाले आरोपी को किया काबू

आरोपी के कब्जे से 11.55 ग्राम हेरोइन बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और यूटी पुलिस के डीजीपी डॉक्टर सागर प्रीत हुडा के दिशा निर्देशों के चलते उनका पूरा प्रयास है कि शहर को ड्रग फ्री बनाना। जिसको लेकर यूटी पुलिस लगातार प्रयास कर रही हैं।और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों की धरपकड़ कर रिकवरी भी कर रही है।वही यूटी साउथ डिविजन की थाना 31 पुलिस ने आदेशों की पालना करते हुए नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए और अपराधिक वारदातो को अंजाम देने वालों पर अपना पूरी तरह से शिकंजा कसते हुए उक्त थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने हेरोइन की सप्लाई



करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11.55 ग्राम हेरोइन बरामद की।पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के जिला मोहाली जगतपुरा के रहने वाले अंशु कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम शामिल सब इंस्पेक्टर राज कुमार अन्य पुलिस पार्टी के साथ 15 सितंबर को थाना क्षेत्र एरिया में गश्त कर रहे थे।समय करीब साढ़े 4 बजे का होगा। जैसे ही पुलिस पार्टी गांव फेदा के पास पहुंची तो एक शख्स अपनी पीठ पर एक बैग लटका रखा था। पुलिस पार्टी को देखकर उसने तेजी से पीछे मुड़ने की कोशिश की।शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उसे हिरासत में लेकर उसके बैग की तलाशी लेने पर उसके पास से 11.55 ग्राम हेरोइन और पॉलीथीन बरामद हुई।लेकिन वह इसके लिए कोई लाइसेंस/परमिट नहीं दिखा सका। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कारवाई करते हुए आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।बता दे कि थाना 31 पुलिस ने हाल ही में एरिया से शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे आरोपी बीसी पंकज कबाड़ी को 15 शराब की पेटियों समेत गिरफ्तार किया था। जिसके खिलाफ 26 मामले दर्ज पाए गए थे। वहीं थाना पुलिस की टीम ने हाल ही में पीसीआर गाड़ी पर पत्थरों,डंडों हमला और धमकी देने के मामले में दो नाबालिग समेत 8 आरोपियों को हिरासत में लिया था।

इससे पहले भी थाना पुलिस की टीम ने एरिया में नशीले पदार्थों की सप्लाई को रोकथाम को लेकर, गुंडागर्दी, अपराधिक वारदातो को अंजाम देने वालों पर अपना पूरी तरह से शिकंजा कसते हुए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार का कहना है कि अगर किसी भी अपराधी ने एरिया में किसी भी वारदात को अंजाम दिया तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। थाना पुलिस की टीम आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते एरिया में लगातार पेट्रोलिंग और जगह जगह पर नाके लगा कर वाहनों की चेकिंग और संदिग्ध लोगो से पूछताछ कर रही है।





# नायब सैनी जनता के सीएम, विपक्ष माने या न माने कोई फर्क नहीं पड़ता : बेदी

कैबिनेट मंत्री की विपक्ष को नसीहत,जनता हर चीज का करती है आकलन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 सितंबर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने विपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी को सीएम न माने पर को लेकर दिए गए बयान पर पलटवाकर करते हुए कहा कि नायब सैनी जनता के सीएम हैं। विपक्ष उन्हें सीएम मान या न माने कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने इनेलो का नाम लिए बना तंज कसा कि जब उनकी सरकार थी तो उन्होंने किसी को सम्मान नहीं दिया। यहां तक कि अपने मंत्री व विधायकों का भी सम्मान नहीं किया। अब वे कहते हैं कि मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री नहीं मानते, तो मत मानो।

मंत्री कृष्ण बेदी मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित भाजपा विधायक दल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा न केवल चुनाव लड़ा, बल्कि 48 विधायक जीतकर आए और तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। विपक्ष के हाल का सबको पता है। लोक आकलन करके वोट देते हैं। वे लोगों के आकलन में कहीं नहीं ठहरते हैं, फिर ये ईवीएम पर आरोप लगाते हैं। विपक्ष भी लोगों की नजरें रहती हैं कि विपख के नेता क्या ब्यान दे रहे हैं और कौन से मुद्दा उठा रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री कृष्ण बेदी ने केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी में सुधारों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को इस सुधार की घोषणा की थी और केवल 20 दिनों के भीतर इस घोषणा को पूरा कर दिया गया। इसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को बेहकर करना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

कृष्ण बेदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व की कांग्रेस की सरकार जीएसटी को लागू नहीं कर पाई। कांग्रेस ने कई अलग अलग तरह के टैक्स लगा रखे थे। जिससे आम लोगों, व्यापारियों आदि को नुक्सान होता था। विपक्ष के नेता 40 प्रतिशत जीएसटी स्लैब का विरोध कर रहे हैं। वो बताएं कि क्या तंबाकू जैसे उत्पादों पर भी 5 प्रतिशत टैक्स लगाया जाए। जीएसटी सुधार से मंहगाई में बड़ी कमी आई है। कृष्ण बेदी ने कांग्रेस के वोट चोरी अभियान को लेकर कहा कि महात्मा गांधी विचार धारा पर देश चलता है। सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। अगर उनको रैली करनी है लोगों के बीच जाना है। वो जा सकते हैं यह प्रजातंत्र है। लेकिन लोगों को उनकी बात पर कितना विश्वास होगा यह लोग तय करेंगे।

# गढ़ शहजानपुर में विधायक कृष्णा गहलावत ने 50 लाख रुपए की लागत से दबाई जा रही सीवर लाइन के कार्य का शुभारंभ किया

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**राई।** राई हल्के के गांव गढ़ शहजानपुर में विधायक कृष्णा गहलावत व नगर निगम मेयर राजीव जैन ने 50 लाख रुपए की लागत से दबाई जा रही सीवर लाइन के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। विधायक कृष्णा गहलावत व नगर निगम मेयर राजीव जैन का गांव में पहुंचने पर निगम पार्षद रानी प्रवीन सैनी पार्षद, ओमप्रकाश राणा, रविंद्र सैनी, राजपाल सैनी, राधेश्याम सैनी, अनिल आदि ने फूलमालाओं से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि 50 लाख की लागत से दबाई जा रही सीवर लाइन का जल्दी काम पूरा होगा और इसके दबाए जाने के बाद दूषित पानी निकासी का भी समाधान होगा।


**भारतीय स्टेट बैंक**
SBI
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-04 धर्मशाला, अमन प्लाजा, गांव-बरोल पीओ-दारी, तहसील-धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हिप्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना
'एसयूवी' और 'हैचबैक' की हायरिंग

हम चालक सहित 2 एससी कारें, एक एसयूवी और एक हैचबैक की हायरिंग कर रहे हैं। वाहन 3 वर्षों के लिए मासिक किराये पर लिए जाएंगे। वाहन के रखरखाव की लागत और चालक के खर्चे वाहन के स्वामी द्वारा स्वयं वहन किए जाएंगे। इच्छुक आवेदकइस कार्यालय पर उपलब्ध निर्दिष्ट प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं और उसे 22.09.2025 को अप. 01.00 तक जमा कर सकते हैं। वाहनों की हायरिंग के लिए सभी नियम एवं शर्तें केवल बैंक द्वारा निश्चित की जाएंगी। स्थानीय वेंडरों कोअधिमान प्रदान किया जाएगा। किराये पर लिये गए वाहनों अवकाशों सहित 24*7 उपलब्ध होने हेतु तैयार होंगे तथा बैंक द्वारा जब भी आवश्यकता होगी तो कॉल की जा सकती है। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी समय पर किराये के वाहनों के साथ एग्रीमेंट समाप्त करने अथवा किसी/सभी प्रस्तावों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा इस संबंध में कोई पत्राचार विचारणीय नहीं होगा। **क्षेत्रीय प्रबंधक**


# इनेलो सेवक' एप बनेगा जन समस्या समाधान का विकल्प : अभय चौटाला

अभय का आरोप,2024 में बाबू-बेटे ने दिया जनता को धोखा

2019 में यमुना पार का नारा देने वालों ने बनवाई भाजपा सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** जन समस्याओं के समाधान को लेकर इनेलो ने बड़ी पहल की है। अब आम जनता मोबाइल एप के जरिये सीधे इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला को अपने शिकायतें व जन समस्याएं भेज सकेंगे। मंगलवार को इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने इनेलो सेवक एप को लांच किया। अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो सेवक एप जन समस्या समाधान का बड़ा विकल्प बनेगा।

मंगलवार को एमएलए हॉस्टल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो सेवक एप के जरिये लोग सीधे मुझसे जुड़ सकेंगे, जिसमें लोग अपनी समस्याओं के बारे में बताएंगे। इसके बाद इनेलो की ओर से जन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को लिखा जाएगा और समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। एप पर आने वाली शिकायतों का डाटा हर 15 दिन बार मीडिया को भी जारी किया जाएगा। अभय चौटाला ने आरोप लगायाकि सरकार द्वारा सीएम विंडो की शुरुआत की गई थी, सीएम विंडो के जरिये लोगों को गुमराह किया गया, इससे किसी को न्याय नहीं मिला। मगर हम इनेलो सेवक एप के जरिये जनता को न्याय दिलाएंगे।

पत्रकारवार्ता के दौरान अभय चौटाला ने कहाकि 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाले चौधरी देवीलाल के सम्मान दिवस पर युवा संकल्प लेंगे कि जब तक राज में बदलाव नहीं होगा तब तक वे लड़ाई लड़ेंगे। अभय ने आरोप लगाया कि प्रदेश में एक साल के भाजपा शासन से लोग ऊब चुके हैं,क्योंकि विपक्ष पूरी तरह खत्म हो चुका है और लोग सरकार के गलत फैसलों की वजह से मायूस हैं। जनता का आरोप है कि बाबू-बेटा (भूपेंद्र हुड्डा-दीपेंद्र हुड्डा) ने जनता को धोखा दिया।

उन्होंने कहा कि 2019 में भाजपा 40 पर आ गई थी, लेकिन 10 लोग चौधरी देवीलाल का नाम लेकर जीत कर आए। वो लोग भाजपा को बाहर करने की बात करते थे, लेकिन भाजपा को समर्थन देकर सरकार बनाई अब अब उन लोगों को जनता ने बाहर कर दिया। अभय ने आरोप लगाया कि भूपेंद्र हुड्डा ने जानबूझकर कांग्रेस के उम्मीदवारों को हराया और जीतने वाले उम्मीदवारों की टिकट भी कटवाई।









अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)